✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 75 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 10 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com





पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला सह चिंतन शिविर का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला सह चिंतन शिविर का उद्घाटन

# परीक्षा व्यवस्था में कई स्तरों पर सुधार की जरूरत : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ने, स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने और विभागीय कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर पटना के अधिवेशन भवन में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला सह चिंतन शिविर शुरू हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसका उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार का इतिहास शिक्षा के क्षेत्र में बेहद गौरवशाली रहा है। यह क्षेत्र कभी दुनिया के प्रमुख शिक्षा केंद्रों में शामिल था। उन्होंने कहा कि बिहार ने अखंड भारत का सपना देखा था और ज्ञान की परंपरा भी इसी धरती से मजबूत हुई लेकिन समय के साथ शिक्षा व्यवस्था की स्थिति बदली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सबसे बड़ी चिंता यह है कि शिक्षा समाज के हर वर्ग तक कैसे पहुंचे। आर्थिक रूप से सक्षम परिवार अपने बच्चों को बेहतर निजी स्कूलों या दूसरे राज्यों में पढ़ाने में सक्षम हैं लेकिन गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल ही सबसे बड़ा सहारा हैं। इसलिए सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि गरीब बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर सकें। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के बच्चे पढ़ाई के लिए कोटा जैसे शहरों में जाते हैं और वहां बिहार के शिक्षक ही उन्हें पढ़ाते हैं। ऐसे में चिंतन का विषय यह है कि वही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बिहार में क्यों नहीं उपलब्ध कराई जा सकती। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर कहा कि सरकार को बहाली तक चिंता करनी है लेकिन बहाली के बाद सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि शिक्षक स्कूल जाकर पढ़ा रहे हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक की पोस्टिंग कहां है, यह उतनी बड़ी चिंता नहीं है, जितना यह देखना जरूरी है कि वह अपने विद्यालय में जाकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं या नहीं। यदि कोई शिक्षक स्कूल नहीं जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह चिंतन शिविर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाने का भी माध्यम है कि सरकार की योजनाओं का अंतिम उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की प्रस्तावित ऑनलाइन व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से ऐसी व्यवस्था शुरू करने की तैयारी है जिसके तहत रात 11 बजे तक भी ऑनलाइन माध्यम से बच्चों को बिहार के शिक्षक पढ़ा सकेंगे। इस व्यवस्था के जरिए तकनीक का इस्तेमाल कर बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री और शिक्षकों का सहयोग पहुंचाने की कोशिश होगी। मुख्यमंत्री ने बिहार में प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं की व्यवस्था में सुधार को भी बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में कई स्तरों पर सुधार की जरूरत है और इसके लिए राज्यस्तरीय कमेटी गठित करने की योजना है। परीक्षा जैसे संवेदनशील सिस्टम में एक व्यक्ति की गलती भी पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर सकती है। यदि प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी होती है तो युवाओं के बीच यह भावना पैदा होती है कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सरकार के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा आयोजित करना बड़ी जिम्मेदारी है।



## 100 करोड़ की प्रॉपर्टी वाला फर्जी आइएएस गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**खगड़िया।** खगड़िया पुलिस ने एक फर्जी आइएएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनीष कुमार गुप्ता उर्फ चिक्कू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह खुद को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का 'अंडरकवर एजेंट' बताकर लोगों से ठगी करता था। जिला अपराध इकाई और गोगरी पुलिस की संयुक्त टीम ने गोगरी थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार स्थित उसके ठिकाने पर करीब साढ़े सात घंटे तक छापेमारी की। यह कार्रवाई शनिवार दोपहर 1 बजे से रात करीब 8:30 बजे तक चली। आरोपी के पास 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति होने की जानकारी मिली है। उसके पास एक आलीशान बंगला और कई महंगी गाड़ियां भी मिली हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लग्जरी गाड़ियां जब्त कीं, जिनमें टेस्ला वाई और डाइकोर सफारी शामिल हैं। दोनों गाड़ियों पर 'भारत सरकार' लिखा हुआ है। पूरे भारत में सिर्फ 250 ही ड्राइवरलेस कार है। सरकार की अनुमति के बाद ही इसे खरीद सकते है। पुलिस अब इन गाड़ियों के दस्तावेज और सरकारी पहचान की जांच कर रही है। आरोपी के घर से विदेशी शराब की बोतलें भी बरामद हुई है। इनमें से एक बोतल की कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष कुमार गुप्ता खुद को अजीत डोभाल का कवर एजेंट बताता था। वो लंबे समय से खुद को आइएएस अधिकारी बताकर बिहार के अलग-अलग जिलों से ठगी करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त 192 सहायक प्राध्यापक आज देंगे योगदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विवि के अंतर्गत 16 नए डिग्री कॉलेजों के लिए चयनित 192 सहायक प्राध्यापकों के लिए रविवार को एएन कॉलेज पटना में उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य नवनियुक्त शिक्षकों को विवि की कार्यप्रणाली, नियम और विनियम, शैक्षणिक अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराना था। सभी सहायक प्राध्यापक आवंटित कॉलेजों में सोमवार को योगदान देंगे।

### सात दिवसीय तिरंगा यात्रा आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से 10 से 17 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को पटना में होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जेपी गोलंबर से कारगिल चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 10 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद 17 अगस्त तक राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### तरैया थाना प्रभारी धीरज निलंबित

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार को सरकारी संपत्ति से संबंधित एक मामले में लापरवाही और अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के कारण निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा कांड की समीक्षा के दौरान सरकारी संपत्ति की सुरक्षा में लापरवाही, अनुसंधान में गंभीर लापरवाही और कर्तव्यहीनता पायी गयी। स्पष्टीकरण को असंतोषप्रद पाए जाने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।

## पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन सगे भाइयों की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रविवार सुबह एक हृदय विदारक हादसा सामने आया। घर के पास खेल रहे तीन सगे मासूम भाई पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूब गए जिससे तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर है जबकि पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव गड्ढे से बाहर निकाले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया। यह हादसा जिले के कसबा थाना क्षेत्र के कुल्लाखास पंचायत के वार्ड संख्या-07 स्थित आलमनगर में रविवार सुबह हुआ। मृतकों की पहचान मो. मोफिजूल (11), मो. तफीजूल (9) और सैराजुल (7) के रूप में हुई है। मृतक बच्चों के पिता आलमगीर ने बताया कि रविवार सुबह करीब आठ बजे तीनों बेटे घर के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते वे घर से करीब 100 मीटर दूर धर्मकांटा के पास बने एक गहरे गड्ढे के पास पहुंच गए। संतुलन बिगड़ने से तीनों पानी से भरे गड्ढे में गिर गए और डूब गए। वहां मौजूद अन्य बच्चों ने दौड़कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब तक परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को स्कॉर्पियो ने रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मधुबनी।** जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। स्टेट हाईवे-27 पर जगदंबा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित काले रंग की स्कॉर्पियो ने मॉर्निंग वॉक से लौट रही छह महिलाओं के समूह को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतकों की पहचान अरेर थाना क्षेत्र के धकजरी नवटोली गांव निवासी पच्चू साह की 42 वर्षीय पत्नी रीता देवी, राजू महतो की 40 वर्षीय पत्नी किरण देवी और अरुण झा की 70 वर्षीय पत्नी फूल दाई देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव की छह महिलाएं प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए इसी मार्ग पर जाती थीं। रविवार को भी सभी महिलाएं वॉक कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान जगदंबा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इसके चलते जगदंबा पेट्रोल पंप के पास सड़क के दोनों ओर करीब एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही बेनीपट्टी और अरेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि परिजनों तथा आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं पुलिस फरार चालक और वाहन की तलाश के साथ पूरे मामले की जांच में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद धकजरी नवटोली गांव में मातम पसरा हुआ है और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

## ट्रक में घुसी बाइक, डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन ने तोड़ा दम

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।।** जिले के सिंघिया चौक के पास शनिवार की देर रात बाइक और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान एकडारा गांव निवासी होम्योपैथिक डॉक्टर गौतम कुमार और भरपुर गांव निवासी देवनारायण सिंह के 22 वर्षीय पुत्र कुणाल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुणाल लैब टेक्नीशियन था जबकि गौतम कुमार पिछले करीब 20 वर्षों से पंचवटी चौक पर होम्योपैथिक क्लिनिक चला रहे थे। विभूतिपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हुई है जबकि तीसरे घायल का इलाज चल रहा है।

## ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री

# जो खेलेगा, वो खिलेगा : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनकी मेहनत व समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए कहा कि जो खेलेगा, वो खिलेगा। हमेशा भारत के लिए चीयर करें। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा-एथलेटिक्स समेत कई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी सफलता को अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम आगे भी लहराने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों को देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है बल्कि इससे देश के बच्चों और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं और भारतीय खेल प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाने पर जोर दिया। महिला 51 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज साक्षी चौधरी भी प्रधानमंत्री से मिलने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहीं। मुलाकात के बाद साक्षी ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सभी पदक विजेताओं के लिए प्रधानमंत्री से मिलना गर्व का पल रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बेहद सहज और विनम्र हैं और खिलाड़ियों ने उनके साथ मुलाकात का काफी आनंद लिया। ग्लासगो में भारत ने कुल 39 मेडल अपने नाम किए, जिसमें 13 स्वर्ण शामिल रहे। भारतीय खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा और मजबूत तैयारी का परिचय दिया। बॉक्सिंग में भारत का प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा और भारतीय मुक्केबाजों ने रिकॉर्ड 10 पदक जीते।

## शिक्षा में ज्ञान, तकनीक एवं नैतिकता का समन्वय आवश्यक : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने रविवार को कहा कि एआई कभी भी शिक्षक का विकल्प नहीं बनेगी। इसका उपयोग शिक्षकों को सहयोग देने, बच्चों की सीखने की जरूरतों को समझने और बेहतर निर्णय लेने में सहायता के लिए किया जाएगा। तकनीक तभी समावेशी होगी जब वह बच्चों तक उनकी अपनी भाषा में पहुंचेगी। राजधानी स्थित अधिवेशन भवन में शिक्षा विभाग के दो दिवसीय चिंतन शिविर के आरंभ के मौके पर उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ज्ञान, तकनीक, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के समन्वय पर जोर देना होगा। माडल स्कूल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे से लोगों की अपेक्षाएं बढ़ीं हैं। इनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान जरूरी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एआई कुछ ही क्षणों में उत्तर उपलब्ध करा सकता है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि बच्चे सिर्फ उत्तर जानने वाले नहीं बनें, सही सवाल पूछना भी सीखें। वे तकनीक का उपयोग करें लेकिन उसके दास न बनें। राज्य सरकार बच्चों के साथ शिक्षकों को भी तकनीक से जोड़कर उनकी क्षमता बढ़ाने का प्रयास कर रही है।






# हमने चोरी पकड़ ली है, छात्रों को मिलेगा न्याय : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



झारखंड आदिवासी महोत्सव को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव 2026 के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में चल रहे छात्र आंदोलन को लेकर बड़ा संदेश दिया। उन्होंने आंदोलनरत छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी मांगों और अधिकारों को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को न्याय मिलेगा और मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छात्र-छात्राएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार उनकी बातों को खुले तौर पर सुन रही है और पूरे मामले को गंभीरता से देख रही है। उन्होंने छात्रों से भरोसा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ है और उनके अधिकारों के सवाल पर संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के साथ राज्य में कई गतिविधियां भी चल रही हैं। इसी बीच छात्र-छात्राएं अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आंदोलन कर रहे छात्रों की बातों को सुन रही है और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास कर रही है। सीएम ने मीडिया के माध्यम से आंदोलनरत छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि राज्य सरकार सवा तीन करोड़ जनता के प्रति संवेदनशील है। सरकार की चिंता केवल किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है बल्कि पढ़े-लिखे, अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोगों, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों समेत समाज के सभी वर्गों के हितों को लेकर है। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारों और मांगों को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं, सरकार उन मामलों को गंभीरता से देख रही है। मुख्यमंत्री के मुताबिक सरकार की ओर से मामले में दिखाई गई गंभीरता के कारण ही छात्रों को अपनी बात रखने और आंदोलन करने का अवसर मिला है। छात्र आंदोलन और परीक्षा से जुड़े विवादों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने चोरी पकड़ ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंदोलनरत छात्रों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्रों को न्याय मिलेगा और दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। सीएम ने छात्रों से विश्वास बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं और छात्रों के भविष्य को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। मुख्यमंत्री ने अपने भावनात्मक अंदाज में कहा कि वह इसी मिट्टी में जन्मे हैं और इसी मिट्टी में दफन भी होंगे।

# बिहार भूमि पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाओं से राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी : जायसवाल

## दाखिल-खारिज में 66.31% और इ-मापी में 75.56% मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजस्व सेवाओं के ऑनलाइन होने और विभागीय स्तर पर लगातार निगरानी के कारण मामलों के निष्पादन की गति में तेजी आई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि एकीकृत बिहारभूमि पोर्टल पर राजस्व सेवाओं के ऑनलाइन उपलब्ध होने से आम लोगों को आसानी से सुविधाएं मिल रही है और मामलों के निष्पादन में तेजी आई है। विभाग का लगातार प्रयास है कि राजस्व से जुड़ी सेवाएं पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से आमलोगों तक पहुंचे। विभाग द्वारा आम लोगों को त्वरित, पारदर्शी और सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार समीक्षा और कार्रवाई की जा रही है। राजस्व मंत्री ने कहा कि 7 अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस और ई-मापी जैसी महत्वपूर्ण राजस्व सेवाओं में बड़ी संख्या में मामलों का निष्पादन किया गया है। पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर में शिविर लगाकर लिए गए राजस्व महा-अभियान के आवेदनों के निष्पादन में भी तेजी आई है। ऑनलाइन दाखिल-खारिज सेवा के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6 लाख 97 हजार 862 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पूर्व के लंबित मामलों को मिलाकर कुल लगभग 8.30 लाख मामलों में से 5 लाख 50 हजार 426 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। वहीं, विभिन्न कारणों से 45,903 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन की दर 66.31 प्रतिशत रही है। डिजिटाइज्ड जमाबंदी से संबंधित परिमार्जन प्लस के तहत कुल 10 लाख 22 हजार 718 मामले दर्ज किए गए जिनमें से 6 लाख 86 हजार 261 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। इन मामलों के निष्पादन की दर 67.10 प्रतिशत है। इसी प्रकार छूटी हुई जमाबंदी के तहत 3 लाख 92 हजार 341 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 2 लाख 24 हजार 672 मामलों का निष्पादन हो चुका है। इस श्रेणी में निष्पादन की दर 57.26 प्रतिशत रही है। राजस्व महा-अभियान के तहत राज्यभर में मिले 46 लाख से अधिक आवेदनों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आवेदनों के स्कैनिंग का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। मात्र 13 हजार 663 मामले स्कैनिंग के लिए लंबित हैं। वहीं मात्र 6 लाख 37 हजार 108 मामले आवेदन स्तर पर लंबित हैं। इस महा-अभियान के 31.29 प्रतिशत मामलों का निष्पादन कर लिया गया है। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और सचिव जय सिंह के स्तर से राजस्व सेवाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निष्पादन करने के निर्देश दिया गया है। विभाग का जोर राजस्व सेवाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने पर है, ताकि आम नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से अधिकतम सुविधा मिल सके। उन्हें बेवजह कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े।

# इ-विधान व्यवस्था के अनुरूप बिहार विधानसभा की नियमावली में होगा आवश्यक संशोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में नियम समिति की बैठक हुई। बैठक में ई-विधान व्यवस्था के अनुरूप बिहार विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में आवश्यक संशोधन करने पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बदलते समय और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के अनुरूप विधानसभा की कार्यप्रणाली में बदलाव समय की मांग है। बिहार विधानसभा ने ई-विधान व्यवस्था अपनाकर डिजिटल विधानसभा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचना, कार्य स्थगन प्रस्ताव, निवेदन, याचिका तथा अन्य संसदीय सूचनाओं को ऑनलाइन माध्यम से सदन के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की स्पष्ट वैधानिक व्यवस्था नियमावली में सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संशोधनों का उद्देश्य केवल कागजी प्रक्रिया को डिजिटल स्वरूप देना नहीं, बल्कि सदस्यों को सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराना, सूचनाओं के निस्तारण में समय बचाना, अभिलेखों को सुरक्षित रखना तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। नियमों में संशोधन के दौरान सदस्यों के संसदीय अधिकार और अध्यक्षीय विवेकाधिकार अक्षुण्ण रखे जाने चाहिए। बैठक में नियमावली के विभिन्न प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के बाद तीन प्रमुख प्रस्तावों पर सहमति बनी। कारा सुधार समिति से संबंधित नियम एवं प्रावधानों को प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में शामिल करने, शून्यकाल सहित ध्यानाकर्षण, कार्य स्थगन, निवेदन, याचिका एवं गैर सरकारी संकल्प को ऑनलाइन प्रस्तुत करने संबंधी नियमों में संशोधन तथा आवास समिति के कृत्यों के विस्तार का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बैठक में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं लेशी सिंह तथा सदस्य तारकिशोर प्रसाद और आलोक कुमार मेहता उपस्थित रहे। इसके बाद डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक हुई। इसमें लगभग दो-तीन दशक पूर्व गठित एक विशेष समिति के प्रतिवेदन एवं अनुशंसाओं के अनुपालन की समीक्षा की गई। समिति ने तय किया कि पहले लंबित मामलों की समीक्षा होगी और आवश्यक होने पर लंबित कार्रवाई को समाप्त मानते हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, केदार प्रसाद गुप्ता तथा सदस्य आलोक मेहता, अरुण मांझी और माधव आनंद उपस्थित रहे।

# 'वंदे मातरम' को अर्थ सहित किया गया प्रकाशित, राष्ट्रगान और बिहार गीत भी शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** शिक्षा विभाग की ओर से अधिवेशन भवन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला-सह-चिंतन शिविर का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने संयुक्त रूप से लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा संपादित 'वंदे मातरम' बुकलेट तथा शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी द्वारा लिखित 'वंदे मातरम' पुस्तक का लोकार्पण किया। मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा संपादित 'वंदे मातरम' बुकलेट को विशेष रूप से इस उद्देश्य से तैयार किया गया है कि लोग राष्ट्रगीत के भाव और अर्थ को आसानी से समझ सके और दूसरों को भी समझा सके। बुकलेट में 'वंदे मातरम' के मूल पाठ के साथ उसका विस्तृत अर्थ भी प्रकाशित किया गया है। बुकलेट की खासियत यह है कि इसमें 'वंदे मातरम' के अलावा राष्ट्रगान और बिहार गीत को भी शामिल किया गया है। इस तरह एक ही प्रकाशन में राष्ट्रीय गौरव के साथ बिहार की सांस्कृतिक पहचान को भी स्थान दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। 'वंदे मातरम' को अर्थ सहित प्रकाशित करने की पहल को नई पीढ़ी तक राष्ट्रभावना और राष्ट्रीय विरासत को सहज रूप से पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# विकसित भारत-जी राम जी योजना से संवरेगी पंचायतों की तस्वीर

## 15 अगस्त तक राज्य स्तर पर चलायी जाएगी मुहिम, ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं से रुबरू होंगे स्थानीय जनप्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार का ग्रामीण विकास विभाग राज्य के गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। केंद्र सरकार की नई और महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत-जी राम जी (वीबी-जी राम जी) के कुशल कार्यान्वयन और धरातल पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में पंच सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में लखीसराय, मुजफ्फरपुर, कैमूर, कटिहार, सारण आदि जिलों में पंच सम्मेलनों का सफल आयोजन किया गया जिसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों विशेषकर मुखिया, पंचों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया। यह राज्यव्यापी जागरुकता अभियान आगामी 15 अगस्त तक बिहार की सभी ग्राम पंचायतों में निरंतर आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का कहना है कि इस पंच सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को पुरानी मनरेगा और 1 जुलाई 2026 से लागू हुई नई विकसित भारत- जी राम जी योजना के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से समझाना है। सम्मेलन के सहारे पंचायतों को यह सिखाया जा रहा है कि वे कैसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप साक्ष्य-आधारित विकास योजनाएं तैयार करें ताकि योजनाओं का लाभ सीधे और सही रूप में ग्रामीणों को मिल सके। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि विकसित भारत- जी राम जी कार्यक्रम केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने का मुख्य आधार है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती मनरेगा में जहां प्रतिवर्ष 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं इस योजना में इसे बढ़ाकर 125 दिनों की गारंटीकृत रोजगार कर दिया गया है। योजना के तहत समय पर पारदर्शी डिजिटल भुगतान और अनिवार्य बेरोजगारी भत्ते का कानूनी प्रावधान किया गया है। पुराने ढर्रे से इतर, नई योजना में विकास कार्यों को चार स्पष्ट और परिणामोन्मुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, गांवों में टिकाऊ और मजबूत अवसंरचना निर्माण, आजीविका के क्षेत्र में उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला और हरित विकास करना शामिल है।

# संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी, परिवहन विभाग ने नावों से संबंधित जानकारी मांगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मानसून अवधि के दौरान संभावित बाढ़ की तैयारी को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने जिलों से नावों की जानकारी मांगी है। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों को पत्र लिखकर इससे संबंधित विस्तृत सूचना मांगी है। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने जिले में चिह्नित और अचिह्नित घाटों की संख्या, निबंधित तथा अनिबंधित नावों की कुल संख्या, सर्वे की जा चुकी नावों की संख्या और शेष बची नावों की संख्या की रिपोर्ट विभाग को जल्द उपलब्ध कराएं। साथ ही सभी नावों का पूरा सर्वे कराकर शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने का भी स्पष्ट आदेश दिया है, ताकि बाढ़ जैसी आपात स्थिति में उनका उपयोग सुचारु रूप से हो सके।

# सरकार धरनारत पीएचडी अभ्यर्थियों की मांगों पर करे पहल : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्टैच्यूट्स फॉर अपॉइंटमेंट्स ऑफ असिस्टेंट प्रोफेसर्स 2026 से उच्च शिक्षा में अराजकता बढ़ेगी। साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के स्वायत्ता को खत्म करने की ओर एनडीए सरकार की पहल बेहद तानाशाहीपूर्ण है। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने गर्दनीबाग धरनास्थल पर छः दिनों से आमरण अनशन कर रहे पीएचडी धारकों के समर्थन में पहुंचकर कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने धरनारत पीएचडी अभ्यर्थियों के समर्थन में कहा कि उनकी छः मांगे पूरी तरीके से जायज है और सहायक प्राध्यापक नियुक्ति नियमावली 2026 उच्च शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरीके से राज्य में धराशायी कर देगी। इस नियमावली से सहायक प्राध्यापक नियुक्ति में अराजकता बढ़ेगी। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि छात्रों की मांगों के समर्थन में हम उनके मांग पत्र को देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग को प्रेषित कर धरनारत अभ्यर्थियों के समर्थन में इस नियमावली को अविलंब निरस्त करने की मांग करेंगे।

# भारत छोड़ो आंदोलन की 84 वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस ने शहीदों को किया नमन

## राजेश राम के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारत छोड़ो आंदोलन की 84 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विधानसभा गेट के सामने स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राष्ट्र की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिज्ञा भी ली। इसके पूर्व बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा सुबह 9:30 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से शहीद स्मारक तक तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। तिरंगा मार्च का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, सेवादल के प्रभारी अफरोज आलम एवं सेवादल के अध्यक्ष डॉ संजय यादव ने किया। तिरंगा मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सेवादल के सदस्यों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ कांग्रेसजन शहीद स्मारक पहुंचे और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन देश के स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक अध्याय है। वर्ष 1942 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ शुरू हुए इस आंदोलन ने देशवासियों के भीतर आजादी की निर्णायक लड़ाई का जोश पैदा किया। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भारत छोड़ो आंदोलन में बिहार की भूमिका ऐतिहासिक और निर्णायक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान ने स्वतंत्रता संघर्ष को निर्णायक जनआंदोलन का स्वरूप दिया। बिहार ने चंपारण सत्याग्रह से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 1942 में प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी के बाद बिहार के छात्र-युवाओं ने आंदोलन की कमान संभाली। पटना में विद्यार्थियों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध व्यापक प्रदर्शन किए। 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने के प्रयास के दौरान ब्रिटिश पुलिस की गोलीबारी में सात युवा शहीद हुए। इन सात शहीदों का बलिदान बिहार के स्वतंत्रता संग्राम का गौरवपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि आंदोलन का प्रभाव केवल पटना तक सीमित नहीं रहा। बिहार के गांवों और कस्बों में किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं और आम नागरिकों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध प्रतिरोध किया। जयप्रकाश नारायण सहित अनेक क्रांतिकारियों ने भूमिगत रहकर आंदोलन को आगे बढ़ाया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग आज भी लोकतंत्र, संविधान, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

# बॉडी वॉर्न कैमरा पारदर्शिता और यात्री सेवा की ओर एक नई पहल

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पटना जंक्शन से शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक नई पहल के रूप में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा, टिकट जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा यात्रियों एवं कर्मचारियों के बीच विवाद पर विराम लगाने के उद्देश्य से दानापुर मंडल के पटना जंक्शन पर कर्मचारियों को बॉडी वॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। शीघ्र ही इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे मंडल में लागू किया जाएगा। दानापुर मंडल अपने यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे नवाचारों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहता है। इस बॉडी कैमरा तकनीक का इस्तेमाल टिकट जांच और यात्री सेवा से जुड़े कर्मचारियों के कार्य को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह छोटा-सा उपकरण ड्यूटी के दौरान होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं का वीडियो रिकॉर्ड उपलब्ध कराता है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि बॉडी वार्न कैमरा टिकट जांच कर्मचारियों को विवादित परिस्थितियों में निष्पक्ष तथ्य प्रस्तुत करने में मदद करता है। यात्रियों और कर्मचारियों के बीच किसी प्रकार के विवाद, दुर्व्यवहार या शिकायत की स्थिति में रिकॉर्डिंग वास्तविक घटनाक्रम को समझने में सहायक हो सकती है। इससे कर्मचारियों में भी सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है तथा कार्यप्रणाली में जवाबदेही आती है। यात्रियों के लिए यह तकनीक एक अतिरिक्त सुरक्षा और विश्वास का माध्यम बन सकती है।

# विलुप्त हो रही देशी मछलियों को राज्य सरकार दे रही संरक्षण, इनके पालन पर मिल रहा भारी अनुदान

## योजना के तहत देशी मछलियों के साथ ही झींगा और मोती पालन पर भी मिल रहा 60 फीसदी तक अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विलुप्त हो रही देशी प्रजाति की मछलियों को राज्य सरकार संरक्षण दे रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना चला रहा है। इसके जरिए इनके पालन पर सरकार भारी अनुदान दे रही है। योजना के तहत विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में देशी मछलियों के पालन के इच्छुक लोगों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति 31 अगस्त तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत मछली पालक देशी मूल की माइनर कार्प, कैट फिश, वायु-श्वासी मछली, झींगा पालन तथा मोती पालन कर सकेंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य सरकार की इस पहल से देशी मछलियों का संरक्षण एवं संवर्धन होने के साथ-साथ मछली उत्पादकता और किसानों की वार्षिक आय में वृद्धि होगी। साथ ही इससे बिहार की सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। योजना के तहत सभी वर्गों के लाभुकों को निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना राज्य के सभी जिलों में लागू है। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पालन मत्स्यिकी अवयव को निजी या सरकारी तालाब (पट्टाधारी द्वारा) में क्रियानवित किया जा सकेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की जल संपदाओं में मौजूद देशी प्रजातियों की संभावनाओं वाले माइनर कार्प एवं कैट फिश के लिए विकसित हैचरी तकनीक से उत्पादित बीज के माध्यम से पालन को बढ़ावा देना है। मत्स्य प्रजाति विविधिकरण योजना के चार घटक हैं। इनमें माइनर कार्प पालन मत्स्यिकी योजना, कैट फिश एवं अन्य मछलियों की पालन मत्स्यिकी योजना, झींगा पालन तथा मोती पालन योजना शामिल हैं। मत्स्य प्रजाति विविधीकरण योजना के लिए लाभुकों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। एक व्यक्ति या परिवार को पालन मत्स्यिकी के किसी एक ही अवयव पर सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही पालन मत्स्यिकी में एक व्यक्ति या परिवार को किसी एक अवयव के लिए अधिकतम 1 एकड़ (2 इकाई) तथा न्यूनतम 0.25 एकड़ जलक्षेत्र की मान्यता होगी।

# कांवरियों की सेवा में जुटे नित्यानंद राय, बोले सेवा ही शिव की सच्ची साधना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** श्रावणी मेले के पावन अवसर पर कांवरिया पथ स्थित टोना पाथर, कटोरिया (बांका) में बोल बम सेवा समिति द्वारा लगाए गए सेवा शिविर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ के भक्तों की सेवा की। इस अवसर पर नित्यानंद राय ने शिविर में उपस्थित कांवरिया श्रद्धालुओं से मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना, श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया, सेवा कार्य में लगे समिति के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया साथ हीं दर्जनों कांवरिया भक्तों की सेवा की। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था और भक्ति का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का भी पर्व है। कांवरिया भक्तों की सेवा में स्वयं जुटे नित्यानंद राय ने सेवा, समर्पण की मिसाल पेश करते हुए कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले लाखों शिवभक्तों की सेवा करना स्वयं में पुण्य का कार्य है। सेवा भगवान शिव की सच्ची साधना है। कांवरियों की सेवा में जिस प्रकार सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं और स्थानीय लोग दिन-रात जुटे हैं, वह बिहार की सेवा भावना और सनातन संस्कृति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बोल बम सेवा समिति के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता में निरंतर लगे हुए हैं। गर्मी, बारिश और कठिन यात्रा के बावजूद कांवरियों की सेवा में समर्पित कार्यकर्ताओं का योगदान अत्यंत सराहनीय है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था के साथ उनकी सुविधा और सुरक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की सहभागिता से कांवरिया पथ पर सेवा का यह अभियान और अधिक प्रभावी बन रहा है।

# सावन आयो रे में दिखी नारी शक्ति और संस्कृति की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** नृत्यांगन हॉबी सेंटर की ओर से रविवार को पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित द औरम बैंक्वेट में 17वें 'सावन आयो रे-2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उदघाटनकर्ता अतिथि प्रदेश प्रवक्ता राष्ट्रीय सचिव रीमा सिंह, सेलिब्रिटी गेस्ट चर्चित लोक गायिका रेखा झा एवं नृत्यांगन हॉबी सेंटर की निदेशिका मौसम शर्मा के द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका संपन्नता वरुण ने निभाया सावन की उमंग और उत्साह से सराबोर कार्यक्रम में नृत्यांगन हॉबी सेंटर से जुड़ी महिलाओं एवं बच्चियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ सावन क्वीन प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने हरे परिधानों और सावन की पारंपरिक साज-सज्जा के साथ उत्सव के माहौल को और खास बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक गायिका रेखा झा ने कहा कि सावन के गीतों और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हमारी लोक परंपराएं जीवंत रहती है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बेहद जरूरी हैं क्योंकि ये नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और लोक संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। रीमा सिंह ने सावन के महीने की महत्व को बताते हुए कहा कि सावन भक्ति और भगवान शिव की पूजा आराधना करने का सबसे पावन महीना है, नृत्यांगन हॉबी सेंटर की निदेशिका मौसम शर्मा ने कहा कि सावन आयो रे का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चों को एक ऐसा मंच देना है जहां वे अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को खुलकर प्रदर्शित कर सकें।

# हर घर तिरंगा अभियान

# तिरंगे के रंग में रंगेगा पटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और जनभागीदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार सरकार की ओर से 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को पटना में प्रात 10:00 बजे जे.पी. गोलंबर से प्रारंभ होकर कारगिल चौक तक भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली जाएगी। कला एवं संस्कृति विभाग के अनुसार 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत राज्यभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजधानी पटना में तिरंगा यात्रा, 'सेल्फी विद तिरंगा', तिरंगा थीम पर आधारित प्रकाश सज्जा, तिरंगा रंगोली तथा 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल है। प्रत्येक जिले एवं प्रखंड स्तर पर यह अभियान प्रभावी रूप से मनाया जाएगा। हर प्रखंड को 4 हजार तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए जाएंगे जिसकी आपूर्ति जीविका के माध्यम से की जाएगी। इसके तहत राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता एवं वितरण के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थानों में आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। भारत का तिरंगा करोड़ों भारतीयों के त्याग, बलिदान, संघर्ष और गौरव का प्रतीक है।

# सावन के रंग में रंगा साहू समाज, महिलाओं ने की जमकर मस्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार तैलिक साहू सभा (महिला प्रकोष्ठ), पटना की ओर से रविवार को लंगर टोली चौराहा स्थित साहू समाज भवन में सावन महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह मोरवा विधायक रणविजय साहू एवं बिहार प्रदेश महिला अध्यक्ष सिम्मी प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महोत्सव के दौरान शिव वंदना, सावन गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मेहंदी प्रतियोगिता, सावन क्वीन, बेस्ट ग्रीन ड्रेस प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल एवं लकी ड्रॉ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह मोरवा विधायक रणविजय साहू ने कहा कि सावन केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। उन्होंने महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सावन महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि समाज की महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं बिहार प्रदेश महिला अध्यक्ष सिम्मी प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि सावन महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक साझा मंच प्रदान करना, सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा अपनी सांस्कृतिक परंपराओं एवं पारिवारिक मूल्यों को आगे बढ़ाना है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर कैमूर में गोंड समाज की भव्य झांकी, हजारों लोगों ने दिखाई एकजुटता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ, जिला इकाई भभुआ-कैमूर के तत्वावधान में गोंड आदिवासी समाज की ओर से भव्य झांकी निकाली गयी। झांकी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे गोंड आदिवासी समुदाय के हजारों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोगों ने सांस्कृतिक नृत्य और लोक कला का प्रदर्शन कर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की। झांकी का शुभारंभ सुबह 10 बजे पटेल चौक से हुआ। इसके बाद झांकी शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अखलासपुर पट्टी तक पहुंची। पूरे रास्ते गोंड समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ नजर आये। झांकी के दौरान पारंपरिक गीत और नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से शहर में आदिवासी संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश देखने को मिला। झांकी के माध्यम से गोंड आदिवासी समाज ने अपनी सामाजिक एकता और अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी कैमूर के समक्ष समाज की ओर से पांच सूत्री मांगें भी रखी गयीं। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज के विकास, अधिकारों और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को गंभीरता से पहल करनी चाहिए। समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में गोंड समाज के लोगों ने पारंपरिक नृत्य और लोक कला का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान खींचा। आयोजन के माध्यम से समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता के साथ युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गोंड, सचिव कपिलमुनी गोंड और कोषाध्यक्ष नथुनी प्रसाद गोंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय सचिव राम नगीना गोंड, ब्रह्मनन्द गोंड, कन्हैया प्रसाद गोंड, भरत राम गोंड, अशोक कुमार गोंड, महेन्द्र गोंड, पन्ने लाल गोंड, रंजीत प्रसाद गोंड, शिवपूजन गोंड, कपिल गोंड, मारकण्डेय गोंड, जिउत गोंड सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## पूर्व के मामलों में फरार चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू।** स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग पूर्व के मामलों में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी तिलौथू थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने इंद्रपुरी निवासी श्रीकांत कुमार को गिरफ्तार किया है। वह अपने ही भाई के साथ मारपीट के मामले में पूर्व से अभियुक्त था और पुलिस की कार्रवाई से बचते हुए फरार चल रहा था। वहीं, पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेडिया गांव निवासी भगवान भुइयां को भी गिरफ्तार किया। वह भी पूर्व के एक मामले में अभियुक्त था और लंबे समय से फरार चल रहा था। दोनों की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस द्वारा फरार एवं वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## गुप्ताधाम में जलाभिषेक करने पहुंचे 40 हजार श्रद्धालु



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** कैमूर पहाड़ी की गोद में स्थित गुप्ता धाम के पवित्र शिवलिंग पर सावन की दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में कांवरियों का आना शुरू हो गया है। रविवार को लगभग तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं व कांवरियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की जत्था पहाड़ के विभिन्न रास्तों से होकर धाम पहुंचा। धाम के पास स्थित सीता कुंड में स्नान करने के बाद गुफा में स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है' के जयकारे से कैमूर पहाड़ी का जंगल गूंज रहा था। इस वर्ष गुप्ता धाम जाने वाले प्रत्येक रास्ते पर पुलिस बलों की भारी संख्या में तैनाती की गई है। जिला के अधिकारियों द्वारा लगातार इसकी देखरेख की जा रही है। श्रद्धालु पथरीले रास्ते पर पैदल चलते हुए धाम पहुंच रहे हैं। गुप्ता धाम विकास कमेटी के सदस्यों व पुलिस प्रशासन उन्हें कतारबद्ध कराकर दर्शन कराया जा रहा है। गुप्ता धाम विकास कमेटी के उपाध्यक्ष राम वचन सिंह खरवार ने कहा कि गुफा के अंदर बिजली व ऑक्सीजन गैस की व्यवस्था की गई है।

## जूता पॉलिश कामगारों को सफाई कर्मचारी की श्रेणी में शामिल करने की मांग

### भाजपा विधायक ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा विधायक प्रशांत बंसीलाल बंब ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर देशभर में जूता पॉलिश का काम करने वाले कामगारों को 'सफाई कर्मचारी' की श्रेणी में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने पत्र में कहा कि महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्यों में जूता पॉलिश का कार्य करने वाले बड़ी संख्या में कामगार अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े हैं। उन्होंने इन कामगारों का राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकरण कर स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, कौशल विकास, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वरोजगार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए नीति बनाने का आग्रह किया। विधायक प्रशांत बंसीलाल बंब ने कहा कि ऑल इंडिया रेलवे शु-शाइन वर्क्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वासुकीनाथ साह और राष्ट्रीय सचिव विनोद निकाळजे लंबे समय से जूता पॉलिश कामगारों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस श्रमजीवी वर्ग के सामाजिक सम्मान और कल्याण के लिए सकारात्मक निर्णय लेगी।

## नारायण केयर ने किया अकोढीगोला के चांदी में ऑटिज्म जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सौजन्य से अकोढीगोला प्रखंड के चांदी गांव में 'ऑटिज्म जागरूकता शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के प्रति जागरूकता फैलाना, अभिभावकों की भ्रांतियों को दूर करना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 55 लाभार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपस्थित लोगों में अभिभावक, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। टीम नारायण केयर के विशेषज्ञों द्वारा ऑटिज्म के लक्षण, कारण, पहचान एवं उपचार के बारे में सरल एवं सामान्य भाषा में जानकारी दी गई। बताया गया कि ऑटिज्म कोई मानसिक बीमारी या माता-पिता की गलती नहीं है। यह मस्तिष्क के विकास से जुड़ा विकार है। साथ ही यह भी बताया गया कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को सही थेरेपी और उचित मार्गदर्शन से सुधार किया जा सकता है। कैंप में पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा 2 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों का प्रारंभिक अवलोकन एवं स्क्रीनिंग की गई जिन बच्चों में ऑटिज्म के लक्षण पाए गए, उनके अभिभावकों को आगे की जांच एवं थेरेपी के लिए परामर्श दिया गया। अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, कार्ड, निःशक्त पेंशन, शिक्षा एवं कौशल विकास की सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। उन्हें यह भी समझाया गया कि समय पर पहचान और ऑक्यूपेशनल थेरेपी, व्यवहारिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं विशेष शिक्षा से ऑटिस्टिक बच्चे भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कैम्प के दौरान 'अलग है पर खास है' नारे के साथ जागरूकता पर चर्चा की गई। अभिभावकों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और टीम ने उनका समाधान बताया। स्थानीय लोग एवं शिक्षकों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और बच्चों को सही समय पर मदद मिल पाएगी। सभी ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया। नारायण केयर पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा अभिभावकों को मार्गदर्शन दिया गया जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. आशीष कुमार, नैदानिक मनोविज्ञानिक गुलजार अहमद एवं विषेश शिक्षिका प्रगति मौर्या ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि केंद्र के माध्यम से बच्चों को विद्यालय पूर्व की तैयारी के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे बच्चे विद्यालय जाने के लायक बन सके और अन्य बच्चों के साथ अच्छे से पढ़ाई कर सके। सभी विशेषज्ञों ने ऑटिज्म के लक्षण, पहचान, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं घर पर किए जाने वाले अभ्यासों के बारे में विस्तार से बताया। शिविर के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ. आकांक्षा सिंह ने संदेश के माध्यम से समाज के सभी लोगों से अपील की कि अगर उनके घर, आस-पड़ोस या समाज में इस तरह के कोई बच्चे हैं तो उन्हें नारायण केयर बाल पुनर्वास केंद्र में लाएं। वहां उचित जांच, उपचार, थेरेपी और विशेष शिक्षा की समुचित व्यवस्था है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** 42 बिहार बटालियन एनसीसी के आदेशानुसार पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चौखड़ी पथ, रौजा रोड के एनसीसी कैडेट्स ने रविवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली निकाली। विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली समाहरणालय, पोस्ट ऑफिस चौक और फायजलगंज होते हुए 42 बिहार बटालियन एनसीसी कार्यालय पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली में सभी एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार के नेतृत्व में कैडेट्स ने पूरे अनुशासन के साथ रैली में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह का भी कार्यक्रम में सहयोग रहा। कैडेट्स ने लोगों से घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का आह्वान किया।

## अखिल भारतीय किसान महासभा ने किया विरोध प्रदर्शन

### केंद्र-राज्य सरकारों की नीतियों पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले रविवार को सासाराम में विरोध दिवस मनाते हुए सैकड़ों किसानों ने केंद्र और बिहार सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'किसानों को गुलाम बनाने वाले भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते को तत्काल रद्द करने' की मांग करते हुए मोदी सरकार का पुतला दहन किया। साथ ही बिहार सरकार पर आरोप लगाया कि वह स्मार्ट-प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना, 12 टेलीग्राफ टाउनशिप परियोजना और अर्बन लैंड पूलिंग नीति के जरिए 4 लाख एकड़ से अधिक कृषि भूमि छीनने की साजिश रच रही है। महासभा के नेताओं ने कहा कि ये योजनाएं सीधे किसानों की आजीविका पर हमला हैं और इसके विरोध में पूरे राज्य में मार्च निकाले गए। महासभा ने सरकार के समक्ष 7 सूत्रीय मांगें रखीं जिनमें अमेरिका के साथ कृषि व्यापार समझौता रद्द करना, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार ए2+50 प्रतिशत पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देना, स्मार्ट मीटर और टेलीग्राफ टाउनशिप के नाम पर कृषि भूमि अधिग्रहण बंद करना, टेलीग्राफ टाउनशिप व अर्बन लैंड पूलिंग नीति को वापस लेना, रोपण भूमि के बहाने किसानों की जमीन न हड़पना, किसान कल्याण योजनाओं के नाम पर बिना सहमति जबरन भूमि अधिग्रहण पर रोक और खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई शामिल है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस विरोध में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैशव सिंह, अरुण नारायण सिंह, जयकिशन तिवारी, डॉ. गोपाल राय, चंद्रकांत सिंह, नरेंद्र राय, धातु राय, सुरेंद्र देवराज, दुर्गा सिंह, निलक दास, कला सिंह, अंजनी, रविंद्र सिंह, विजेंद्र पटेल सहित दर्जनों पदाधिकारी और 36 से अधिक किसान संगठन शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार कॉरपोरेट हितों के लिए कृषि क्षेत्र को बेचने पर तुली है जिसे किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में 100 बहनों को दिया एचपीवी का टीका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू प्रखंड के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण किया गया जिसमें कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक की बहनों का टीकाकरण हुआ। यह दूसरा टीकाकरण था। इसके लिए सत्र 2025 में जिन बहनों को प्रथम डोज दिया गया था उन्हीं को दूसरा डोज दिया गया। इसमें लगभग विद्यालय के 100 बहनों का टीकाकरण हुआ। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को इस कार्य के लिए आभार जताया तथा शुभकामनाएं दी।

## धूप ने बढ़ाई किसानों की चिंता, धान की फसल में दिखने लगा पीलापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लगातार पड़ रही तेज धूप और गर्मी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में धान की फसल में पीलापन दिखाई देने लगा है जिससे किसान संभावित रोग और फसल खराब होने की आशंका से परेशान हैं। तेज धूप के कारण धान के पौधों पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। किसानों का कहना है कि काफी मेहनत और खून-पसीने की कमाई लगाकर धान की रोपनी की गई है। रोपनी के बाद फसल को बेहतर पैदावार की उम्मीद से किसान दिन-रात खेतों की देखभाल कर रहे हैं, लेकिन मौसम का लगातार गर्म और शुष्क बना रहना उनकी चिंता बढ़ा रहा है। किसानों को आशंका है कि यदि इसी तरह तेज धूप और गर्मी का दौर जारी रहा तो धान की फसल में विभिन्न प्रकार के रोग लग सकते हैं जिससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि धान की फसल के लिए अनुकूल मौसम और पर्याप्त नमी बेहद जरूरी है। ऐसे में किसान अब मौसम में बदलाव और बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। क्षेत्र के किसान भगवान से लगातार प्रार्थना कर रहे हैं कि मौसम का मिजाज बदले और समय पर बारिश हो, ताकि उनकी मेहनत से तैयार हो रही धान की फसल को बचाया जा सके।

## विमल कुमार की मौत के बाद अमर ज्योति को डिहरी नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार

### दो अधिकारियों को जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर परिषद (डालमियानगर) के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के असामयिक निधन के बाद नगर परिषद के कार्यों के संचालन के लिए रोहतास जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अगले आदेश तक दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आदेश में बताया गया है कि अमर ज्योति, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम को डिहरी नगर परिषद (डालमियानगर) रोहतास के कार्यालय के कार्य निष्पादन के लिए अधिकृत किया गया है। वहीं अभिषेक भारती, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चेनारी को नगर पंचायत, रोहतास का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में बिहार कोषागार संहिता-2011 के नियम 84 के तहत संबंधित अधिकारियों को वित्तीय शक्ति भी प्रदान की गई है, ताकि कार्यालय के आवश्यक कार्यों का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके। आदेश की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों के अलावा डिहरी नगर परिषद, नगर पंचायत रोहतास, वरीय कोषागार पदाधिकारी, रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम/डिहरी तथा प्रधान सचिव, नगर एवं आवास विभाग, बिहार सरकार को आवश्यक कार्रवाई एवं सूचना के लिए भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के असामयिक निधन के बाद प्रशासनिक कार्यों के संचालन को लेकर यह व्यवस्था की गई है।

## सावन महोत्सव सह भोज कार्यक्रम आयोजित

### जनप्रतिनिधियों के सम्मान से नहीं होगा समझौता : आलोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय शहर स्थित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में शनिवार की रात सावन महोत्सव सह भोज का भव्य आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन भाजपा नेता सह आयोजक डॉ. मनीष रंजन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक सिंह पहुंचे। आयोजक मंडल द्वारा आलोक सिंह सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और फूल-माला से स्वागत कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए आलोक सिंह ने सावन के पवित्र माह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन भाईचारे और एकता का प्रतीक है और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने मंच से कड़े शब्दों में कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि को प्रशासनिक अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति षड्यंत्र कर झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश करेगा तो रालोमो इसका पुरजोर विरोध करेगी और संबंधित जनप्रतिनिधि को इंसाफ दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़क तक आवाज बुलंद की जाएगी। उनके इस बयान पर उपस्थित लोगों ने तालियों से समर्थन जताया। कार्यक्रम को जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय वर्मा, राजद नेता प्रो. श्रीनिवास सिंह, जयश्री पंचायत के मुखिया रितेश सिंह, नोनहर पंचायत के मिक्की राज मेहता, बलिया पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजद नेता मुन्ना राय, रालोमो नेता डॉ. रबिन्द्र सिंह, अयूब खां, डॉ. नागेंद्र झा, महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्र, रालोमो जिलाध्यक्ष बंटी सिंह, अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और सावन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नागेश्वर सिंह, उमेश सिंह, सुनील सिंह, हरिचरण कुशवाहा, जयशंकर पटेल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। भोज के साथ संपन्न हुए इस आयोजन ने राजनीतिक दलों के नेताओं को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

## धान रोपनी अंतिम चरण में, छिटपुट स्थानों में युद्धस्तर पर काम जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज।** प्रखंड क्षेत्र में धान की रोपनी का कार्य अब अंतिम छोर पर पहुंच गया है। हालांकि कुछ इलाकों में अभी भी यह काम युद्धस्तर पर जारी है। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड के पंचायतों और आसपास के गांवों में किसान सुबह से शाम तक खेतों में जुटे हुए हैं। यहां खेतों से धान के बिचड़े उखाड़कर रोपनी के लिए ले जाए जा रहे हैं और खेतों में महिला व पुरुष मजदूर कतारबद्ध होकर रोपाई में लगे दिखाई दे रहे हैं। मजदूरी कम होने के बावजूद किसान समय पर रोपनी पूरी करने की कोशिश में लगे हैं ताकि मानसून का लाभ मिल सके। मौसम विभाग के अनुसार मानसून का मिजाज मिला-जुला बना हुआ है, लेकिन राहत की बात यह है कि इस समय नहरों में पानी की कमी नहीं है। इसी कारण किसान अंतिम समय में बचे खेतों की सिंचाई भी पूरी कर देना उचित समझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े किसानों के पास ही कुछ खेतों में रोपनी का काम शेष बचा है जबकि छोटे और सीमांत किसानों ने अपने खेतों में रोपनी का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। कृषि जानकारों का मानना है कि समय पर हुई रोपनी से फसल की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है, बशर्ते आगे बारिश का क्रम बना रहे। फिलहाल पूरे प्रखंड में किसान, मजदूर और सिंचाई संसाधन पूरी मुस्तैदी से धान की रोपनी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि अगले एक सप्ताह में यह काम पूरी तरह संपन्न हो जाएगा।

## बरकट्ठा में आदिवासियों ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

### जल-जंगल-जमीन और अधिकारों की उठी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नौहट्टा (रोहतास)।** नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी के शीर्ष पर स्थित बरकट्ठा गांव में रविवार को आदिवासी समाज के लोगों ने एकजुट होकर विश्व आदिवासी दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच लक्ष्मण उरांव ने की जबकि संचालन सुदामा उरांव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा, सिद्धू-कानू, वीर बुद्धू भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित आदिवासी समाज के महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा, अधिकार तथा जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि नई पीढ़ी शिक्षा से जुड़ रही है, लेकिन आज भी कई परिवार अपनी आजीविका के लिए जंगल पर निर्भर हैं। बच्चों को शिक्षित करने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। वक्ताओं ने महुआ सहित अन्य वनोपज की खरीद-बिक्री की अनुमति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जंगल और पहाड़ आदिवासियों की जीवनशैली और पहचान का हिस्सा है। अधौरा के जिला पार्षद सदस्य राजू सिंह खैरवार ने समाज की एकता और भाषा-संस्कृति बचाने पर जोर दिया। पटना से पहुंचे ललित भगत ने खैरवार जाति के अलग-अलग राज्यों में अलग वर्गीकरण की विसंगति का मुद्दा उठाया। मौके पर विश्वनाथ तिर्की, पवन सिंह, नंदन सिंह, दुलार खैरवार, दुलार उरांव, अशोक उरांव, मुनि उरांव, सुरेश खैरवार, धर्मेंद्र सिंह खैरवार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महिला से नौ लाख के जेवर ठगे, झाड़-फूंक के नाम पर धोखाधड़ी, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** थाना क्षेत्र के स्टुअर्टगंज में तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के नाम पर एक महिला से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के छेवरी गांव निवासी ईश्वर दयाल यादव (पिता- स्व. धर्मदेव यादव) और उसके बेटे अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। स्टुअर्टगंज निवासी पीड़िता अंजली देवी ने पुलिस को बताया कि उनके मामा हर्षवर्धन पासवान बीते 10 वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। इसी दौरान आरोपियों ने खुद को तांत्रिक बताकर महिला से संपर्क किया। आरोपियों ने दावा किया कि वे मात्र 11 दिनों के जाप और तंत्र-मंत्र से मरीज को पूरी तरह ठीक कर देंगे। इसके एवज में उन्होंने झांसा देकर महिला से उनके सोने-चांदी के गहने ले लिए। इन गहनों में नथिया, मंगटीका, झुमका, गले का हार और पैंजनी शामिल थे जिनकी कुल कीमत लगभग 9 लाख बताई जा रही है।

## मां काली की वार्षिक पूजा को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट में मां काली के वार्षिक पूजा को धूमधाम करने को लेकर रविवार को काली मां मंदिर के प्रांगण में पंचायत के ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य देवकुमार उर्फ पंडित ने की। बैठक में इस वर्ष की पूजा को और भव्य बनाने, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। हवन सामग्री, चढ़ावा, माता की पोशाक, फूल-माला और सजावट की सूची तैयार की गई। पूजा में होने वाले अनुमानित खर्च के लिए चंदा संग्रह करने पर सहमति बनी। ग्रामवासियों के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए बैठक में 'जय मां काली दरिहट वाली' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया। समिति ने स्पष्ट किया कि इस ग्रुप में केवल पूजा से संबंधित सूचना, समय-सारणी, चंदा और कार्यक्रम की जानकारी ही साझा की जाएगी। बैठक में मनोज यादव, रंजीत यादव, रवि, ललन, विकास, ईश्वरचंद, पिंटू, नन्हू यादव, चंदन कुमार सहित युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। देवकुमार उर्फ पंडित ने कहा कि मां काली की कृपा से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा शांतिपूर्ण और श्रद्धा भाव से संपन्न होगी, सभी ग्रामवासी बढ़-चढ़कर भाग लें। आयोजकों ने अपील की कि पूजा को सफल बनाने में सभी लोग तन-मन-धन से सहयोग करें।

CMYK

# साइबर ठगी गिरोह के तीन युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वारिसलीगंज थाना पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं तीन कस्टमर डाटा बरामद किए हैं। बरामद डाटा में लोगों के मोबाइल नंबर, नाम-पता सहित अन्य व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज थी। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वारिसलीगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की टीम गठित की गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने वारिसलीगंज रेलवे गुमटी से करीब 100 मीटर दक्षिण दिशा में पीसीसी सड़क के समीप रेलवे ट्रैक के पास छापेमारी की। इसी दौरान तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में प्रारंभिक तौर पर पता चला कि गिरफ्तार युवक बजाज फाइनेंस, रिलायंस फाइनेंस एवं विभिन्न प्रकार के लोन दिलाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। आरोपियों के पास से मिले कस्टमर डाटा में दर्ज मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर लोन उपलब्ध कराने का झांसा देकर कथित रूप से ठगी की जाती थी। गिरफ्तार युवकों की उम्र 18, 19 और 20 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने उनके पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल और तीन कस्टमर डाटा बरामद किए हैं। मामले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 559/26 दर्ज कर संबंधित धाराओं एवं आइटी एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी सहित पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर साइबर ठगी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

# सीनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में राज आर्यन ने जीता युगल खिताब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। पटना में आयोजित सीनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में नवादा के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी राज आर्यन ने अपने जोड़ीदार मुजफ्फरपुर के अमृत राज के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए युगल खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में राज आर्यन एवं अमृत राज की जोड़ी ने पटना के तबरेज एवं रणवीर सिंह की जोड़ी को सीधे सेटों में 15-9, 15-9 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नवादा जिला बैडमिंटन संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी श्याम अग्रवाल ने कहा कि सीनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का युगल खिताब जीतना नवादा के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। राज आर्यन ने फाइनल मुकाबले में जिस आत्मविश्वास, धैर्य, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय दिया, वह बेहद सराहनीय है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नवादा में बैडमिंटन प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज आर्यन की यह सफलता जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उचित प्रशिक्षण, बेहतर खेल सुविधाओं और निरंतर प्रोत्साहन के साथ नवादा के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। वरिष्ठ खिलाड़ी सुजीत कुमार ने राज आर्यन की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह नवादा के लिए गर्व का क्षण है। राज आर्यन ने अपने शानदार खेल से जिले का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। पूर्व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार ने कहा कि सीनियर स्टेट चैंपियनशिप का युगल खिताब जीतना राज आर्यन के लिए बड़ी उपलब्धि है। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और शानदार खेल का प्रदर्शन कर यह खिताब हासिल किया है। उन्होंने राज आर्यन एवं अमृत राज को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि राज आर्यन आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नवादा और बिहार का नाम गौरवान्वित करेंगे। बधाई देने वालो मे ईश्वरी प्रसाद, साजिद आलम, अशोक कुमार, राहुल कुमार, रौशन कुमार, दिव्यांशु, आरिफ,मयंक सिन्हा, मयंक यादव, हिना, विक्की, रौनीत सहित कई खिलाड़ियों ने दिया

## एक नजर

### बिहार पृथ्वी दिवस पर सभी पंचायतों में पौधारोपण

**कौआकोल**। बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर रविवार को कौआकोल प्रखंड की सभी पंचायतों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनरेगा योजना के तहत विभिन्न पंचायतों में चयनित स्थलों पर बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों,मनरेगा कर्मियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मनरेगा पीओ मोहम्मद असलम हुसैन ने बताया कि बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रखंड की सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराया गया। विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत पौधारोपण के लिए स्थल चिह्नित किए गए थे,जहां निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहाड़पुर पंचायत में पंचायत समिति सदस्य रिजवान अंसारी की मौजूदगी में पौधारोपण किया गया।

### 124 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवादा**। जिले के रजौली थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमा स्थित चित्रकोली उत्पाद जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान 124.20 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। झारखंड की ओर से बिहार में प्रवेश कर रही लग्जरी कार संख्या WB38U5009 को जांच के लिए रोका गया था। तलाशी के दौरान कार के अलग-अलग हिस्सों में बनाए गए कई गुप्त तहखाने मिले, जिनमें शराब छिपाकर रखी गई थी। कार में शराब छिपाने के तरीके को देखकर जांच कर रही टीम भी हैरान रह गई। उत्पाद चेकपोस्ट प्रभारी अमृत गुप्ता ने बताया कि शराब के साथ नालंदा जिले के सोहसराय थाना क्षेत्र के मोगलकुआं गांव निवासी स्वर्गीय ललन पासवान के 34 वर्षीय पुत्र राहुल पासवान को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में राहुल ने बताया कि यह कार उसे 'चांद' नाम के एक व्यक्ति ने झारखंड के बरकट्ठा में दी थी और इसे बिहार तक ले जाने के लिए कहा था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान चांद का मोबाइल नंबर भी उत्पाद विभाग की टीम को उपलब्ध कराया है। अब पुलिस और उत्पाद विभाग उस नंबर के आधार पर आगे की जांच कर रहे हैं। शराब और कार को जब्त कर आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। चित्रकोली चेकपोस्ट पर झारखंड से आने वाले वाहनों की लगातार सघन जांच की जा रही है, ताकि शराब की तस्करी पर रोक लगाई जा सके।

### पड़रिया गांव में जन जागरूकता कार्यक्रम

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के पड़रिया गांव में रविवार को जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। इस दौरान सरपंच ने गांव में घरेलू विवाद का समझौता किया, उसके बाद लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा से जिंदगी बर्बाद होती है, आप सभी शराब का सेवन नहीं करेंगे। गांव में हजारों लोग किसी न किसी प्रकार के नशीली प्रदार्थ का सेवन करते हैं। घर परिवार में नशा सेवन से घरेलू विवाद उत्पन्न हो जाता है। गांव में नशे के लत ने कई युवाओं को जान ले ली है। युवाओं को शराब ,गांजा व अन्य नशीले पदार्थ गिरफ्त में ले रही है। यह आसानी से मिल रहा है। नशा एक रोग है। नशा से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति केंद्र पर जाए। वहां जाने से इलाज के बाद नशा से मुक्ति हो जाएगा। उन्होंने नशे के जाल में फंसे युवाओं से नशा नहीं करने का अनुरोध किया है। ताकि उनका जीवन के साथ घर परिवार में आये संकट दूर हो सकें। मौके पर बड़हन साव, सोहन राम, राजो मांझी, रंजीत रविदास, मनोज मांझी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# बजरंग दल की बैठक में अखंड भारत का संकल्प, कार्यकर्ताओं को दिए नए दायित्व



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर के आर्य समाज मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जिला बैठक सह अखंड भारत संकल्प दिवस आयोजित हुआ। इसमें जिला विहिप टोली सहित बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठन विस्तार, समाज सेवा, सुरक्षा और हिंदू समाज को संगठित करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में विहिप दक्षिण बिहार के प्रांत सह मंत्री अधिवक्ता रजनीश कुमार, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अभिमन्यु कुमार और नालंदा विभाग सह संयोजक विनय भाई ठाकरे ने मार्गदर्शन किया। इस दौरान बजरंग दल जिला संयोजक मुकेश जी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विहिप जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने गौरक्षा व सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए, वहीं जिला मंत्री सुबोध लाल ने सनातन समाज को एकजुट कर भारत को अखंड वैभव तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। पूर्व जिला संयोजक दिवाकर सिंह ने नीम टोला स्थित बजरंग दल कार्यालय को सक्रिय रूप से उपयोग में लाने की बात कही। बैठक में नए दायित्वों की घोषणा की गई। अंकित आर्य को नगर संयोजक, सौरभ कुमार बिट्टू को नगर शहर संयोजक, सचिन कुमार को नगर विद्यार्थी प्रमुख, रजनीश कुमार को नगर सुरक्षा प्रमुख और राजा कुमार को नगर धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख चुना गया। इसके अलावा मनोज कुमार को विहिप नगर अध्यक्ष, अंकित कुमार को नगर सेवा प्रमुख, नीरज भगत को नगर उपाध्यक्ष, पंकज कुमार वर्मा व अजीत भगत को नगर सह मंत्री तथा श्यामलाल गुप्ता को जिला सह विधि प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया।

# 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर आज रजौली अनुमंडल सभागार में समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर रजौली अनुमंडल प्रशासन की ओर से सोमवार दोपहर ढाई बजे अनुमंडल सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा होगी। एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में एसडीपीओ गुलशन कुमार, बीडीओ, सीओ, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण व भव्य तरीके से मनाने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में समारोह स्थल की सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रभात फेरी व अन्य गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। एसडीपीओ गुलशन कुमार सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण पर रणनीति साझा करेंगे। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों व प्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित होकर तैयारियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

# सवर्ण महिला मंच के बैनर तले सावन महोत्सव का आयोजन, झूमीं महिलाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सवर्ण महिला मंच के बैनर तले रविवार को शहर के कृष्ण मेमोरियल कॉलेज स्थित गायत्री मंदिर परिसर में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और महिलाओं ने सावन के भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना कुमारी एवं डॉ. निवेदिता सिंह शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) की खुशबू सिन्हा एवं सवर्ण महिला मंच की बंटी सिंह ने संयुक्त रूप से की। संबोधन में डॉ. निवेदिता सिंह ने कहा कि नवादा की महिलाएं समाज और जिले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती हैं। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का सकारात्मक उदाहरण है। डॉ. अर्चना कुमारी ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज में बदलाव का संकेत है और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक एकता बढ़ाते हैं। दोनों अतिथियों ने सफल आयोजन के लिए मंच का आभार जताया। महोत्सव में बेबी सिन्हा, वीणा देवी, बबिता देवी, कुंदन देवी, सरिता देवी, संगीता सिन्हा सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता, सशक्तिकरण और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना था।

# प्रेमप्रसंग के नाम पर नाबालिग का अपहरण, सोशल मीडिया और भरोसे का दुरुपयोग बना कारण

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रजौली थाना क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग युवती को पुलिस ने मुंबई से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही आरोपी युवक को भी हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रणजीत कुमार के निर्देशन में एसआई स्नेहा कुमारी व पुलिस टीम ने अंजाम दी। जानकारी के अनुसार, जमुई निवासी जगदीश चौधरी के पुत्र संतोष कुमार रजौली में रह रहा था। आरोप है कि शादी का झांसा देकर वह नाबालिग को बहला-फुसलाकर बाहर ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम मुंबई रवाना हुई और दोनों को रजौली लेकर आई। शनिवार को पीड़िता का बयान न्यायालय में दर्ज कराया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि बयान के आधार पर आरोपी संतोष कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों से बच्चों की संगति पर नजर रखने और ऑनलाइन दोस्ती को लेकर जागरूक करने की अपील की है।

## नालंदा

# कृषि भूमि अधिग्रहण व भारत-अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ किसानों का प्रतिरोध मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। खेती-किसानी बचाने, कॉरपोरेट लूट का राज खत्म करने, 12 सैटेलाइट टाउनशिप व टोपोलैंड के नाम पर कृषि भूमि के कथित अधिग्रहण के खिलाफ तथा भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को अखिल भारतीय किसान महासभा ने हिलसा में प्रतिरोध मार्च निकाला। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला भी दहन किया गया। मार्च काजी बाजार से शुरू होकर काली स्थान, वरुण तल और सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने की। जिला सचिव मुनी लाल यादव ने कहा कि सरकार 12 सैटेलाइट टाउनशिप व टोपोलैंड के नाम पर किसानों की कृषि योग्य जमीन अधिग्रहित कर रही है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की योजना वापस लेने, किसानों का कर्ज माफ करने और खेती के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की।प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समझौता वापस नहीं हुआ तो किसान महासभा जनजागरण अभियान चलाकर आंदोलन तेज करेगी। मौके पर रमाकांत शर्मा, अरविंद सिंह, पप्पू पासवान, द्वारिका यादव, सोमवार विंद और भीम बिंद सहित कई किसान मौजूद थे।

# 13 अगस्त को बिहारशरीफ में निकलेगी तिरंगा यात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय, मेहनौर में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 9 से 17 अगस्त तक देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की अपील की गई है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के हाथों तिरंगा फहराने का आह्वान किया, ताकि उनमें देशभक्ति की भावना मजबूत हो।इसी अभियान के तहत 13 अगस्त को नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की। बैठक में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्मस्थल से लाई गई पवित्र मिट्टी से भरे कलश को जिले के विभिन्न मठ-मंदिरों में ले जाकर स्वागत और पूजा-अर्चना करने पर भी चर्चा हुई। इसके बाद पवित्र मिट्टी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी से सामाजिक समरसता को मजबूती मिलेगी।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. रामसागर सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, साबो देवी, डॉ. आशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, योगेंद्र मंडल, राजू माहुरी, गोपाल कुमार, अमरकांत भारती, अमित गौरव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान के बेटे राजीव रंजन ने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में हासिल की 69वीं रैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। प्रखंड के अकैड़ गांव निवासी किसान के बेटे राजीव रंजन वर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा 2025 में 69वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। उनकी सफलता से परिवार के साथ-साथ गांव और पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। राजीव रंजन वर्मा किसान उपेंद्र प्रसाद और गृहिणी सुधा देवी के पुत्र हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव से पूरी करने के बाद डॉ. रामराज्य हाई स्कूल, पाण्डेयचक, नूरसराय से मैट्रिक और मगध महाविद्यालय, चंडी से इंटर की पढ़ाई की। इसके बाद मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीटेक की डिग्री हासिल की। बीटेक के बाद उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए दिल्ली का रुख किया। लगातार मेहनत और लगन के बल पर दूसरे प्रयास में सीएपीएफ परीक्षा में 69वीं रैंक हासिल की। राजीव रंजन ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और दोस्तों के भरोसे को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, ईमानदारी और निरंतर प्रयास से उसे हासिल किया जा सकता है। उनकी छोटी बहन भी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही है। ग्रामीणों ने उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी और उनकी सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

# नाबालिग के पास से देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बडीहा गांव में छापेमारी कर एक नाबालिग को देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बडीहा गांव में एक नाबालिग के पास अवैध हथियार मौजूद है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद नाबालिग को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए।पुलिस नाबालिग को थाना लेकर पहुंची, जहां उससे पूछताछ की गई। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार और कारतूस उसके पास कहां से आए और इन्हें रखने के पीछे क्या उद्देश्य था। साथ ही हथियार उपलब्ध कराने वाले लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस जब्त कर लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नाबालिग के पास चार जिंदा कारतूस मिलने से मामले की गंभीरता बढ़ गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं इसके पीछे किसी आपराधिक गिरोह या अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है।

# बिहार बैठकी में सामाजिक बदलाव पर मंथन, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रविवार को दीपनगर स्थित एक सभागार में 'बिहार बैठकी' कार्यक्रम के तत्वावधान में प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। इसमें सामाजिक मूल्यों, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार, किसान, स्वास्थ्य और पर्यावरण समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ विभिन्न जिलों से पहुंचे डॉ. रत्नेश चैधरी, डॉ. निखिल, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. सत्येंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. रत्नेश चैधरी ने कहा कि युवा आने वाली पीढ़ी के दर्पण हैं और देश-प्रदेश का भविष्य तय करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज को संकीर्ण पारिवारिक दायरे से निकलकर 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना की ओर बढ़ना होगा। डॉ. निखिल और डॉ. राकेश ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत को गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए इसके खिलाफ व्यापक मुहिम चलाने की जरूरत बताई।डॉ. सत्येंद्र कुमार और समाजसेवी जय लक्ष्मी देवी ने युवाओं को सही मार्गदर्शन देने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार बैठकी जैसे वैचारिक मंचों का आयोजन सभी जिलों में होना चाहिए, जहां जाति और दल से ऊपर उठकर स्वच्छ एवं समृद्ध समाज की बात हो।बैठक में नितेन्द्र विक्रम कौशिक, अजय कुमार आयुष, अमितेष कुमार, कुणाल दीप, विश्वास कुमार, रविराज, गोपाल पांडेय, विकास गौतम, राहुल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने अभियान को प्रखंड स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# बामसेफ पथ संचलन कर शिक्षा और संवैधानिक चेतना का संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्व मूलनिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को नालंदा बामसेफ एवं मूलनिवासी संघ के संयुक्त तत्वावधान में शहर में पथ संचलन निकाला गया। श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से शुरू हुआ संचलन देवीसराय स्थित अंबेडकर गोलंबर पहुंचा। इस दौरान सदस्यों ने वैचारिक नारों के माध्यम से शिक्षा, संगठन, सामाजिक न्याय और संवैधानिक चेतना का संदेश दिया। अंबेडकर गोलंबर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पथ संचलन का नेतृत्व मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष केशो जमादार ने किया, जबकि अध्यक्षता रामाश्रय पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए बामसेफ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रमण ने कहा कि विश्व मूलनिवासी दिवस सामाजिक न्याय, समान अवसर, आत्मसम्मान और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। बामसेफ के जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया। प्रदेश मूलनिवासी संघ के कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार ने ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति और विरासत के संरक्षण का आह्वान किया।जिला सचिव मो. जाहिद हुसैन समेत अन्य वक्ताओं ने शिक्षा, भाईचारे, समानता और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की अपील की।

# 50 साल बाद शिव मंदिर में गूंजा अखंड कीर्तन, भक्तिमय हुआ ढिबरा पर गांव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगरनौसा प्रखंड के ढिबरा पर थाना के समीप स्थित शिव मंदिर में रविवार को करीब 50 साल बाद 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। कीर्तन के दौरान 'जय हरि गंगे', 'जय जगदम्बे', 'गौरी शंकर' और 'सीता राम' के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा।आयोजक मनोज कुमार, उमेश प्रसाद और विजय कुमार ने बताया कि करीब पांच दशक पहले समाजसेवी स्वर्गीय गंगा सागर सिंह के सहयोग से गांव में शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर निर्माण के समय अखंड कीर्तन हुआ था, लेकिन इसके बाद लंबे समय तक ऐसा आयोजन नहीं हो सका।समाजसेवी शिक्षक स्वर्गीय कृष्ण सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पुत्रों और ग्रामीणों के सहयोग से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# तेज रफ्तार वाहन ने पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की मौत, बेटा गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मानपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पिता की मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि 65 वर्षीय प्रमोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके पुत्र अजय कुमार को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतक की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्रमोद कुमार अपने पुत्र अजय कुमार के साथ जजमान के यहां काम करने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में प्रमोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।सूचना मिलने पर मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवती की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा रेलवे स्टेशन पर रविवार को मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के धनियामा गांव निवासी स्वीटी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि स्वीटी अपनी सहेलियों के साथ नालंदा खंडहर घूमने आई थी। लौटने के दौरान ट्रेन पकड़ने के लिए वह स्टेशन पहुंची थी। इसी दौरान पटरी पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों ने स्टेशन पहुंचकर हंगामा किया और मौके पर मौजूद रेलकर्मी पर युवती को पटरी पार करने से नहीं रोकने का आरोप लगाया। सूचना पर रेल डीएसपी, राजगीर डीएसपी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सुरक्षा के बीच पलामू एक्सप्रेस को रवाना कराया गया। स्थानीय लोगों ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्टेशन पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में 10 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे शिक्षक-कर्मचारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार सरकार के प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 की विसंगतियों के विरोध में गया कॉलेज, जे.जे. कॉलेज, ए.एम. कॉलेज एवं जीबीएम कॉलेज, गयाजी के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी 10 अगस्त 2026 को सामूहिक अवकाश लेकर मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय, बोधगया में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान कुलपति को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित अधिनियम की विसंगतियों को दूर करने की मांग की जाएगी। आंदोलन की सफलता को लेकर चारों महाविद्यालयों के शिक्षकों ने संयुक्त बैठक कर नीतिगत मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। गया कॉलेज शिक्षक संघ के प्रतिनिधि ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित जानकारी तथा अन्य स्रोतों से प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के कई प्रावधानों में गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। शिक्षकों के अनुसार प्रस्तावित अधिनियम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता पर प्रहार किया गया है। अकादमिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण सरकार अपने हाथों में लेना चाहती है। साथ ही अंगीभूत डिग्री महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय से अलग कर बिहार सरकार के अधीन लाने का प्रावधान शिक्षकों और विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित कर सकता है। इससे शिक्षकों के कैरियर तथा पठन-पाठन पर भी सीधा असर पड़ने की आशंका है। शिक्षकों का आरोप है कि अधिनियम तैयार करने से पूर्व विशेषज्ञों से पर्याप्त विचार-विमर्श एवं सलाह नहीं ली गई। शिक्षकों ने बताया कि पूरे बिहार में इस प्रस्तावित अधिनियम के विरोध में आंदोलन चल रहा है। मगध विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी इसमें शामिल हैं। आंदोलन 5 अगस्त से शुरू हुआ है। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी काला रिबन लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं। 11 से 25 अगस्त तक विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर विभाग एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी प्रत्येक कार्य दिवस को दोपहर 1:30 से 2 बजे तक 30 मिनट नारेबाजी करेंगे। वहीं 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रस्तावित विधेयक को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ संवाद किया जाएगा।

# 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़कर बेहतर परिणाम हासिल करेंगे : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**राजगीर।** राजगीर परिसदन में उत्तर प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव जयप्रकाश पटेल के नेतृत्व में पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का स्वागत करते हुए बिहार सरकार के मंत्री तथा उत्तर प्रदेश जदयू के संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जदयू को मजबूती के साथ चुनाव लड़कर बेहतर परिणाम हासिल करना है। उन्होंने कहा कि जदयू राष्ट्रीय सोच वाली पार्टी है। बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास एवं सुशासन मॉडल की चर्चा हो रही है। उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करना जदयू के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। श्रवण कुमार ने कहा कि संगठन में युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। कार्यकर्ता गांव-गांव और जन-जन तक पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि एनडीए के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए गए हैं। उन्होंने बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार ने सुशासन, ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। महिलाओं, बेटियों और ग्रामीण विकास से जुड़ी कई योजनाएं दूसरे राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनी हैं। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलते हुए ही राज्य का समुचित विकास संभव है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के जदयू कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की विकासवादी सोच एवं जनहितकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं, ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को बेहतर परिणाम मिल सके।

## मगध विश्वविद्यालय प्रेस का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

# इंचार्ज समेत कई कर्मचारी नदारद, अनुपस्थित कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने शनिवार को विश्वविद्यालय प्रेस का औचक निरीक्षण किया। कुलपति के इस अचानक दौरे से विश्वविद्यालय परिसर और प्रेस कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई कि प्रेस के इंचार्ज/अधीक्षक सहित कई कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त करने और कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. केशरी ने यह कदम उठाया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रेस कार्यालय की उपस्थिति पंजी की भी जांच की। ड्यूटी के प्रति लापरवाही को देखकर कुलपति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्य संस्कृति के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों की इस घोर उदासीनता को गंभीरता से लेते हुए कुलपति ने तत्काल प्रभाव से सख्त प्रशासनिक कदम उठाए। उन्होंने अनुपस्थित पाए गए प्रेस इंचार्ज, अधीक्षक एवं सभी संबंधित कर्मचारियों से अविलंब स्पष्टीकरण तलब करने का आदेश दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस औचक निरीक्षण के जरिए कड़ा संदेश दिया गया है। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय के किसी भी अंग में अनुशासनहीनता, लेटलतीफी या कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को पटरी पर लाने के लिए भविष्य में भी अन्य प्रशासनिक विभागों, संकायों और महाविद्यालयों का इसी प्रकार औचक निरीक्षण जारी रहेगा जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपनी ड्यूटी से गायब मिलेंगे, उनके खिलाफ नियमसंगत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कोंच पुलिस ने दो फरार वारंटियों को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धरहरा गांव निवासी नरेश यादव और राजीव यादव के रूप में हुई है। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और पुलिस उनकी काफी समय से तलाश कर रही थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एसआई सरोज कुमार सहित पुलिस टीम शामिल थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# सिद्ध काव्य वाटिका की 67वीं कवि गोष्ठी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका की 67वीं कवि गोष्ठी प्रसिद्ध कवि अरुणोदय मिश्र की अध्यक्षता में बड़े ही उल्लासपूर्ण एवं साहित्यिक माहौल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी विविध रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकार, आध्यात्मिकता, प्रकृति, जीवन-दर्शन एवं समसामयिक विषयों को स्वर दिया। गोष्ठी में श्यामसुंदर मिश्र ने 'जुल्मी बरसात', श्रीकांत पाठक ने 'शिव विज्ञान', मदन पाठक ने 'शिव परिवार', रणजीत शर्मा ने 'कृष्ण विरह', श्रीमोहन मिश्र ने 'मानव शरीर रामायण', किरण प्रजापति ने 'विश्वासघात', चंदन कुमार ने 'वोट हमारा, राज तुम्हारा', कुन्दन कुमार मिश्र ने 'वर्षा ऋतु', अजय कुमार शास्त्री ने 'जीवन का महत्व', अमरजीत शर्मा ने 'राम को बुलाओ', गणेशदत्त मिश्र ने 'कार्यकर्ता संदेश', हरिनंदन मिश्र ने 'जीवन की उन्नति' तथा विनोद बरबिगहिया ने 'क्या नाम दूं' शीर्षक रचनाओं की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने 'भोले बाबा अगम अपार हैं' शीर्षक रचना प्रस्तुत की। वहीं गोष्ठी के अध्यक्ष अरुणोदय मिश्र ने 'चाटुकार मीडिया' शीर्षक कविता का पाठ कर समसामयिक विषयों पर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति दी।

अंत में अध्यक्ष अरुणोदय मिश्र ने सभी कवियों एवं उपस्थित साहित्यप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर अमरेन्द्र कुमार पाठक, विजय पाल, दीपक कुमार पाठक, त्रिगुणानन्द, प्रभानन्द मिश्र सहित अन्य साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिहार पृथ्वी दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पौधारोपण, छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर रविवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, शेरघाटी में रेंजर नीतिकेश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ग्यारह सूत्री संकल्प के साथ हुई। विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों तथा उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे पर्यावरण की रक्षा करेंगे, अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे तथा उनकी नियमित देखभाल भी करेंगे।

इसके बाद विद्यालय परिसर में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। वन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने पौधे लगाने की सही विधि, उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वन एवं वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण और हरियाली बढ़ाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वन विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं से अपील की कि वे केवल पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें, बल्कि उन्हें जीवित रखने के लिए नियमित सिंचाई और संरक्षण भी सुनिश्चित करें। छात्राओं ने भी पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने और अपने आसपास हरियाली बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में 'पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं' का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे कार्यक्रम की यादगार और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बने।

# चौकीदार पर चाकू से हमला करने का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** रविवार शेरघाटी थाना क्षेत्र के ढाब चिड़ैया गांव निवासी विनोद चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी पर शेरघाटी थाना के चौकीदार शिवकुमार यादव पर चाकू से हमला करने का आरोप है। इस घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। शेरघाटी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चौकीदार शिवकुमार यादव पर हुए चाकू हमले के मामले में नामजद आरोपी विनोद चौधरी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को कानून के दायरे में लाया गया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व ढाब चिड़ैया क्षेत्र में चौकीदार शिवकुमार यादव पर चाकू से हमला किया गया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस आगे भी आवश्यक अनुसंधान कर रही है। यदि जांच के दौरान अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह मुख्य पथ पर रविवार दोपहर ददरेजी पुल के समीप एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार को धक्का मार दिया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्कार्पियो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार घायल की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के ग्राम टेपा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज कुमार कौंडिल्य के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बाइक से अपनी बहन के घर सावनपुरिया लेकर अरंडा जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया।

# वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनने की ओर बढ़ रहा गया जंक्शन

## अहमदाबाद-सूरत-पुणे समेत कई शहरों की सीधी ट्रेन नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जंक्शन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने की कवायद तेज है, लेकिन देश के प्रमुख शहरों के लिए सीधी ट्रेन सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। पितृपक्ष जैसे धार्मिक आयोजनों के बावजूद, कनेक्टिविटी की कमी यात्रियों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहने पर मजबूर कर रही है। गया रेलवे स्टेशन डीडीयू मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों में शामिल है। स्टेशन को ए-वन श्रेणी से वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। आने वाले दिनों में यहां यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, बौद्ध श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए गया एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। पितृपक्ष मेला के दौरान यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके बावजूद गया से देश के कई बड़े शहरों के लिए सीधी और नियमित ट्रेन सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे यात्रियों को दूसरे शहरों या एयरपोर्ट का सहारा लेना पड़ता है। गया की भौगोलिक और धार्मिक-पर्यटन की महत्ता को देखते हुए लंबे समय से अहम शहरों के लिए नयी सीधी ट्रेनों की मांग उठती रही है। यात्रियों और विभिन्न संगठनों का कहना है कि जिस स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं वहां से देश के प्रमुख शहरों तक सीधी रेल कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए।

# अखिल भारतीय युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस सदाकत आश्रम में मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस आज बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बिहार युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराया। झंडोतोलन के बाद युवा कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया तथा संगठन के प्रतिज्ञान का पाठ किया। इस अवसर पर बिहार युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि युवा कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और युवाओं की आवाज को मजबूत करने से जुड़ा रहा है। आज का युवा देश की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवा कांग्रेस युवाओं के अधिकारों, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि युवाओं को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जागरूक एवं संगठित करना भी है। कार्यक्रम में विकास कुमार झा, खुशबू कुमारी, विशाल यादव ,बिट्टू यादव, राजनंदन कुमार, अभिषेक कुमार यादव सहित दर्जनों युवा नेता मौजूद थे।

# आमस विद्यालय में किशोरियों और महिलाओं को अधिकार व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आमस।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के अंतर्गत संचालित 'सखी' वन स्टॉप सेंटर, शेरघाटी द्वारा शनिवार को प्रोजेक्ट शिव बालक-बालिका इंटर विद्यालय, आमस में किशोरियों एवं महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन-181, महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा की रोकथाम, साइबर अपराध से बचाव तथा आपातकालीन सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में पीड़ित महिलाओं को 'सखी' वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अस्थायी आश्रय, चिकित्सीय सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, पुलिस सहयोग, कानूनी सहायता सहित विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है। केंद्र प्रशासक प्रिया कुमारी ने छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच संबंधित विभाग और हेल्पलाइन से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. बबलू अंसारी, शिक्षिका ज्ञानती कुमारी गोंड, दिनेश पांडे, वेद प्रकाश, सूरज कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, अखतरी रौशन, पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी, सुमन लता, कमल प्रकाश, सचिन साव, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गया जिला तैलिक साहू सभा का निबंधन, 15 को होगा उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गया जिला तैलिक साहू सभा की बैठक रविवार को टिकारी रोड स्थित तैलिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष संजय लाल ने की। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि गया जिला तैलिक साहू सभा का निबंधन संख्या 380/26 प्राप्त हो गया है। सदस्यों ने इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए खुशी जताई। निबंधन के बाद संगठन की गतिविधियों को और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभा के निबंधन से संबंधित औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम 15 अगस्त को अध्यक्ष संजय लाल की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। वहीं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से 27 अगस्त को महिला जागरण महोत्सव तैलिक भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन के नए सत्र के लिए अध्यक्ष के चुनाव पर भी चर्चा हुई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि नए सत्र के अध्यक्ष का चुनाव आगामी भामाशाह जयंती 23 अप्रैल 2027 को कराया जाएगा।

# बिहार पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बिहार का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** बिहार पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में गया वन प्रमंडल गया के विभिन्न वन प्रक्षेत्रों द्वारा पर्यावरण संतुलन, वन एवं वन्यजीव संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, गया वन प्रमंडल, वन क्षेत्र पदाधिकारी, वनपाल, वनरक्षी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, वजीरगंज, फतेहपुर, शेरघाटी एवं राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय पड़रिया, उर्दू मध्य विद्यालय छकरबंधा, जवाहर नवोदय विद्यालय मखदुमपुर जहानाबाद, डोभी, अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 विद्यालय में पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण से सम्बंधित 11 सूत्री संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रांगण में 900 पौधों का सामूहिक पौधारोपण किया गया एवं पौधों की देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने, जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए सभी को प्रेरित किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी गया वन प्रमंडल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पृथ्वी केवल मानव के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जंतुओं एवं वनस्पतियों का साझा आवास है। बढ़ता प्रदूषण, वनों की कमी, जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता में हो रही कमी पृथ्वी के संतुलन के लिए गंभीर चुनौती हैं। इन चुनौतियों का सामना केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बिहार जैसे जैव-विविधता से समृद्ध राज्य में वन एवं हरित क्षेत्र पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मृदा एवं जल संरक्षण, जलवायु नियमन तथा वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं उनके जीवित रहने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर 'हरित बिहार, स्वस्थ बिहार' के संकल्प के साथ आम लोगों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। पौधा लगाएं, पौधा बचाएं, वन और वन्यजीवों की रक्षा करें। प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

# बदल रही ब्रह्मकुंड की तस्वीर, निखरेगी राजगीर की तकदीर

## 49.87 करोड़ की लागत से चल रही महत्वाकांक्षी परियोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सदियों से आस्था, इतिहास और प्राकृतिक गर्म जलस्रोतों के लिए प्रसिद्ध राजगीर का ब्रह्मकुंड अब बदलाव की ओर बढ़ रहा है। धार्मिक पर्यटन के इस प्रतिष्ठित केंद्र को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए पर्यटन विभाग व्यापक स्तर पर काम कर रहा है। लगभग 49.87 करोड़ रुपये की लागत से संचालित 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ ब्रह्मकुंड' परियोजना के तहत ब्रह्मकुंड का कायाकल्प किया जा रहा है जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिल सके। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परियोजना का 32 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। अगले वर्ष सितंबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के तहत ब्रह्मकुंड परिसर को पूरी तरह नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। यहां भव्य पर्यटन प्रवेश द्वार, आकर्षक पब्लिक प्लाजा, चौड़े एवं सुरक्षित पाथवे, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया, ओपन एयर एम्फीथिएटर, वॉच टावर, थीम गेटवे प्लाजा, आधुनिक पार्किंग, पर्यटक सुविधा केंद्र, टॉयलेट ब्लॉक तथा आकर्षक लैंडस्केपिंग विकसित की जा रही है। साथ ही पूर्व घाट और पुल का जीर्णोद्धार, पुराने चहारदिवारी को तोड़ कर नए चहारदिवारी का भी पुनर्विकास किया जा रहा है। ताकि ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए आधुनिक स्वरूप दिया जा सके। पर्यटन विभाग के अनुसार परियोजना के विभिन्न घटकों पर अलग-अलग स्तर पर काम चल रहा है। पर्यटक सुविधा केंद्र का लगभग 85 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं पब्लिक प्लाजा का 18 प्रतिशत, पुराने चहारदिवारी, तालाब के पुनर्विकास का 15 प्रतिशत तथा वॉच टावर एवं थीम गेटवे प्लाजा का 12 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष संरचनाओं पर भी निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मकुंड केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। मान्यता है कि यहां के गर्म जलकुंडों में स्नान करने से अनेक रोगों से राहत मिलती है। इसी वजह से हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचते हैं। आधुनिक सुविधाओं के विकसित होने के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। पर्यटन विभाग का मानना है कि यह परियोजना केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजगीर की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को भविष्य की पर्यटन आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की एक दीर्घकालिक पहल है। राजगीर में हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अन्य पर्यटन परियोजनाओं के बाद अब ब्रह्मकुंड का यह कायाकल्प राज्य सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत राजगीर को देश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गंतव्यों में स्थापित किया जा रहा है।

संपादकीय

# मप्र : अब सफर और महंगा

मध्यप्रदेश में राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन के किराए बढ़ाए जाने के बाद आम आदमी के लिए बसों में सफर करना और महंगा हो गया है। पहले ही से महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए एक और बड़ा झटका है। राज्य सरकार प्रदेश में सड़क परिवहन की नई दरों की अधिसूचना जारी कर दी है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। इसके मुताबिक औसतन 55 से 60 फीसदी तक किराए में वृद्धि की गई है। यानी कि जिस बस का किराया अभी 400 रू. लगता है, वहां अब यात्री को 600 से 700 रू. तक देने पड़ सकते हैं। किराया वृद्धि का सर्वाधिक असर लंबी दूरी के यात्रियों पर पड़ेगा। जारी अधिसूचना के मुताबिक परिवहन विभाग ने बस किराए में 75 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की है। नई व्यवस्था के तहत बस ऑपरेटर यात्रियों से अधिकतम 2 रुपए प्रति किलोमीटर किराया लिया जाएगा। जबकि न्यूनतम किराया 10 रू. होगा। पहले यह दर 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर थी, यानी किराये में 75 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। नई दरों के अनुसार यदि कोई यात्री 100 किलोमीटर की यात्रा करता है तो उसे पहले अधिकतम 125 रुपये किराया देना पड़ता था, जबकि अब उसे 200 रुपये तक किराया देना होगा। यानी यात्रियों पर करीब 75 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नोटिफिकेशन के मुताबिक रात्रिकालीन सामान्य बस सेवा का किराया सामान्य दर से 10 प्रतिशत अधिक होगा। वहीं डीलक्स (नॉन एसी) बसों में 25 प्रतिशत, स्लीपर बसों में 40 प्रतिशत, डीलक्स एसी बसों में 50 प्रतिशत और सुपर लग्जरी एसी कोच में 75 प्रतिशत तक अधिक किराया लिया जा सकेगा। हालांकि डीलक्स, स्लीपर और लग्जरी बसों पर अलग से नाइट चार्ज नहीं लगेगा। एक्सप्रेस बस सेवाओं पर भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

गौरतलब है कि मप्र में बसों की यह किराया वृद्धि 5 साल बाद की गई है। इस बीच खाड़ी युद्ध के कारण ईंधन की बढ़ी कीमतों के कारण सरकार पर किराया बढ़ाने का काफी दबाव बस ऑपरेटरों की ओर से था। किराया न बढ़ाने पर उन्होंने 7 अगस्त से पूरे प्रदेश में परिवहन हड़ताल की चेतावनी दी थी। जिससे राज्य परिवहन व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो सकती थी और आम नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। सोमवार को परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और विभागीय अधिकारियों ने बस ऑपरेटरों के साथ बैठक की थी। बैठक में सरकार ने किराया बढ़ाने के संकेत दिए थे। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति भी थी। ऐसे में सरकार ने बस ऑपरेटरों की बात मान ली और किराया बढ़ाकर डेढ़ गुना करने के आदेश जारी कर दिए। हालांकि एकदम इतनी वृद्धि जरूर सवालों के घेरे में है। हालांकि बस ऑपरेटर केवल किराया वृद्धि से संतुष्ट नहीं हैं। मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन ने सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। चार मांगों का निर्णय अभी बाकी है। इनमें मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा के लिए आरक्षित 40 रूटों पर निजी बसों को भी संचालन की अनुमति देना शामिल है। 20 फरवरी को जारी यह अधिसूचना अभी रोक दी गई है। बस ऑपरेटरों की मांग है कि इसे पूरी तरह निरस्त किया जाए। सरकार ने अगर उनकी मांग नहीं मानी तो वो आगे और आंदोलन और हड़ताल की जाएगी। इसके अलावा एसोसिएशन ने सरकार से बसों की वैध संचालन अवधि 15 से बढ़ाकर 20 साल करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि कई अन्य राज्यों में यह पहले से लागू है। दरअसल किराया वृद्धि की यह मांग आम यात्रियों की उस अपेक्षा के ठीक विपरीत है, जहां लोक परिवहन सस्ते में उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

विश्व शेर दिवस (10 अगस्त) पर विशेष

# खामोश होती शेरों की दहाड़, संरक्षण से फिर गूँजे जंगल



संजय कुमार

भारत में कभी जिस शेर की दहाड़ खामोश होने के कगार पर पहुंच चुकी थी, आज तस्वीर बदल रही हैं। दहाड़ अब गूंजने लगी है। 16वें शेर जनसंख्या अनुमान के अनुसार शेरों की आबादी में वृद्धि हुई है, वर्ष 2025 में अनुमानित संख्या 891 है, जबकि वर्ष 2020 में यह 674 और 2010 के 411 ही थी।

गुजरात के जंगलों और उसके आसपास के इलाकों में फिर से शेरों की दहाड़ गूंज रही है। यह सब संरक्षण से संभव हुआ। जिसने दुनिया का ध्यान खींचा है। विश्व शेर दिवस के मौके पर यह उपलब्धि न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह भी बताती है कि गंभीर संकट में पहुंच चुकी किसी वन्यजीव प्रजाति को वैज्ञानिक संरक्षण, स्थानीय भागीदारी और सतत प्रयासों के जरिए कैसे बचाया जा सकता है।

गुजरात में वर्ष 2010 में शेरों की संख्या 411 दर्ज की गई थी। वर्ष 2015 में यह बढ़कर 523 हुई और 2020 में 674 तक पहुंच गई। वर्ष 2025 की ताजा गणना में गुजरात में 891 एशियाई शेर दर्ज किए गए। यानी 2020 के मुकाबले पांच वर्षों में शेरों की संख्या में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं 2010 से 2025 के बीच इनकी संख्या में 70 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है। यह उस संरक्षण प्रयास की सफलता का संकेत है, जिसने एक समय विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी प्रजाति को दोबारा मजबूती दी है।

शेरों की कुल संख्या बढ़ने के साथ-साथ वयस्क मादा शेरों की संख्या में हुई वृद्धि भी खास महत्व रखती है। वर्ष 2020 में गुजरात में वयस्क मादा शेरों की संख्या 260 थी, जो 2025 में बढ़कर 330 हो गई। किसी भी वन्यजीव आबादी की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए प्रजनन करने वाले वयस्कों की पर्याप्त संख्या बेहद महत्वपूर्ण होती है। इसलिए मादा शेरों की बढ़ती संख्या इस बात का सकारात्मक संकेत है कि एशियाई शेरों की आबादी केवल संख्या के लिहाज से नहीं, बल्कि प्रजनन और प्राकृतिक वृद्धि के लिहाज से भी मजबूत हो रही है। देखा जाये तो भारत में शेर सदियों से संस्कृति, परंपरा और शक्ति के प्रतीक रहे हैं। लेकिन बीसवीं सदी की शुरुआत तक शेरों की संख्या इतनी तेजी से घट चुकी थी कि उनका अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। हालात ऐसे बने कि एशियाई शेरों की एकमात्र जंगली आबादी गुजरात के गिर और उसके आसपास के इलाकों तक सीमित रह गई। इस लिहाज से गिर सिर्फ शेरों का घर नहीं था, बल्कि पूरी प्रजाति के अस्तित्व की आखिरी उम्मीद बन गया था।



शेर अब केवल अधिसूचित जंगलों तक सीमित नहीं हैं। सौराष्ट्र के अधिसूचित वन क्षेत्रों के साथ-साथ नदी किनारे के इलाकों, राजस्व भूमि और आसपास के दूसरे क्षेत्रों में भी उनकी मौजूदगी देखी जा रही है। यह विस्तार शेरों की बढ़ती आबादी और उनके नए क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से फैलने की क्षमता को दर्शाता है। इस बदलाव की एक महत्वपूर्ण मिसाल बरडा वन्यजीव अभयारण्य है। जिस इलाके से शेर कभी गायब हो चुके थे, वहां उनकी प्राकृतिक वापसी हुई है। वर्ष 2023 में शेरों के बरडा पहुंचने के बाद 2025 तक यहां उनकी संख्या बढ़कर 17 हो गई। इनमें छह वयस्क शेर और 11 शावक शामिल हैं। यह वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी प्रजाति का अपने ऐतिहासिक आवासों में स्वाभाविक रूप से लौटना संरक्षण की सफलता का महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है।

शेरों की बढ़ती संख्या निश्चित रूप से उत्साहजनक है, लेकिन इसके साथ संरक्षण की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। जैसे-जैसे शेरों का प्राकृतिक दायरा बढ़ रहा है, उनका इंसानी बस्तियों, कृषि क्षेत्रों, सड़कों और अन्य मानवीय गतिविधियों वाले इलाकों से संपर्क भी बढ़ सकता है। इसलिए भविष्य की चुनौती सिर्फ शेरों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि उनके लिए पर्याप्त और सुरक्षित आवास सुनिश्चित करना, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना, शिकार और दुर्घटनाओं से उनकी रक्षा करना तथा आबादी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बनाए रखना है।

एशियाई शेरों की पूरी जंगली आबादी लंबे समय तक एक ही भौगोलिक क्षेत्र पर निर्भर रही है। ऐसे में उनकी आबादी का व्यापक और सुरक्षित विस्तार संरक्षण की दृष्टि से बेहद अहम हो जाता है। 2010 के 411 शेरों से 2025 के 891 शेरों तक का सफर केवल एक प्रजाति की संख्या बढ़ने की कहानी नहीं है। यह उस सामूहिक प्रयास का परिणाम है, जिसने एशियाई शेर को विलुप्ति के खतरे से निकालकर फिर से उसके ऐतिहासिक परिदृश्य में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। कभी गुजरात के गिर तक सीमित रह गई शेरों की दहाड़ अब सौराष्ट्र के नए इलाकों तक सुनाई दे रही है। बरडा में शेरों की प्राकृतिक वापसी इस कहानी का नया अध्याय है।

विश्व शेर दिवस पर एशियाई शेरों की यह उपलब्धि हमें एक महत्वपूर्ण संदेश देती है–संरक्षण केवल किसी प्रजाति को बचाने का प्रयास नहीं, बल्कि उसके प्राकृतिक आवास, पारिस्थितिकी और इंसानों के साथ उसके सह-अस्तित्व को सुरक्षित करने की लंबी प्रक्रिया है। देश में 411 से 891 शेरों तक की यह यात्रा बताती है कि अगर संरक्षण के प्रयास निरंतर और वैज्ञानिक तरीके से किए जाएं, तो विलुप्ति की ओर बढ़ती दहाड़ को फिर से जंगलों की पहचान बनाया जा सकता है।

अध्यात्म

## शुद्ध भावनाओं से ईश्वर और सुंदर भविष्य पक्का है

घण्टा बजाने वाला आदमी आरती के समय, भाव के साथ इतना मसगुल हो जाता था कि होश में ही नहीं रहता था। व्यक्ति पूरे भक्ति भाव से खुद का काम करता था। मन्दिर में आने वाले सभी व्यक्ति भगवान के साथ साथ घण्टा बजाने वाले व्यक्ति के भाव के भी दर्शन करते थे। उसकी भी वाह वाह होती थी। एक दिन मन्दिर का ट्रस्ट बदल गया, और नये ट्रस्टी ने ऐसा आदेश जारी किया कि अपने मन्दिर में काम करते सब लोग पढ़े लिखे होना जरूरी है। जो पढ़े लिखें नहीं है, उन्हें निकाल दिया जाएगा। उस घण्टा बजाने वाले भाई को ट्रस्टी ने कहा कि : तुम्हारी आज तक का पगार ले लो। कल से तुम नौकरी पर मत आना। उस घण्टा बजाने वाले व्यक्ति ने कहा : साहेब भले मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं, परन्तु इस कार्य में मेरा भाव भगवान से जुड़ा हुआ है, देखो! ट्रस्टी ने कहा : सुन लो तुम पढ़े लिखे नहीं हो, इसलिए तुम्हे रखने में नहीं आएगा... दूसरे दिन मन्दिर में नये लोगो को रखने में आया। परन्तु आरती में आये लोगो को अब पहले जैसा मजा नहीं आता था। घण्टा बजाने वाले व्यक्ति की सभी को कमी महसूस होती थी। कुछ लोग मिलकर घण्टा बजाने वाले व्यक्ति के घर गए, और विनती करी तुम मन्दिर आओ। उस भाई ने जवाब दिया : मैं आऊंगा तो ट्रस्टी को लगेगा कि मैं नौकरी लेने के लिए आया है। इसलिए मैं नहीं आ सकता। वहाँ आये हुए लोगो ने एक उपाय बताया कि, मन्दिर के बराबर सामने आपके लिए एक दुकान खोल के देते है। वहाँ आपको बैठना है और आरती के समय घण्टा बजाने आ जाना, फिर कोई नहीं कहेगा तुमको नौकरी की जरूरत है। उस भाई ने मन्दिर के सामने दुकान शुरू की और वो इतनी चली कि एक दुकान से सात दुकान और सात दुकानो से एक फैक्ट्री खोली। अब वो आदमी मंहगी गाड़ी से घण्टा बजाने आता था। समय बीतता गया। ये बात पुरानी सी हो गयी... मन्दिर का ट्रस्टी फिर बदल गया। नये ट्रस्ट को नया मन्दिर बनाने के लिए दान की जरूरत थी। मन्दिर के नये ट्रस्टी को विचार आया कि सबसे पहले उस फैक्ट्री के मालिक से बात करके देखते है। ट्रस्टी मालिक के पास गया। सात लाख का खर्चा है, फैक्ट्री मालिक को बताया। फैक्ट्री के मालिक ने कोई सवाल किये बिना एक खाली चेक ट्रस्टी के हाथ में दे दिया और कहा चैक भर लो ट्रस्टी ने चैक भरकर उस फैक्ट्री मालिक को वापस दिया। फैक्ट्री मालिक ने चैक को देखा और उस ट्रस्टी को दे दिया। ट्रस्टी ने चैक हाथ में लिया और कहा सिग्नेचर तो बाकी है। मालिक ने कहा मुझे सिग्नेचर करना नहीं आता है लाओ : अंगुठा मार देता हुँ, वही चलेगा... ये सुनकर ट्रस्टी चौक गया और कहा : साहेब तुमने अनपढ़ होकर भी इतनी तरक्की की, यदि पढे लिखे होते तो कहाँ होते। तो वह सेठ हँसते हुए बोला : भाई, मैं पढ़ा लिखा होता तो बस मन्दिर में घण्टा बजा रहा होता। सारांश : कार्य कोई भी हो, परिस्थिति कैसी भी हो, हमारी काबिलियत, हमारी भावनाओं पर निर्भर करती है। भावनायें शुद्ध होगी तो ईश्वर और सुंदर भविष्य पक्का हमारा साथ देगा।

# झारखंड के युवाओं के आंदोलन की गूंज

कभी-कभी किसी राज्य की सबसे बड़ी लड़ाई सड़क पर नहीं, बल्कि युवाओं की आंखों में दिखाई देती है। उन आंखों में जो कभी सपनों से चमकती थीं, आज सवालों से भरी हैं। जब एक किसान अपने खेत में बीज बोता है, तो उसे विश्वास होता है कि मेहनत का फल मिलेगा। जब एक विद्यार्थी वर्षों तक किताबों के बीच अपने भविष्य को गढ़ता है, तो उसे भी यही उम्मीद रहती है कि उसकी मेहनत का न्याय होगा। लेकिन यदि फसल पकने से पहले कोई उसे लूट ले और परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र बिक जाए, तो केवल एक किसान या एक छात्र नहीं हारता, बल्कि पूरे समाज का विश्वास टूटता है। आज झारखंड की राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में बैठा हजारों युवाओं का जनसैलाब इसी टूटे हुए विश्वास को फिर से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। यह आंदोलन केवल एक परीक्षा का विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था से ईमानदारी की मांग है। जुलाई 2026 से शुरू हुआ यह छात्र आंदोलन झारखंड के इतिहास में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक आवाजों में गिना जा रहा है। जेपीएससी और जेएसएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, ओएमआर शीट से छेड़छाड़, भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों ने लाखों अभ्यर्थियों को गहरे आक्रोश में ला दिया है। वर्षों तक कठिन परिश्रम करने वाले छात्र यह महसूस कर रहे हैं कि यदि चयन योग्यता के बजाय धांधली से होगा, तो उनकी मेहनत का कोई मूल्य नहीं बचेगा। यही कारण है कि हजारों छात्र रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अनिश्चितकालीन धरने और सत्याग्रह पर बैठे हैं। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है, लेकिन इसकी गूंज पूरे राज्य और देश में सुनाई दे रही है। इस आंदोलन में शामिल अधिकांश छात्र किसी राजनीतिक दल के झंडे के नीचे नहीं, बल्कि अपने भविष्य की रक्षा के लिए एकजुट हुए हैं। स्टेडियम में लगे टेंट, हाथों में तख्तियां, संविधान की प्रस्तावना पढ़ते छात्र, राष्ट्रगान गाते युवा और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते अभ्यर्थी यह संदेश दे रहे हैं कि लोकतंत्र में विरोध भी अनुशासन और शालीनता के साथ किया जा सकता है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में यह आंदोलन लगातार आगे बढ़ रहा है और इसे देश के विभिन्न हिस्सों से नैतिक समर्थन भी मिल रहा है। आंदोलन की जड़ में केवल एक परीक्षा का विवाद नहीं है। छात्रों का आरोप है कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा सहित कई भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। कथित पेपर लीक, ओएमआर शीट में छेड़छाड़ और चयन प्रक्रिया पर उठे सवालों ने युवाओं के मन में गहरा अविश्वास पैदा कर दिया है।

# हरित ऊर्जा बढ़ी, कम नहीं हो रहा कार्बन उत्सर्जन

**दुनिया भर में पहले से कहीं अधिक सौर पैनल लगे रहे हैं, पवन ऊर्जा परियोजनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं और लगभग हर सरकार 'ग्रीन ट्रांजिशन' को अपनी प्राथमिकता बता रही है। फिर भी एक सवाल लगातार परेशान करता है यदि नवीकरणीय ऊर्जा इतनी तेज़ी से बढ़ रही है, तो वैश्विक कार्बन उत्सर्जन हर साल नया रिकॉर्ड क्यों बना रहा है? यह विरोधाभास केवल ऊर्जा उत्पादन का नहीं, बल्कि उन आँकड़ों का भी है जिनके आधार पर दुनिया अपनी सफलता का आकलन करती है।**

पिछले एक दशक में जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध संघर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। सौर और पवन ऊर्जा की लागत में उल्लेखनीय गिरावट आई है, नई तकनीकों का विकास हुआ है और कई देशों ने जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य घोषित किए हैं। इसके बावजूद वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता बढ़ रही है और चरम मौसम की घटनाएँ अधिक तीव्र होती जा रही हैं। यह स्थिति बताती है कि ऊर्जा परिवर्तन की कहानी केवल उपलब्धियों की नहीं, बल्कि उन सीमाओं और भ्रमों की भी है जिन्हें समझना आवश्यक है।

आज दुनिया भर में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी घोषणाओं में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि नई स्थापित बिजली क्षमता का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से आया है या ऊर्जा क्षेत्र का अधिकांश नया निवेश हरित परियोजनाओं में हो रहा है। ये दावे तथ्यात्मक रूप से सही हो सकते हैं, लेकिन अक्सर वे पूरी तस्वीर नहीं दिखाते हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में प्रयुक्त शब्दावली जैसे 'स्थापित क्षमता', 'ऊर्जा निवेश', 'नवीकरणीय हिस्सेदारी' या 'हरित बिजली' तकनीकी अर्थ रखती है। जब इन्हें संदर्भ से अलग प्रस्तुत किया जाता है, तो आम नागरिक यह मान बैठता है कि जीवाश्म ईंधनों की जगह लगभग नवीकरणीय ऊर्जा ने ले ली है। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। ऊर्जा क्षेत्र में सबसे बड़ी गलतफहमियों में से एक 'स्थापित क्षमता' और 'वास्तविक उत्पादन' के बीच का अंतर है। यदि किसी देश ने 10 गीगावाट की नई सौर क्षमता स्थापित की है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह हर समय उतनी ही बिजली पैदा करेगा। सौर संयंत्र केवल दिन में और पर्याप्त धूप होने पर बिजली बनाते हैं। पवन ऊर्जा हवा की उपलब्धता पर निर्भर करती है।



इसके विपरीत कोयला, गैस और परमाणु संयंत्र अपेक्षाकृत लगातार बिजली उपलब्ध करा सकते हैं। यही कारण है कि किसी देश की ऊर्जा प्रगति का आकलन केवल स्थापित क्षमता से नहीं, बल्कि पूरे वर्ष में वास्तव में उत्पादित बिजली से किया जाना चाहिए। एक दूसरा भ्रम तब पैदा होता है जब बिजली उत्पादन और कुल ऊर्जा खपत को एक ही मान लिया जाता है। यदि किसी देश की 45 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से आ रही है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसकी कुल ऊर्जा का 45 प्रतिशत हिस्सा भी हरित हो चुका है। अधिकांश देशों में परिवहन अभी भी पेट्रोल और डीज़ल पर निर्भर है। इस्पात, सीमेंट और रसायन उद्योग बड़ी मात्रा में कोयला और गैस का उपयोग करते हैं। भवनों की गर्मी और औद्योगिक तापीय प्रक्रियाएँ भी जीवाश्म ईंधनों पर आधारित हैं। यानी बिजली में हरित हिस्सेदारी बढ़ना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन ऊर्जा संक्रमण की अंतिम मंज़िल नहीं। सरकारें और कंपनियाँ अक्सर यह बताती हैं कि ऊर्जा क्षेत्र का अधिकांश नया निवेश अब नवीकरणीय परियोजनाओं में हो रहा है। लेकिन निवेश के आँकड़ों को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि विभिन्न ऊर्जा स्रोतों की लागत संरचना अलग होती है। सौर और पवन परियोजनाओं में शुरुआती पूँजी निवेश अधिक होता है, जबकि गैस या कोयला आधारित संयंत्रों का बड़ा खर्च वर्षों तक ईंधन खरीदने में आता है। इसलिए केवल पूँजी निवेश की तुलना यह नहीं बताती कि किसी देश की ऊर्जा व्यवस्था वास्तव में किस दिशा में जा रही है। नीतिगत दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि किसी ऊर्जा स्रोत पर उसके पूरे जीवनकाल में कुल कितना खर्च होगा और उससे कितनी विश्वसनीय ऊर्जा प्राप्त होगी। ऊर्जा संबंधी सरकारी रिपोर्टों में 'नवीकरणीय ऊर्जा' की परिभाषा कई बार व्यापक होती है। इसमें जलविद्युत, बायोमास और अन्य स्रोत भी शामिल हो सकते हैं। लेकिन आम पाठक अक्सर इसे केवल सौर और पवन ऊर्जा के रूप में समझता है। इसलिए किसी भी आँकड़े को पढ़ते समय यह देखना आवश्यक है कि उसमें किन स्रोतों को शामिल किया गया है। पारदर्शिता का अर्थ केवल आँकड़े देना नहीं, बल्कि उनकी स्पष्ट व्याख्या करना भी है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी लगातार संकेत दे रही है कि वैश्विक बिजली की मांग तेज़ी से बढ़ रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन, एयर कंडीशनिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विस्तार ऊर्जा की नई भूख पैदा कर रहे हैं। यही कारण है कि कई देशों में नवीकरणीय ऊर्जा तेजी से बढ़ने के बावजूद जीवाश्म ईंधनों की खपत भी कम नहीं हो रही। नई हरित ऊर्जा का एक बड़ा हिस्सा पुराने स्रोतों को प्रतिस्थापित करने के बजाय बढ़ती मांग को पूरा करने में लग रहा है। यही वह बिंदु है जिसे ऊर्जा संक्रमण की बहस में पर्याप्त महत्व नहीं मिलता। सौर और पवन ऊर्जा की लागत में आई गिरावट निश्चित रूप से उत्साहजनक है। लेकिन ऊर्जा संक्रमण केवल उत्पादन का प्रश्न नहीं है। इसके लिए मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, लचीली वितरण व्यवस्था और दीर्घकालिक सार्वजनिक निवेश की भी आवश्यकता है। यदि बिजली उत्पादन बढ़े लेकिन उसे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने और आवश्यकता के समय उपलब्ध कराने की व्यवस्था कमजोर रहे, तो ऊर्जा परिवर्तन अधूरा रह जाएगा। ऊर्जा संक्रमण का सबसे विश्वसनीय पैमाना यह होना चाहिए कि क्या जीवाश्म ईंधनों का वास्तविक उपयोग घट रहा है, क्या कुल कार्बन उत्सर्जन कम हो रहा है और क्या ऊर्जा व्यवस्था अधिक स्वच्छ, विश्वसनीय तथा सबके लिए सुलभ बन रही है। हरित भविष्य केवल महत्वाकांक्षी घोषणाओं से नहीं बनेगा। वह तब बनेगा जब सरकारें, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और समाज मिलकर उपलब्धियों के साथ-साथ कमियों को भी ईमानदारी से स्वीकार करेंगे क्योंकि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का सामना केवल आशावाद से नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित निर्णयों से किया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा फोकस करेंगे। पुराने मित्रों के साथ मुलाकात होने से तरोताजा हो जायेंगे। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**वृषभ**
आप नये विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे हो जायेंगे। पारिवारिक मामलों को शान्तिपूर्वक निपटायें। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
सभी कार्यों को योजनाबद्ध रूप से करें। जीवनसाथी को आज आप पर्याप्त समय देंगे। जिससे आपके निजी सम्बन्ध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं।

**कर्क**
अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें। आपकी बातों से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर अत्यन्त भावुक रहेंगे।

**सिंह**
आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कन्या**
लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। भावनात्मक सम्बन्धों को लेकर अत्यन्त सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है।

**तुला**
नया व्यापार आरम्भ करने में मित्र आपका सहयोग कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में आप हाथ बटायेंगे। प्रेम सम्बन्धों के लिये दिन अनुकूल है।

**वृश्चिक**
जीवन में आ रही समस्याओं का हल मिलेगा। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर कुछ तनाव रहने की सम्भावना है।

**धनु**
विदेश में रह रहे लोग अपने घर वापस लौट सकते हैं। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। शाम के समय किसी भी प्रकार की वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**मकर**
आज सुबह आपकी मन:स्थिति थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। व्यवसायी अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये काम कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। किसी धार्मिक यात्रा के लिये जा सकते हैं। छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। गले में इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है। शाम के समय मूड बदलने के लिये कहीं घूमने जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता के साथ बदसलूकी

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ के स्टेशन रोड में विश्वकर्मा मंदिर के पास दुकान में आटा के पैकेट की एक्सपायरी डेट को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने अधिवक्ता अनिल कुमार के साथ बदसलूकी की। वही पीड़ित से 11000 रुपए भी दुकानदार ने छीन लिये। इस संबंध में अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि वह संजय कुमार के किराना दुकान से 5 किलोग्राम का आटा पैकेट खरीद कर ले गए थे जिसमें एक्सपायरी डेट निकल गई ।इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच बात बढ़ गई। इस संबंध में अधिवक्ता ने संजय कुमार उर्फ मास्टर पर केस दर्ज किया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### महिला के साथ अभ्रदता, केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के वार्ड नंबर 16 गोसाई मठ निवासी महिला को लगातार दो नंबर से कॉल कर अनजान व्यक्ति ने अभद्रता की। इसके बाद महिला को अपने डहमा कोंदी स्थित ईट भट्टे पर बुलाया। नहीं आने पर जान मारने की धमकी दी। इस संबंध में महिला ने कॉलर के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोप को लेकर कॉलर की तलाश कर रही है। महिला ने बताया कि लगातार कॉलर उसे फोन कर परेशान कर रहा है।

### जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ले में गुलाब बाग मोहल्ले में कुछ लोगों ने कामता प्रसाद की जमीन पर जबरन मिट्टी गिरकर रास्ता बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई। इस संबंध में पीड़ित के द्वारा आने में रामदेव यादव, नीरो यादव आदि के विरुद्ध केस दर्ज कराया है ।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सूदखोर सोनार के खिलाफ थाना में शिकायत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ सदर बाजार निवासी सूदखोर सोनार के द्वारा बंधक लिए गए स्वर्ण आभूषण को देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद मामला थाने पहुंचा। इस संबंध में बंधक रखने वाले व्यक्ति ने लिखित शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि उसने कुछ साल पहले सोने के जेवरात बंधक रखकर रुपए सूद पर लिए थे ।सोने की कीमत में भारी बढ़ोतरी होने के बाद सोनार की नीयत खराब हो गई। सोनार के द्वारा बाद में जेवर देने से इनकार कर दिया। मामले को लेकर दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर जांच पड़ताल गयी की है ।

### पिकअप चालक के साथ मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी थाना क्षेत्र के मुगलचक गांव में पिकअप चालक लाल यादव को कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। चालक ने बताया कि वह सकसोहरा बाजार से गाड़ी पर छड,सीमेंट और रिंग लाद कर मुगलचक गांव निवासी जवाहर यादव के घर पर जा रहा था। इसी दौरान जय हिंद यादव सहित चार लोगों ने उसे गाड़ी से खींचकर मारपीट की और बेहोश कर दिया। जख्मी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है ।पुलिस ने बयान दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### किसलय किशोर को दी गई भावभीनी विदाई

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे कॉलोनी सामुदायिक भवन परिसर में रविवार को स्टेशन मास्टर किसलय किशोर के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के दौरान रेल कर्मियों ने फूल-मालाओं से लादकर किसलय किशोर का स्वागत किया और ढोल-बाजे के साथ पूरे स्टेशन परिसर में भ्रमण कराया। माहौल भावुक होने के साथ-साथ उत्सव जैसा बना रहा।इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक हरिकिशोर कुमार ने कहा कि यह गजब का संयोग है कि कौशल बाबू ने अपनी ड्यूटी की शुरुआत मोकामा स्टेशन से ही की थी और सेवानिवृत्ति भी मोकामा स्टेशन मास्टर के रूप में ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि शालीनता, अनुशासन और कठिन परिस्थिति में भी चेहरे पर मुस्कान बनाए रखना उनकी पहचान रही है।समारोह में बाढ़ स्टेशन प्रबंधक अशोक मोलदियार, पूर्व स्टेशन प्रबंधक उमेश शंकर, रामेश्वर प्रसाद, रेल डॉक्टर गोविंद मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा, निराला जी,नीरज कुमार सहित सैकड़ों रेल कर्मी मौजूद रहे।



### रजिस्ट्री के बाद भी कागजात नहीं देने पर थाना में शिकायत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तारेगना मौजा में जमीन की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज हो जाने के बाद भी मूल दस्तावेज नहीं लौटाने का आरोप लगाकर मो. इस्माइल ने मसौढ़ी थाना में आवेदन दिया है।इस्माइल ने बताया कि उन्होंने मौजा तारेगना में 10 धुर जमीन नेजामुल हक के माध्यम से पूर्व भूस्वामीनी चम्पा देवी पति सुरेश चौधरी से खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री 23 अक्टूबर 2024 को उनके नाम हो चुकी है।आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद भी चम्पा देवी, सुरेश चौधरी और मध्यस्थों नेजामुल हक, मो. मुमताज एवं मो. मोईज आलम मूल दस्तावेज वापस नहीं कर रहे हैं। इससे पंजाब नेशनल बैंक से होम लोन नहीं मिल पा रहा है।इस्माइल ने आशंका जताई कि मूल कागज का दुरुपयोग कर फर्जी लोन या जमीन की दूसरी बिक्री की जा सकती है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर मूल दस्तावेज दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिल गया है, जांच की जा रही है।

### हथियार बरामदगी मामले की जांच करने पहुंचे एसडीपीओ

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चिंतामणिचक वार्ड संख्या 21 में शुक्रवार की रात एक घर से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और 3.6 लीटर शराब बरामदगी और इस मामले में रंजन कुमार की गिरफ्तारी के मामले की जांच करने आज रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आयुष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे।एसडीपीओ श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और रंजन कुमार के परिजनों सहित स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनके बयान दर्ज किए।



इस दौरान मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी और दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद रहे।परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर दूसरे पक्ष से मिलीभगत कर टीओपी प्रभारी राजेश कुमार ने द्वेषपूर्ण तरीके से उनके बंद पड़े घर में एक देसी कट्टा, दो कारतूस और शराब रखकर झूठा मामला दर्ज किया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद में चिंतामणिचक के ही छोटे सिंह ने साजिश के तहत सामान रखकर रंजन कुमार को फंसाया है।परिजनों के अनुसार, इस घटना की सूचना सुनते ही रंजन कुमार के बड़े भाई रघुनंदन प्रसाद सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई।मामले को लेकर एसडीपीओ आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। परिजनों और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### पॉक्सो मामले में फरार आरोपित गुजरात से गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 22 वर्षीय नीरज कुमार, पिता राजाराम पासवान, निवासी ग्राम सादिकपुर, थाना भदौर, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, भदौर थाना कांड संख्या 125/23, दिनांक 6 अक्टूबर 2023 के तहत आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और 365 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 और 6 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और गुजरात में रह रहा था। पुलिस ने तकनीकी एवं अन्य माध्यमों से आरोपी की जानकारी जुटाई और गुजरात पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर भदौर थाना लेकर पहुंची। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला, सिर फोड़ा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चकजुलाह गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धनरूआ थाना में आवेदन देकर 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदनकर्ता राकेश कुमार, पिता विजेन्द्र प्रसाद, निवासी चकजुलाह, वार्ड नं 1 ने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे काम के लिए घर से निकल रहा था। इसी दौरान गांव के ही तरुण प्रसाद उर्फ पिंकू प्रसाद, उसकी पत्नी लालमुनी देवी, अंकित कुमार, रीता कुमारी, काजू कुमारी और काजल कुमारी ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि सभी ने अचानक ईंट-पत्थर से हमला कर दिया।

# पटना व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

## कैडर पुनर्गठन व वेतन पुनरीक्षण से लेकर पुरानी पेंशन और अनुकंपा नियुक्ति तक की मांग






**पालीगंज/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ एवं न्यायालय कर्मचारी एकता मंच के आह्वान पर व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर 12 सूत्री मांगें को लेकर गर्दनीबाग धरना स्थल पर धरना दिया । बिहार राज्य व्यवहार न्यालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी तथा महासचिव सत्यार्थ सिंह ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपील की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में न्यायालय सहायकों का एक जनवरी 2006 से कैडर पुनर्गठन करते हुए 4600 ग्रेड पे में वेतन पुनरीक्षण करना शामिल है। कर्मचारियों ने राज्य सरकार एवं न्यायालय के अन्य सहायक व प्रशाखा पदाधिकारियों के समान कार्य के लिए समान वेतन निर्धारण की मांग की है। कर्मचारियों ने दशकों से लंबित प्रोन्नति के मामलों का अविलंब निपटारा करने तथा प्रोन्नति के नाम पर जबरन एमएसीपी देने की प्रक्रिया बंद कर समयबद्ध तरीके से नियमानुसार प्रोन्नति देने की मांग की है। सभी संवर्ग के कर्मचारियों के स्पष्ट कार्य दायित्व प्रकाशित करने और अनुचित कार्यभार से मुक्ति दिलाने की भी मांग रखी गई है। इसके अलावा न्यायिक कर्मचारियों के साथ भेदभाव समाप्त कर अन्य राज्य कर्मचारियों की तरह शत-प्रतिशत अनुकंपा नियुक्ति लागू करने, कर्मचारियों को उनके गृह जिला अथवा प्रमंडल के अंतर्गत जिले में पदस्थापना सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल जारी करने तथा न्यायालय की कार्यप्रणाली को देखते हुए न्यायिक कर्मचारियों के लिए विशेष कैडर लागू करने की मांग की गई है। कर्मचारियों ने शेट्टी आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में सभी भत्तों का सातवें वेतन आयोग के अनुरूप पुनरीक्षण कर लागू करने की मांग भी की है। साथ ही न्यायिक अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को अनुचित एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर परेशान किए जाने की नीति पर रोक लगाने की मांग उठाई गई है। मांगों में सभी न्यायालय कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए निशुल्क हेल्थ कार्ड जारी करना, केंद्र सरकार की तर्ज पर बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता लागू करना तथा अन्य राज्यों की तरह न्यायालय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।

# भूमिहार महिला समाज का हरीतिमा सावन महोत्सव

## हरे परिधानों में सजी महिलाओं ने बॉलीवुड गीतों पर जमकर किया नृत्य



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सगुना मोड़ स्थित पनाश बैंक्वेट हॉल में भूमिहार महिला समाज की ओर से रविवार को हरीतिमा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। सावन की हरियाली और उल्लास से सराबोर इस समारोह में पूरे बिहार से भूमिहार समाज की महिलाएं हरे रंग के परिधानों में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुई। इसके बाद महिलाओं ने सावन के गीतों और बॉलीवुड के लोकप्रिय गानों पर जमकर नृत्य किया। 'सावन में लग गई आग', 'टिप-टिप बरसा पानी' और 'नाचूं आज छम-छम' जैसे गीतों पर महिलाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समारोह में चार चांद लगा दिए। महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कला का प्रदर्शन भी किया। भूमिहार महिला समाज की संस्थापक प्रीति प्रिया ने कहा कि हरितिमा सावन महोत्सव का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर सावन की परंपरा, संस्कृति और उत्सव की भावना को साझा करना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष पूरे बिहार से भूमिहार समाज की महिलाएं हरे परिधानों में एकत्रित होकर सावन का उत्सव मनाती हैं। भगवान शिव से प्रार्थना है कि उनकी कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और हरियाली बनी रहे। उन्होंने कहा कि सावन भगवान शिव की आराधना और प्रकृति के प्रति उत्सव का पर्व है। इसी भावना के साथ महिलाएं मिलकर इस महोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाती हैं। समारोह में भावना भूषण, विधुरानी, संध्या सरकार, पूनम शर्मा, संगीता सिंह, अनिता राय, नेहा, नेहा रंजन, प्रज्ञा, ममता, भावना भारद्वाज, अमरावती, निशा और रश्मि सहित तीन सौ से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का आनंद लिया और सावन के रंग में रंगकर उत्सव को यादगार बनाया।

# रामनगर मुसहरी में 24 घंटे में 3 संदिग्ध मौतों से सनसनी, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के रामनगर मुसहरी वार्ड नंबर 01 में पिछले दो दिनों में हुई तीन मौतों से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक तीनों एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।मृतकों की पहचान सुरेश मांझी (65 वर्ष), प्रकाश मांझी (30 वर्ष) और महादेव मांझी (36 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों रामनगर मुसहरी के निवासी थे।जानकारी के अनुसार शनिवार को सुरेश मांझी और प्रकाश मांझी की मौत हो गई थी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं महादेव मांझी का इलाज हरनौत के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, जहां रविवार सुबह करीब 3 बजे उनकी भी मौत हो गई।तीन मौतों के बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस को आशंका थी कि मौत का कारण नशीली पदार्थ हो सकती है।वहीं ग्रामीणों के अनुसार तीनों शराब पीने के आदि थे। परिजनों के अनुसार सुरेश मांझी लंबे समय से हृदय रोग से पीड़ित थे, जबकि प्रकाश और महादेव मांझी की मौत किडनी फेल होने से हुई है।

# निवर्तमान अवर निबंधक को दी गई विदाई, नये का अभिनंदन

## मेरे जेहन में बाढ़ का कार्यकाल हमेशा यादगार रहेगा : डॉक्टर रत्नामणी




**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अवर निबंधन कार्यालय में समारोह आयोजित कर निवर्तमान अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामणि केसरी का कार्यालय कर्मियों द्वारा विदाई किया गया। जबकि नए पदस्थापित अवर निबंधक रवि शंकर का अभिनंदन किया गया। इस दौरान निवर्तमान अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामणि केसरी ने कहा कि उनके जेहन में बाढ़ का कार्यकाल हमेशा यादगार रहेगा। बाढ़ के लोगों के साथ-साथ कार्यालय के कर्मियों की टीम के सकारात्मक और अच्छे व्यवहार के कारण काफी बेहतर तरीके से काम निष्पादित किया गया। सरकारी लोक सेवकों का तबादला सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन इस दौरान कुछ खास स्थान पर किए गए काम को भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयास से कार्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कराया गया है। इस मौके पर नए अवर निबंधक रवि शंकर ने कहा कि वह आने वाले दिनों में बेहतर प्रशासनिक माहौल देने का हर संभव प्रयास करेंगे ।कार्यालय के कर्मियों को मिलाकर एक बेहतर टीमवर्क बनाई जाएगी जो लोगों को संतोषजनक परिणाम उपलब्ध कराएगा। विकास का सिलसिला नहीं टूटेगा, इस बात का उनका हर संभव प्रयास रहेगा। मौके पर कार्यालय कर्मी तरूण कुमार, मन्नु कुमार, गणेश कुमार, चन्द्र भूषण कुमार, लिपट कुमार, देवयानी कुमारी, गौरव कुमार सिन्हा दस्तावेजनवीस संघ के अध्यक्ष गिरीश सिंह, जयनंदन सिंह, महेश यादव एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### जमीन पर जुताई करने से रोका, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी, थाना में आवेदन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गोढ़ना गांव में जमीन पर जुताई करने गए एक किसान को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मसौढ़ी थाना में लिखित आवेदन देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। आवेदनकर्ता पुसुत शर्मा, पिता जानकी मिस्त्री, निवासी गोढ़ना ने बताया कि 7 अगस्त 2026 को सुबह लगभग 8 बजे वह अपनी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे। इसी दौरान अरुण शर्मा के दोनों पुत्र निशु और सोनु करीब 10 से 15 असामाजिक तत्वों के साथ पहुंचे और जुताई रुकवा दी। आरोप है कि उन्होंने ट्रैक्टर रोककर गाली-गलौज की और कहा कि दोबारा इस जमीन पर खेती की तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुसुत शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि को लेकर मामला पटना सिविल कोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष उन्हें उनकी ही जमीन पर खेती करने से रोक रहा है और लगातार धमकी दे रहा है।

# बांसडीह मुसहरी पर पुलिस दमन के खिलाफ मसौढ़ी में भाकपा माले की जनप्रतिवाद सभा

## 13-14 अगस्त को प्रखंड मुख्यालयों पर अनशन-सत्याग्रह का ऐलान






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के बांसडीह मुसहरी में कथित पुलिस दमन और कार्रवाई के विरोध में भाकपा माले ने जनप्रतिवाद सभा का आयोजन किया। सभा का मुख्य नारा 'बांसडीह मुसहरी पर पुलिस दमन व जुर्म क्यों, मुख्यमंत्री सम्राट सरकार जवाब दो' रहा। सभा की अध्यक्षता माले प्रखंड कमेटी सदस्य संजय पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य और फुलवारी शरीफ के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि शराबबंदी की आड़ में सरकार ने बांसडीह मुसहरी में गरीबों पर बर्बर दमन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक, मुखिया और पुलिस के गठजोड़ से गरीबों पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं, जमीन का पर्चा, पक्का मकान, राशन, पेंशन और रोजगार जैसी सुविधाएं रोकी जा रही हैं। उन्होंने प्रति परिवार 1200 रुपये वसूली के फरमान को भी वापस लेने की मांग की। खेग्रामस के जिला सचिव सतनारायण प्रसाद ने कहा कि विकास के नाम पर झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। शराब माफियाओं की गिरफ्तारी नहीं हो रही, लेकिन शराबबंदी के नाम पर दलित-गरीबों को जेल भेजा जा रहा है।माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार इलाके की शांति को बिगाड़ रही है। जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने आरोप लगाया कि पूरे बिहार में बुलडोजर राज और पुलिस राज चल रहा है। मजदूरी मांगने पर मजदूरों की पिटाई और हत्या हो रही है।सभा में निर्णय लिया गया कि बुलडोजर राज और गरीबों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर 13-14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सभी प्रखंड मुख्यालयों पर सामूहिक अनशन और सत्याग्रह किया जाएगा। सभा में माले मसौढ़ी प्रखंड सचिव राकेश कुमार, पुनपुन प्रखंड सचिव मोहन, नौबतपुर प्रखंड सचिव श्रीकांत दास, विनोद महतो, कपिल पासवान, लवकुश, कृष्ण रविदास, भूलन पासवान सहित हजारों किसान, मजदूर, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

# सावन महोत्सव पर मेंहदी लगाकर सरकारी योजनाओं का दिया संदेश, सेविका-सहायिकाओं का कार्यक्रम






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन महीने में सीडीपीओ कार्यालय परिसर में सेविका और सहायिकाओं ने सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सभी ने हाथों में मेंहदी लगाकर लोक गीतों पर झूमते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के बारे में जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका शामिल हुईं। मेंहदी की डिजाइन के साथ-साथ केंद्रों पर बच्चों को मिलने वाला पोषाहार, टीकाकरण, गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए पोषण योजना, किशोरी स्वास्थ्य योजना और अन्य सरकारी लाभों की जानकारी लाभुकों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सीडीपीओ अनीता कुमारी ने कहा कि सावन का महीना खुशियों और उमंग का प्रतीक है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए आज मेंहदी महोत्सव के माध्यम से हम सभी ने लाभुकों को जागरूक करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ बच्चों के पोषण का स्थान नहीं है, बल्कि वहां गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का वजन और टीकाकरण जैसी कई सुविधाएं मुफ्त में दी जाती हैं। सावन के इस आयोजन से गांव की महिलाओं में इन योजनाओं को लेकर रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं ने लोक गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सीडीपीओ ने सभी सेविका-सहायिकाओं को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर हर पात्र लाभुक तक योजना की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया।कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका राधा कुमारी,सेविका में अर्चना कुमारी, मंजूश्री सिन्हा, सपना राज, संजुक्ता कुमारी, इस्मत परवीन, निर्मला कुमारी, सुशीला कुमारी ,सुषमा कुमारी, अस्मिता पटेल, लालित कुमारी आदी शामिल रहे।

# पिपरा के देवकली में सांप काटने से युवक की मौत, गांव में दहशत,परिवार मे मचा कोहराम

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव में सांप काटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान रजनीश कुमार, पिता हरदेव दास, निवासी देवकली के रूप में हुई है। पिपरा थाना अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि 7 अगस्त की रात रजनीश कुमार अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि सावन-भादो के दिनों में जहरीले कीड़े और सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ गई हैं। दो दिन पहले भी इसी थाना क्षेत्र में एक कुत्ते को सांप ने काट लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।


# मोकामा में मानवता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल




**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के फारसी मुहल्ले में एक महिला ने मानवता और आपसी भाईचारे की अनोखी मिसाल पेश की है।जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम फारसी मुहल्ला निवासी शहनाज खातून मोकामा रेलवे स्टेशन पर किसी काम से गई थीं। उसी दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म पर एक अनजान नाबालिग किशोरी को अकेले रोते हुए देखा।शहनाज ने मानवता दिखाते हुए बच्ची के पास जाकर प्यार से पूछताछ की तो किशोरी ने बताया कि वह रास्ता भटक गई है और उसे घर का रास्ता याद नहीं आ रहा है।स्थिति को समझते हुए शहनाज खातून उसे अपने साथ सुरक्षित अपने घर फारसी मुहल्ला ले आईं और उसे खाना-पानी दिया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना वार्ड पार्षद शोएब खान को दी।वार्ड पार्षद शोएब खान ने बताया कि किशोरी हसडीह, मसौढ़ी (पटना) की रहने वाली है। वह भटकते हुए मोकामा पहुंच गई थी। पार्षद ने तुरंत उसके परिजनों से संपर्क साधा। परिजनों से बात होने के बाद रविवार को सकुशल किशोरी को उसके परिवार वालों को सौंप दिया गया।इस घटना के बाद पूरे इलाके में शहनाज खातून और वार्ड पार्षद शोएब खान की सराहना हो रही है।

# अश्लेषा की फुहार से दनियावां में जगी धान रोपनी की उम्मीद

## 85% लक्ष्य पूरा, भूजल गिरावट और यूरिया संकट से किसान परेशान





**दनियावा (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अश्लेषा नक्षत्र में शनिवार को हुई हल्की बारिश से दनियावां प्रखंड के किसानों को धान रोपनी में नई संजीवनी मिली है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार गौरव ने बताया कि निर्धारित 2350 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 85 फीसदी रोपनी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही 450 हेक्टेयर में परंपरागत सीधी बुआई भी की गई है।

#### कृषि पदाधिकारियों की अपील: देर न करें रोपनी

किसान सलाहकार राजेश रंजन, प्रवीण कुमार, शिवकुमार चौधरी, कृषि समन्वयक अमृता कुमारी एवं पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि जिन किसानों ने अब तक रोपनी नहीं की है, वे जल्द पूरा कर लें। लेट होने पर उपज पर सीधा असर पड़ेगा।

#### पंपसेट पर निर्भर खेती, नदियां और भूजल चिंता का विषय

प्रगतिशील किसान संघ के नागेंद्र पटेल, संतीश कुमार (सरथुआ), रणधीर कुमार, कौशल किशोर, रामनाथ सिंह (हसनपुर) एवं बब्बन सिंह ने बताया कि अधिकांश खेतों में बिजली पंपसेट से ही पटवन हो रहा है। कोडरमा, हजारीबाग व फल्गु से निकलने वाली लोकाईन, भुतही, धोबा जैसी बरसाती नदियां 2025 के जुलाई से ही सूखी हैं। जलप्रवाह न होने से प्रखंड के सभी 33 राजस्व गांवों में भूजलस्तर में गिरावट आई है। एमनबीघा, जीवनचक, दनियावां, सलारपुर, मछरियावां जैसे गांवों में कृषि फीडर से बिजली मिलने के कारण ही सिंचाई संभव हो पा रही है। किसानों ने यूरिया की किल्लत की भी शिकायत की।

#### विशेषज्ञों की सलाह: वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ें

कृषि कवि घाघ की उक्ति है - 'धान, पान नित्य स्नान' और 'सावन मास बहे पुरबिया'। लेकिन इस बार बारिश की कमी से धान के खेत प्यासी हैं। कम बारिश को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को अरहर, मक्का एवं सब्जियों की खेती की ओर उन्मुख होने की सलाह दी है।

#### किसानों की प्रार्थना: इंद्र देव और भोलेनाथ से बारिश की कामना

फिलहाल धरतीपुत्र मेघों के देवता भगवान इंद्र और सावन में भोलेनाथ से तेज वर्षा और कादम्बनी की कामना कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में धान को लक्ष्मी यानी धन का प्रतीक माना जाता है।यह चावल-दाल व रोटी ही प्रमुख फूड है।

# 9.71 लाख से अधिक प्लॉट का होगा डिजिटल सर्वे

## सितंबर 2026 तक शत-प्रतिशत सर्वे पूरा करने का लक्ष्य



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के नेतृत्व में खरीफ मौसम 2026 के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में आज जिला कृषि कार्यालय, वैशाली के किसान भवन में डिजिटल क्रॉप सर्वे विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे मोबाइल प्रौद्योगिकी आधारित महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्लॉट स्तर पर वास्तविक समय में फसलवार एवं सटीक आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इससे जिले में फसलों का अद्यतन एवं विश्वसनीय डाटाबेस तैयार करने के साथ-साथ आपदा की स्थिति में प्रभावित किसानों को समय पर राहत उपलब्ध कराने, फसल बीमा तथा कृषि ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ दिलाने में सहूलियत होगी।

### 9.71 लाख से अधिक प्लॉट का होगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खरीफ 2026 के दौरान वैशाली जिले के 1,494 ग्रामों में कुल 9,71,733 प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। यह संख्या पिछले वर्ष रबी मौसम में किए गए 5,34,301 प्लॉट के सर्वे की तुलना में काफी अधिक है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सितंबर 2026 तक शत-प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा करने का निर्देश दिया गया है।प्रत्येक प्लॉट एवं फसल का होगा गुणवत्तापूर्ण सर्वे प्रशिक्षण के दौरान सर्वेयरों को किसानों के खेतों तक पहुंचकर जीयोटैग एप के माध्यम से प्रत्येक प्लॉट एवं उसमें लगी फसल का सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण सर्वे करने की तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग तथा पिछले वर्ष की तुलना में किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी दी गई। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महनार द्वारा प्रत्येक प्लॉट का गुणवत्तापूर्ण एवं फसलवार सटीक सर्वे सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महुआ द्वारा बताया गया कि सर्वे के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी अथवा अन्य समस्या उत्पन्न होने पर अविलंब जिला स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर से संपर्क कर समस्या का समाधान कराया जाए। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, जन्दाहा एवं राजापाकर द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया में किए गए महत्वपूर्ण बदलावों के संबंध में जानकारी दी गई।

### कृषि विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र, सहायक निदेशक (शष्य), सहायक निदेशक (बीज विश्लेषण), अनुमंडल कृषि पदाधिकारी हाजीपुर, महुआ एवं महनार, सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकारों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नहर में गिरी कार, दो युवकों की मौत

हाइड्रा की मदद से कार व दोनों शवों को नहर से निकाला गया

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र में उदयपुर और मसौढ़ा गांव के बीच रविवार को एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।



मिली जानकारी के अनुसार अरवल जिले के उसरी गांव निवासी युवक स्विफ्ट डिजायर कार से पटना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उदयपुर-मसौढ़ा गांव के बीच चालक ने कार से संतुलन खो दिया। अनियंत्रित कार नहर में जा गिरी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार से दोनों शवों को भी बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सूरज कुमार (30), पिता मनोज शर्मा तथा रंजीत कुमार (28), पिता रामानुज शर्मा, ग्राम उसरी, थाना मेहंदिया, जिला अरवल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में पूछने पर पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक कार नहर में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई है। क्षेत्र में विधि-व्यवस्था सामान्य है।

### आदिवासी दिवस पर पारंपरिक गीतों पर झूमे सैकड़ों लोग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड स्थित कोल्हाचक मुसहरी में विश्व आदिवासी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय भूईयां समाज के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में बच्चे, नौजवान, महिलाएं और लड़कियां एकजुट होकर पारंपरिक गीतों और नृत्य पर थिरके।





कार्यक्रम की शुरूआत आदिवासी समाज के उत्थान और अस्तित्व को बचाने के संकल्प के साथ हुई। पूरा माहौल 'जल जंगल जमीन हमारी है, धान धरती धनुष हमारे हथियार हैं' के नारों से गूंज उठा। आदिवासी समाज के लोगों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में नाच-गाकर इस दिन को यादगार बनाया।भूईयां समाज की संगीता मांझी ने बताया कि यह दिन सिर्फ उत्सव नहीं है, बल्कि अपनी भाषा, संस्कृति और मूलभूत अधिकारों को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं। नदी, पहाड़, पेड़, खेत और जीव-जंतुओं की रक्षा करना हमारी परंपरा है। बताया गया कि आदिवासी शब्द आदि और वासी से मिलकर बना है जिसका अर्थ मूल निवासी होता है। 1982 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने आदिवासियों की भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए एक कार्यदल का गठन किया था। इसकी पहली बैठक 9 अगस्त 1982 को हुई थी। तभी से यह दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारत में आदिवासी आबादी कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है जो लगभग 10 करोड़ है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सरकार से आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग भी की। मौके पर रंजन मांझी, सदन मोहन मांझी, मुन्ना मांझी,सावित्री कुमारी समेत कई लोग शामिल रहे

### बिजली चोरी के खिलाफ 6 उपभोक्ताओं पर 2,44,322 का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को हो रहे राजस्व नुकसान को रोकने के लिए मसौढ़ी-2 विद्युत आपूर्ति प्रशाखा ने नदौल और गोपालपुर मठ इलाके में सघन छापेमारी की। कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में संजय कुमार, बिरेन्द्र कुमार, बिनोद प्रसाद और मोहम्मद रसूल शामिल थे।छापेमारी के दौरान नदौल गांव में 4 घरेलू और 1 कृषि कनेक्शन में अनियमितता मिली। जिसमें शबनम प्रवीण, मोहम्मद फारूख, स्वर्गीय मोहम्मद रफीक आलम के पुत्र नदीम कौशर और सरवरी खातुन के घरों में पोल से मीटर तक आने वाले इनपुट तार में कटिंग कर दूसरे तार जोड़कर बिजली जलाई जा रही थी।



कृषि कार्य के लिए शंभु कुमार बिना कनेक्शन के एलटी लाइन में टोका लगाकर पटवन कर रहे थे। इन सभी स्थानों पर कुल भार 3661 वाट पाया गया। विभाग ने इनसे 68,410 रुपये राजस्व हानि का आकलन किया है। वहीं एनएच 22 पर भारत पेट्रोल पंप के पास स्थित मगध रेस्टोरेंट ढाबा, गोपालपुर मठ के संचालक मनीष कुमार के व्यावसायिक परिसर में सबसे बड़ी चोरी पकड़ी गई। यहां 2962 वाट का भार मिला। विभाग के अनुसार कंपनी को 1 लाख 77 हजार 912 रुपये का नुकसान हुआ है। सभी 6 मामलों में कुल 2 लाख 21 हजार 322 रुपये का आकलन किया गया है। यह राशि कम्पाउंडिंग शुल्क के अतिरिक्त है। मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार जब्त कर लिए गए। सभी उपभोक्ताओं ने मीटर उखाड़ने से मना कर दिया।कनीय अभियंता ने बताया कि सभी दोषियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

### मसौढ़ी के चपौर गढ़पर में भीम आर्मी का युवा सम्मेलन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चपौर गढ़पर गांव में भीम आर्मी के बैनर तले युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तार किशोर चौधरी ने की।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति पासवान ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के युवाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए युवाओं को कौशल विकास और सरकारी योजनाओं से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने संविधान और बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया। मौके पर मसौढ़ी प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार छात्र, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष, धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष, आदित्य चौधरी सहित भीम आर्मी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी, एक युवक को लगी गोली



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर में बाउंड्री के विवाद में दो पक्षों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति के पैर के गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। इधर गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायल स्थानीय कौशल किशोर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर घायल एवं उनके परिवार वालों से घटना के संबंध में जानकारी लिया। मिली जानकारी के अनुसार राहुल कुमार अपने जमीन पर बाउंड्री करवा रहे थे। इसी दौरान अशोक सिंह के पुत्र आशुतोष, अजय सिंह के पुत्र किशन कुमार एवं राम सिहासन सिंह के पुत्र अशोक सिंह समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचकर नोक झोक करने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें एक गोली राहुल को लग गई। राहुल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी

इस संबंध में बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोली चली है जिसमें एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। घायल को इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है डॉक्टर के मुताबिक घायल खतरे से बाहर है। सूचना के बाद त्वरित करवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। घायल का बयान दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है। घायलों के मुताबिक फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एकमा में मोटर पार्ट्स की दो दुकानों का शटर काटकर चोरी

हजारों के सामान पर हाथ साफ, पुलिस जांच में जुटी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने मोटर पार्ट्स की दो दुकानों को निशाना बनाते हुए शटर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी रविवार की सुबह दुकानदारों को हुई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। चोरी की घटना एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी निवासी मोटर पार्ट्स दुकानदार नकुल सिंह व संजय सिंह की दुकानों में हुई। दुकानदारों के अनुसार, चोरों ने दुकान का शटर काटकर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकद रुपये के अलावा हजारों रुपये मूल्य के छोटे-बड़े मोटर पार्ट्स चोरी कर लिए। दुकानदारों ने घटना की जानकारी तत्काल एकमा थाना की डायल-112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों दुकानों का निरीक्षण कर घटना की जांच-पड़ताल की। दुकानदारों ने बताया कि चोरी किए गए सामानों का पूरा आकलन किया जा रहा है।

## आधी रात को भारी बवाल, लाठी-डंडों से खूनी संघर्ष, इलाका छावनी में तब्दील

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के छतौनी थाना क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी में शनिवार की रात बच्चों व साइकिल के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस विवाद में दोनों ओर से लाठी-डंडे और अन्य हथियारों से जमकर मारपीट हुई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि बच्चों को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। बंगाली कॉलोनी में शनिवार की रात साइकिल को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। मामूली विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और इलाके में अफरातफरी मच गई। सदर डीएसपी के मुताबिक, एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर अचानक हमला कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से लाठी-फट्टे और अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर वार किए जाने लगे. मारपीट की इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। पुलिस बल ने संभाला मोर्चा छतौनी थाना पुलिस के अनुसार, घटना के बाद बंगाली कॉलोनी में तनाव का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही छतौनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के थानों से भी बड़ी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया। छतौनी थानाध्यक्ष और डीएसपी के अनुसार, घटना में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने भी दिए निर्देश पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव स्वयं छतौनी थाना पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर से पूरे मामले की मॉनिटरिंग की और पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली।

## विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को 'नदी क्यों जरूरी है' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अध्यक्ष, जिला गंगा समिति-सह-जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश के आलोक में जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को 'नदी क्यों जरूरी है' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच नदी एवं जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा के साथ-साथ नदी संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।





जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने शैक्षणिक संस्थानों में इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों के आयोजन पर विशेष जोर देते हुए कहा है कि बच्चों एवं युवाओं को पर्यावरण और नदियों के संरक्षण से जोड़ना दीर्घकालिक परिणामों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार, समाज एवं आसपास के लोगों को भी नदी संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकते हैं तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नदियों के महत्व, नदी एवं जलस्रोतों की स्वच्छता, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है। साथ ही उन्हें दैनिक जीवन में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के व्यवहार को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, वैशाली मुनेश कुमार के समन्वय एवं देखरेख में आज जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को इन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को 'नदी संरक्षण के दूत' के रूप में तैयार करना है, ताकि वे नदी संरक्षण के संदेश को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाएं तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# 'युवा आपदा मित्र' आवासीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

## प्रतिभागियों को मिला प्रमाण-पत्र एवं आपदा प्रबंधन किट



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में दिनांक 03 अगस्त 2026 से 09 अगस्त 2026 तक आयोजित सात दिवसीय आवासीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने, प्राथमिक उपचार, बचाव एवं राहत कार्य तथा आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के अंतिम दिन के प्रथम सत्र में एस.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अर्जित ज्ञान, कौशल एवं व्यावहारिक दक्षता का आकलन किया गया । समापन समारोह में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरीय सलाहकार अशोक कुमार शर्मा, मोतिहारी सदर के डी.एस.पी. सुश्री कुमारी प्रियंका, ट्रेनी डी.एस.पी. श्री दिलीप कुमार, माय भारत, पूर्वी चम्पारण की जिला युवा पदाधिकारी सुश्री अंकिता, मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी एवं शिविर समन्वयक डॉ. गौरव भारती सहित शिविर प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. विदुषी दीक्षित,डॉ. अवनीश मिश्र एवं डॉ. शशिकांत यादव उपस्थित रहे। समापन समारोह में अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित एवं जागरूक युवा समाज के लिए महत्वपूर्ण संसाधन साबित हो सकते हैं। 'युवा आपदा मित्र' के रूप में प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग प्रतिभागी न केवल स्वयं की सुरक्षा के लिए, बल्कि अपने परिवार, समुदाय एवं समाज के लोगों की सहायता के लिए भी कर सकते हैं। इस अवसर पर एस.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा शिविर के दस चयनित प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों के बीच प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई आपदा प्रबंधन किट का वितरण किया गया। शिविर समन्वयक डॉ. गौरव भारती ने सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन में सहयोग देने वाले बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एस.डी.आर.एफ. की टीम, महाविद्यालय प्रशासन, शिविर प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय सक्षम, सजग, संवेदनशील एवं जिम्मेदार प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में तैयार करना है। सात दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्वी चम्पारण के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक व्यवहारिक एवं जीवनरक्षक कौशल प्राप्त किए। समापन के साथ ही प्रतिभागियों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# प्रेमचंद्र की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण में प्रेमचंद जयंती जनजागरण मंच, सुगौली के कार्यालय में प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जन जागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार एवं मंच संचालन दृष्टि गुरुकुल पब्लिक स्कूल के निदेशक उदय प्रकाश श्रीवास्तव ने किया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में के.सी.टी.सी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सन्त साह, सुकुल पाकड़ उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज श्रीवास्तव, बेलवतिया मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद श्रीवास्तव, रामबाबू पासवान, शिक्षक, डॉ. प्रमोद स्टीफन, जन जागरण मंच के अध्यक्ष ऐनुल हक, राजा सिंह, संजय श्रीवास्तव, अवधेश कुमार वर्मा,



राज किशोर शर्मा, अजीत पासवान, सकील अहमद, सुरेश प्रसाद, जयवर्द्धन, हिमांशु शर्मा सहित अनेकों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने प्रेमचन्द्र के जीवनी एवं उनके कृतियों पर विशेष रुप से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रुप में प्रो. (डॉ.) सन्त साह ने कहा कि प्रेमचन्द्र समाज के दर्पण थे। उनका जन्म बनारस के समीप लमही गांव में 31 जुलाई 1880 को हुआ एवं मृत्यु 08 अक्टूबर 1936 को हुई थी। सौतेली मां होने के कारण उनका बचपन बहुत कष्टमय गुजरा है। प्रेमचन्द्र 300 से अधिक कहानियां डेढ़ दर्जन के लगभग उपान्यास लिखें है। उनकी प्रत्येक रचना हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रेमचन्द्र की प्रसिद्ध कहानियां पूस की रात, गबन, कफन, पंच परमेश्वर, ईदगाह, दो बैलों की कथा, बूढ़ी काकी इत्यादि है।

# 'हर घर तिरंगा' के लिए जीविका दीदियां तैयार कर रहीं राष्ट्रध्वज



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस-2026 एवं 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वैशाली जिले में 09 से 17 अगस्त 2026 तक संचालित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। अभियान के तहत जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशन में जीविका वैशाली की दीदियां राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) तैयार करने में जुटी हैं। जीविका समूहों से जुड़ी महिलाएं पूरे उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ तिरंगा निर्माण के कार्य में लगी हैं। उनका यह प्रयास अभियान के मूल उद्देश्य 'हर घर तिरंगा' को धरातल पर साकार करने के साथ-साथ महिला स्वावलंबन एवं आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

### राष्ट्रध्वज निर्माण में जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी

'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए आवश्यक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करने में जीविका दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जीविका समूहों की महिलाएं सामूहिक रूप से तिरंगा तैयार कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिल रही है।तिरंगा तैयार करते समय राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। निर्माण प्रक्रिया में महिलाओं द्वारा कटाई, सिलाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों को समूह के रूप में पूरा किया जा रहा है। जीविका दीदियों का कहना है कि देश के राष्ट्रीय पर्व के लिए तिरंगा तैयार करना उनके लिए रोजगार के साथ गौरव और सम्मान का विषय है। उनके द्वारा तैयार किया गया प्रत्येक तिरंगा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घर-घर राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाने का माध्यम बनेगा।महिला स्वावलंबन के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश जीविका द्वारा तिरंगा निर्माण की पहल महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रभक्ति के दोहरे उद्देश्य को एक साथ आगे बढ़ा रही है। इससे महिलाओं को अपने कौशल का उपयोग करने और सामूहिक रूप से कार्य करने का अवसर मिल रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि सरकारी योजनाओं एवं अभियानों में जीविका समूहों की महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित हो, ताकि वे आत्मनिर्भरता के साथ सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# अब सिजेरियन प्रसव में नहीं होगी खून की किल्लत, सारण के 11 सीएचसी में बनेगा ब्लड स्टोरेज यूनिट

## दिघवारा, मांझी, परसा, अमनौर, एकमा, गड़खा, इसुआपुर, जलालपुर, मशरक, नगरा व रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्हित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सारण जिले में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री सात निश्चय-3 के तहत जिले के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में ब्लड स्टोरेज यूनिट यानी रक्त संग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे प्रसव के दौरान रक्त की जरूरत पड़ने वाली महिलाओं, गंभीर एनीमिया से पीड़ित मरीजों और अन्य आपात स्थिति वाले रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। अभी रक्त की जरूरत पड़ने पर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों और उनके परिजनों को कई बार जिला अस्पताल या बड़े स्वास्थ्य संस्थानों का रुख करना पड़ता है। नए ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू होने के बाद स्थानीय स्तर पर ही रक्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था मजबूत होगी। इससे खासकर सिजेरियन प्रसव और गंभीर एनीमिया के मामलों में समय पर उपचार मिल सकेगा और मरीजों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

### 11 सीएचसी में स्थापित होगा ब्लड स्टोरेज यूनिटः

स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना के लिए चिन्हित किया है। इनमें दिघवारा, मांझी, परसा, अमनौर, एकमा, गड़खा, इसुआपुर, जलालपुर, मशरक, नगरा और रिविलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों पर रक्त संग्रह और जरूरत के समय उसके उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मरीजों को आपात स्थिति में काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

### चार स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से सुविधाः

सारण जिले में कुछ स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से ही रक्त संग्रह केंद्र संचालित हैं। मढ़ौरा और सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल के अलावा दरियापुर और बनियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध है। इन स्वास्थ्य संस्थानों में सिजेरियन प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर इसकी उपलब्धता मरीजों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रही है।

### प्रसव के दौरान खून की कमी से निपटने में मिलेगी मददः

मातृ स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए रक्त की समय पर उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है। प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव होने या महिला में पहले से गंभीर एनीमिया होने की स्थिति में तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर ब्लड स्टोरेज यूनिट की सुविधा उपलब्ध होने से ऐसी आपात परिस्थितियों में मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर करने से पहले आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इससे मातृ मृत्यु के जोखिम को कम करने और प्रसव सेवाओं को सुरक्षित बनाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

### गंभीर एनीमिया के मरीजों को भी राहत

ब्लड स्टोरेज यूनिट का लाभ केवल प्रसव पीड़ित महिलाओं तक सीमित नहीं रहेगा। गंभीर एनीमिया से पीड़ित मरीजों को भी चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार रक्त उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।

## एक नजर

### केताकी बाजार में जर्जर तार व पोल से कभी भी हो सकती है अनहोनी

**औरंगाबाद।** देव के केताकी मुख्य बाजार क्षेत्र में जर्जर बिजली के तार और पोल लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। यहीं तेज हवा या बारिश के दौरान तार टूटने और करंट फैलने की आशंका बनी रहती है। इससे दुकानदारों, राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों में हमेशा भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर तारों के कारण कई बार बिजली आपूर्ति भी बाधित होती है। पहले भी छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं बावजूद विभाग ने अबतक तार और पोल बदलने की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है। मुन्ना जायसवाल, रवि भगत, भूषण जायसवाल ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई परंतु केवल आश्वासन मिला। नागरिकों ने ऊर्जा विभाग के वरीय अधिकारियों से अविलंब जर्जर तार और पोल बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### हिलसा में अभाविप का सदस्यता अभियान

**हिलसा।** हिलसा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान छात्र-छात्राओं को संगठन से जोड़ने और राष्ट्रहित, छात्रहित तथा समाजहित के कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। एसयू कॉलेज कैंपस में अभियान के दौरान विद्यार्थियों को अभाविप के विचारों, उद्देश्यों और रचनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं ने छात्रों से बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने बताया कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य करता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को मजबूती से उठाना और उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागी बनाना है।इस सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की। अभाविप हिलसा के जिला संयोजक नीतीश कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जाएगा। उनका लक्ष्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ना है।

### कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल

**हिलसा।** हिलसा थाना क्षेत्र में एक युवक का देशी कट्टा लहराते और उससे फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लिया है और वीडियो की सत्यता की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। वायरल वीडियो में एक युवक के हाथ में देशी कट्टा जैसी वस्तु दिखाई दे रही है, जिससे वह फायरिंग करता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह युवक हिलसा थाना क्षेत्र के पुना गांव का है। यह वीडियो रिंग्स शिनराजन माफियाश नामक युवक की फेसबुक आईडी से साझा किया गया है। हालांकि, यह वीडियो पुरानी बताई जा रही है। इन दिनों क्षेत्र में पिस्टल, राइफल और देशी कट्टे के साथ फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का चलन बढ़ रहा है, जिससे पुलिस और कानून का भय कम होता दिख रहा है। अखबार इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में पुलिस या प्रशासन की ओर से अभी तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। थाना अध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### टेंपो से गिरे बुजुर्ग, इलाज के दौरान मौत

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग पर तेलियामाई के समीप सड़क पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में शुक्रवार की शाम टेंपो से गिरकर 65 वर्षीय नवल प्रसाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकंगरसराय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई।मृतक परवलपुर थाना क्षेत्र के सिनावां गांव निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, नवल प्रसाद एकंगरसराय में अपने एक परिजन का इलाज कराने गए थे। डॉ. मृत्युंजय के यहां आए थे। इलाज के बाद टेंपो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेलियामाई के पास सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के दौरान चालक ने टेंपो मोड़ दिया, जिससे नवल प्रसाद सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट लगी और कान से खून निकलने लगा।हादसे के बाद टेंपो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### थरथरी थाना का निरीक्षण कर इंस्पेक्टर ने दिया चौकसी बढ़ाने का निर्देश

**बिहारशरीफ।** चंडी सर्किल इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने रविवार को थरथरी थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष जावेद अहमद खान से थाना क्षेत्र की विधि-व्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को हर समय चौकस और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इंस्पेक्टर ने कहा कि पुलिस की चुस्ती से कार्यक्षमता बढ़ती है, जबकि सुस्ती से पुलिस का काम प्रभावित होता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में दर्ज विभिन्न कांडों की समीक्षा की और लंबित मामलों को शीघ्र अद्यतन करते हुए आवश्यक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया। शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाने तथा किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित गतिविधियों को पनपने नहीं देने की हिदायत दी। क्षेत्र में विशेष चैकसी बरतने के साथ सघन गश्ती करने का भी निर्देश दिया। इंस्पेक्टर ने गुप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर से सत्यापन कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। रात्रि गश्ती और मोर्चे पर संतरी की ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की भी हिदायत दी। चंदन कुमार सिंह ने कहा कि छोटी घटनाओं और अपराधियों को नजरअंदाज नहीं किया जाए। ऐसे अपराधी कभी भी बड़ी घटना को अंजाम देकर क्षेत्र की शांति भंग कर सकते हैं। उन्होंने लंबे समय से शराब के कारोबार से जुड़े लोगों को चिह्नित कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# शिक्षकों का तबादला अव्यावहारिक, लगे तत्काल रोक : संघ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षकों के लिए बनाई गई तबादला नीति एवं शिक्षा और शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट प्रखंड इकाई द्वारा बैठक की गई। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार रत्ना ने अध्यक्षता की। इस बैठक में शिक्षक तबादला नीति, नियोजित एवं विशिष्ट शिक्षकों के कालबद्ध प्रोन्नति, दो वर्ष के अनिवार्य प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने वाले बीएससी शिक्षकों की सेवा सम्पुष्टि, वेतन विसंगति, प्रखंड स्तर पर शिक्षक दिवस समारोह मनाने, बकाये एरियर, वेतन एवं पेंशन का एक-एक तय समय सीमा में भुगतान, आवास भत्ता से छेड़छाड़, प्राथमिक विद्यालय और न्यूनतम पांच शिक्षक एवं मध्य विद्यालयों में न्यूनतम आठ शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित हो, प्रखंड एवं जिला शिक्षा कार्यालय भ्रष्टाचार मुक्त हो, विद्यार्थियों को मिलने वाले छात्रवृत्ति, पोशाक एवं अन्य राशि का समय



भुगतान सुनिश्चित हो, विद्यालय स्तर पर कैंप मोड़ में विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनाई जाए, संगठन के सदस्यता अभियान को तेज किया जाए एवं कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। रंजीत कुमार रत्ना ने कहा कि सरकार ने हमारी मांग पर सहमति जताते हुए एक बार फिर से शनिवार को विद्यालय का संचालन अपराह्न 1:00 तक कर दी है। उम्मीद है इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं बच्चे उन्मुक्त तरीके से बिना किसी मानसिक परेशानी के अपने शैक्षणिक कार्य को तत्परता से करेंगे। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि इतिहास में कभी भी प्रताड़ना से किसी भी प्रकार के सुधार नहीं लाया जा सका है और शिक्षकों को भी तबादले के नाम पर प्रताड़ित करके शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार कतई नहीं लाया जा सकता है। शिक्षिका नूतन कला ने कहा कि शिक्षक हमेशा से सरकार के साथ समन्वय बनाकर राष्ट्र के निर्माण में ईमानदारी से संकल्पित रहे हैं। जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षिकाओं को पंचायत और शिक्षकों को प्रखंड से दूर भेज देना न्याय नहीं है। प्रखंड सचिव परवेज आलम ने सरकार से आवास भत्ता में छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम ने कहा कि संगठन ने शिक्षकों के विभिन्न न्यायोचित मांगों को लेकर 23 सितम्बर 2026 से आमरण अनशन करने का निर्णय लिया है।

## पति की तलाश में रफीगंज पहुंची पत्नी, मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं मोहन चौहान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के वार गांव निवासी गीता देवी अपने लापता पति मोहन चौहान की तलाश में रफीगंज पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके 45 वर्षीय पति मोहन चौहान करीब तीन वर्ष पूर्व पोलियो से ग्रसित हो गए थे और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ चल रहे हैं। गीता देवी के अनुसार, 8 अगस्त की सुबह करीब 7 बजे मोहन चौहान घर से बिना किसी को बताए निकल गए, जिसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटे हैं। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और संभावित ठिकानों पर उनकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पति के लापता होने के बाद चिंतित पत्नी उनकी खोज में विभिन्न जगहों पर भटक रही हैं। इसी क्रम में वह रविवार को रफीगंज पहुंचकर अपने पति की तलाश कर रही हैं। परिजनों ने लोगों से अपील की है कि मोहन चौहान के संबंध में किसी को कोई जानकारी मिले तो उनके परिवार को सूचित करें।

## लावारिस बैगों से 10,290 रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत रफीगंज रेलवे स्टेशन से 10.875 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जब्त शराब का कुल मूल्य 10,290 रुपये बताया गया है। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर के निर्देशन में उपनिरीक्षक विजय बहादुर राम, सहायक उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय व प्रधान आरक्षी अमित कुमार गश्त पर थे। दोपहर 14:49 बजे गाड़ी संख्या 03656 डाउन डीडीयू-गया मेला स्पेशल को पास कराने के बाद 15:00 बजे प्लेटफॉर्म 03/04 के नए फुट ओवरब्रिज के रैंप पास दो लावारिस पिट्ठू बैग दिखे। बरामद शराब पर 'केवल उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए' अंकित है। आरपीएफ ने अग्रिम कार्रवाई के लिए शराब जीआरपी सोननगर को सुपुर्द कर दी है। बैग छोड़कर भागने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान एवं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रत्न से स्वर्ण, फिर प्रस्तर के पूजे जाने लगे शिव

**परिवर्तित होते रहा है शिव लिंग निर्माण की सामग्री**
**मिट्टी के शिवलिंग निर्माण में कई सावधानियां तय**

डॉ. उपेंद्र कश्यप
नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सावन के महीने में हर तरफ शिव की पूजा हो रही है। शिव की सबसे प्राचीन प्रतिमा रत्न से बनती थी। जिसे सत्ययुग कालीन माना जाता है। इसके बाद स्वर्ण यानी सोने से शिवलिंग निर्माण की चर्चा है। हालांकि इस क्षेत्र में अभी तक सोने का शिवलिंग कहीं नहीं मिला है। इसके बाद पत्थर के शिवलिंग बनने लगे और ऐसे ही शिवलिंगों की उपलब्धता आज प्रायः सभी जगह है। जिसकी पूजा हम सब करते हैं।



लेकिन शिवलिंग मिट्टी के भी बनते हैं। हालांकि मिट्टी का शिवलिंग बनाना रत्न, स्वर्ण और पत्थर से अधिक कठिन है। क्योंकि इसके लिए कई तरह की सावधानियां बरती जाती हैं। कई तरह की वर्जनाएं जुड़ी हुई है। हम जिस शिव की पूजा करते हैं वह पार्थिव शिव हैं। सावन के द्वितीय सोमवार के अवसर पर इस संबंध में आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री



बताते हैं कि सर्व प्रथम हिमालय पुत्री पार्वती ने शिव को पतिरूप में प्राप्त करने के लिये पार्थिव शिव का निर्माण की थी। इसे हरितारिलका व्रत कहते हैं, जिसे आज भी स्त्रियां करती हैं। भगवान श्रीराम तो निरन्तर पार्थिव शिव लिंग बना कर पूजा किया करते थे। बताते हैं कि सत्ययुग में रत्न का, द्वापर में स्वर्ण का, त्रेता में प्रस्तर का और कलियुग में मिट्टी या बालू का शिव लिंग बनाने और पूजा करने का निर्देश है। सावन में विशेष रूप से पार्थिव शिव लिंग बनाकर पूजा करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं। पार्थिव शिव लिंग बनाने के लिए पवित्र मिट्टी या बालू होनी चाहिये। इसकी पूजा सरल और काफी लाभदायी माना जाता है। श्री शास्त्री बताते हैं कि अगर मिट्टी में केश (बाल) मिल जाये तो उस मिट्टी को त्याग दें। अगर उस से पार्थिव लिंग बना कर पूजा करेंगे तो नरकगामी होंगे। अतः ध्यान पूर्वक मिट्टी का निरीक्षण कर लें। बताते हैं कि मिथिला में तो बिना पार्थिव की पूजा किये कोई कार्य होते ही नहीं हैं। लाखोरी पूजा का विशेष महत्व है। एक या सवा लाख पार्थिव लिंग बनाकर पूजा करना लाखोरी होती है। केला के पता पर रखकर पार्थिव की पूजा होती है।

## कृषि व्यापार समझौते व लैंड पुलिंग नीति के खिलाफ किसानों ने निकाला मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर रविवार को हसपुरा में किसानों ने कृषि व्यापार समझौते और लैंड पुलिंग नीति के विरोध में मार्च निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व हसपुरा प्रखंड सचिव सह अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव कामता प्रसाद यादव ने किया। मार्च गया रोड स्थित पचरुखिया कार्यालय से शुरू होकर पचरुखिया चौराहा पहुंचा, जहां जगदेव प्रसाद की प्रतिमा के समीप केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की सम्राट चौधरी सरकार का पुतला दहन किया गया।




कामता प्रसाद यादव ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता देश के छोटे और मध्यम किसानों के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौते के माध्यम से अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारतीय कृषि बाजार खोले जा रहे हैं। सस्ते आयातित कृषि उत्पादों के आने से पहले से संकट झेल रहे किसानों की परेशानी बढ़ेगी और देश की खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बिहार सरकार की 12 सैटेलाइट टाउनशिप परियोजनाओं में लैंड पुलिंग नीति का भी विरोध किया। कहा कि इसके माध्यम से बड़े पैमाने पर कृषि भूमि को गैर-कृषि कार्यों में इस्तेमाल किए जाने की योजना है। कृषि भूमि के लगातार अधिग्रहण से भविष्य में खाद्य संकट के साथ पर्यावरणीय असंतुलन का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी कृषि भूमि और अस्तित्व की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष तेज करना होगा। किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

## राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राज्य स्वास्थ्य समिति की इनक्वास टीम ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दो दिवसीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं, सेवाओं और दस्तावेजों की गहन जांच की गई। राज्य स्वास्थ्य समिति से पहुंची टीम में डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. अर्पण सोनी शामिल रहे। केंद्र पर पहुंचने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने टीम का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लैब, ओपीडी, लेबर रूम, वार्ड, दवा काउंटर, हर्बल गार्डन, गार्डन सहित साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। टीम ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं से संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों की भी जांच की। दो दिनों तक चले निरीक्षण




के दौरान टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया और संतोष व्यक्त किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने पूर्व में इनक्वास मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इनक्वास मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इस उपलब्धि में सभी स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

## किसानों की मांगों को लेकर पुतला दहन व प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर रविवार को यहां किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बिहार की सम्राट चौधरी सरकार की कथित किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा भखरुआं चौराहे पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड कार्यालय से हुई। किसान, मजदूर और पार्टी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में भखरुआं पहुंचे। झंडे और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने किसानों की मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मांग की गई कि सरकार अमेरिका के साथ कृषि व्यापार समझौता करना बंद करे,
सीटू प्लस 50 प्रतिशत की दर से एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करो, सम्राट चौधरी सरकार सैटेलाइट टाउनशिप के नाम पर कृषि भूमि की लूट बंद करे, इसके लिए लागू लैंडपुलिंग नीति तत्काल वापस ले, विकास



योजनाओं के नाम पर बिना समुचित मुआवजे के किसानों की कृषि भूमि हड़पना बंद हो, सभी किसानों को रासायनिक खाद और उर्वरक सस्ते दामों पर उपलब्ध हो, रासायनिक खाद एवं उर्वरकों की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए। कार्यक्रम में भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य चंद्रमा पासवान, पूर्व जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, जिला कमिटी सदस्य राजकुमार भगत, पिंटू मेहता, अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड सचिव दूधेश्वर मेहता, पासुराम सिंह ,दिनेश प्रसाद, कैश खान, रामरूप प्रसाद, चंदन पासवान, फकीरचन यादव, रामचंद्र चौहान, रामजन्म मेहता शामिल हुए।

## सात अक्टूबर को न्यायिक कर्मचारी मनाएंगे काली पट्टी दिवस

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ का विशाल आमसभा सह धरना कार्यक्रम गर्दनीबाग पटना में सम्पन्न हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा न होने पर न्यायिक कर्मचारी सात अक्टूबर को काली पट्टी दिवस मनाएंगे। इस बीच मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो दो नंबर से सामुहिक रूप से कार्य से विरत रहने के कार्यक्रम पर आगे बढ़ेंगे। इस संबध में औरंगाबाद जिला व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने बताया कि हमारी मांगे कोई विशेष या अनुचित नहीं है बल्कि न्यायिक कर्मचारियों का न्याय संगत सेवा शर्तें, समान अधिकारों से संबंधित है। राज्य सरकार से आग्रह है कि मांगों पर समयबद्ध सकारात्मक निर्णय लें। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्णयो का पुनः अनुपालन सुनिश्चित कराई जाए तथा न्यायसंगत अधिकार प्रदान की जाएं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों का बहुप्रतीक्षित मांग हैं। सातवें वेतन आयोग के अनुरूप भत्ते का पुनरीक्षण हो, पुर्वाग्रह से ग्रसित होकर परेशान नहीं किया जाए। कार्य स्थल पर



सुरक्षा हो, निशुल्क हेल्थ कार्ड हो, न्यायिक कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता, वाहन भत्ता, शिक्षा भत्ता मिले, विशेष कैडर व्यवस्था हो, गृह जिले या प्रमंडल में पदस्थापना हो, भेदभाव नहीं हो, अनुकम्पा पर नियुक्ति हो, स्पष्ट और निर्धारित कार्य दायित्व
हो, समयबद्ध नियमित पदोन्नति हो और समान कार्य के समान वेतन हो। इस अवसर पर जिला व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ औरंगाबाद के अविनाश कुमार, संतन कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोरंजन कुमार, सिद्धेश्वर सिंह, शाबीर अली सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोजपा (आर) युवा मोर्चा का संकल्प, संगठन मजबूती और पंचायत अध्यक्षों के मनोनयन पर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली के नगर पंचायत अंतर्गत पार बाघ स्थित लोजपा (रामविलास) कार्यालय में आयोजित युवा मोर्चा की बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता लोजपा (आर) युवा मोर्चा के नवादा जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने की, जिसमें प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन की नींव को और अधिक मजबूत करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने सभी प्रखंड युवा अध्यक्षों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी करते हुए आगामी 15 अगस्त को अपने-अपने प्रखंड कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने संगठनात्मक ढांचे का विस्तार करने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों से अपनी-अपनी पंचायतों में पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति कर इसकी सूचना जल्द से जल्द संगठन को उपलब्ध कराने को कहा। अपने संबोधन में अमित कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि लोजपा (रामविलास) युवा मोर्चा को धरातल पर मजबूत करना पार्टी की मुख्य प्राथमिकता है, क्योंकि युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन का आधार मजबूत होगा और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को और अधिक ताकत मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नवादा जिले के सभी प्रखंडों में जल्द ही इसी प्रकार की बैठकें आयोजित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान की जाएगी। इस बैठक में संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए जिला युवा उपाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद, युवा उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, सचिव अभिषेक भारती, सचिव आयुष राज, पकरीबरावां युवा प्रखंड अध्यक्ष राम दुलार सिंह, रजौली नगर युवा अध्यक्ष मुकेश राजवंशी, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पासवान, संसदीय दल मीडिया प्रभारी प्रभात ज्योति, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो० तस्लीम, रजौली प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अहियापुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को रचनात्मक गतिविधियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** एक समय बिहार के सरकारी विद्यालय शैक्षणिक बदहाली के लिए जाने जाते थे, लेकिन बदलते परिदृश्य में शिक्षकों की भूमिका, प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति और विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे भौतिक संसाधनों के कारण सरकारी स्कूलों में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। विद्यालयों में बेहतर भौतिक संरचना के साथ कंप्यूटर लैब, डिजिटल टीवी, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और योग्य शिक्षकों की उपलब्धता ने शैक्षणिक माहौल को काफी बेहतर बनाया है। इसके साथ ही पाठ सहगामी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में तर्कशक्ति, चिंतन शक्ति और मनोक्रियात्मक कौशल विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में हसपुरा प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, अहियापुर में शनिवार को विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। करीब तीन वर्षों के बाद पहली बार शनिवार को विद्यालय में हाफ डे संचालित हुआ। इस



दौरान अंतिम दो घंटों में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

भारत छोड़ो आंदोलन की बरसी के अवसर पर विद्यार्थियों ने विचार गोष्ठी में भाग लिया और आंदोलन से संबंधित पेंटिंग का निर्माण किया। वहीं, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष कम से कम दो-दो पौधे लगाने का संकल्प लिया।

नशामुक्ति को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रहरी क्लब के सदस्यों ने नशा नहीं करने और अपने घर तथा गांव के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए छात्र-छात्राओं के स्तर से ही जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है।

इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न थीम पर आधारित आकर्षक वस्तुओं और आकृतियों का निर्माण कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि यदि विद्यार्थी जीवन के प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों में उच्च कोटि के गुणों और सकारात्मक सोच का विकास किया जाए, तो आने वाले समय में समाज और राज्य में सकारात्मक माहौल तैयार किया जा सकता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार के नेतृत्व में शिक्षक राहुल कुमार, लालू कुमार, इरफान आलम और धर्मेंद्र कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## एआइ शिक्षक का विकल्प नहीं, पढ़ाई को स्मार्ट बनाने का सशक्त माध्यम : विशेषज्ञ

**संत जोसेफ पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ का क्षमता निर्माण कार्यक्रम, शिक्षकों को दिए एआइ के व्यावहारिक टिप्स**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** संत जोसेफ पब्लिक स्कूल, अंबा में रविवार को सीबीएसई के उत्कृष्टता केंद्र, पटना के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'यूज ऑफ एआई इन क्लासरूम' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और विद्यार्थियों की जरूरत के अनुरूप बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन विकास कुमार व सदानंद बारी ने कहा कि एआई शिक्षक का विकल्प नहीं, बल्कि शिक्षण क्षमता को मजबूत करने वाला तकनीकी सहायक है। इसके जरिए कठिन विषयों को सरल



उदाहरणों में समझाने, अलग-अलग स्तर के विद्यार्थियों के लिए अभ्यास सामग्री तैयार करने और पाठ योजना बनाने में मदद ली जा सकती है। हालांकि एआई से प्राप्त जानकारी की तथ्यात्मक जांच और विद्यार्थियों की निजता व डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है।प्रशिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शिक्षक प्रशिक्षण में एआई के साथ कंप्यूटेशनल थिंकिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य विनय कुमार, उपप्राचार्य चक्रपाणि मिश्र, रिसोर्स पर्सन विकास कुमार, सदानंद बारी व दीपक कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गान व नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन प्रो. रामजीत सिंह ने किया, जबकि संयोजन में शिक्षक अरुण कुमार की प्रमुख भूमिका रही। विद्यालय के चेयरमैन दिलीप कुमार गुप्ता व निदेशक अनूप कुमार ने कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# झारखंड आदिवासी महोत्सव-2026 का शुभारंभ

## मांदर की थाप और लोकनृत्य से गूंजा गिरिडीह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** नगर भवन गिरिडीह में रविवार को झारखंड आदिवासी महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ पारंपरिक लोटा पानी से अतिथियों का स्वागत करने के बाद भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके बाद जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनजातीय संस्कृति परंपरा भाषा लोककला और गौरवशाली इतिहास झारखंड की पहचान और गौरव है। महोत्सव का उद्देश्य इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ आदिवासी समाज की प्रतिभाओं को मंच देना है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिद्धो कान्हो चांद भैरव नीलांबर पीतांबर फूलो झानो तिलका मांझी और अन्य महानायकों का संघर्ष समाज को साहस स्वाभिमान एकता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है जिला प्रशासन जनजातीय विरासत के संरक्षण के साथ शिक्षा स्वास्थ्य



आजीविका कौशल विकास महिला सशक्तीकरण और रोजगार को भी मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। उद्घाटन समारोह में एकलव्य विद्यालय पालगंज अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय पीरटांड़ शिक्षा विभाग और जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य-संगीत की शानदार प्रस्तुति दी। मांदर और नगाड़े की थाप पर कलाकारों के लोकनृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नुक्कड़ नाटक के जरिए जल जंगल जमीन और आदिवासी पहचान का संदेश भी दिया गया। प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया महोत्सव के दौरान कल्याण विभाग की ओर से पात्र छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महोत्सव परिसर में स्थानीय हस्तशिल्प हस्तकरघा पारंपरिक उत्पाद, शिक्षा महिला सशक्तीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए हैं प्रशासन के अनुसार महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों शिल्पकारों स्वयं सहायता समूहों और जनजातीय प्रतिभाओं को पहचान के साथ बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर गिरिडीह में निकला जुलूस

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को गिरिडीह शहर में आदिवासी समाज की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया पारंपरिक वेशभूषा सांस्कृतिक झांकियों और लोकनृत्य के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में युवक युवतियों समेत समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान शहर में आदिवासी संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली इसके बाद नगर भवन में आयोजित दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव एसपी डॉ. विमल कुमार महापौर प्रमिला मेहरा डीडीसी स्मिता कुमारी डिप्टी मेयर सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह सहित कई अधिकारी जनप्रतिनिधि और



सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे मौके पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि आदिवासी समुदाय को सामाजिक न्याय और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने फूलो झानो तथा चांद भैरव जैसे महापुरुषों के संघर्ष और उनके जागरूकता संदेश को याद करते हुए कहा कि समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। महोत्सव के दौरान आदिवासी संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली कलाकारों ने संथाली नृत्य और विभिन्न पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया वहीं युवाओं ने उत्साह के साथ झूमर प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया पूरा नगर भवन आदिवासी संस्कृति परंपरा और उत्साह से सराबोर नजर आया।

## बाइक व ट्रक के बीच हुई टक्कर में होम्योपैथिक डॉक्टर समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया चौक के पास शनिवार मध्य रात्रि ट्रक और बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में होम्योपैथिक चिकित्सा व एक लैब टेक्नीशियन की दर्दनाक मौत हो गई जबकि इस घटना में एक अन्य व्यक्ति भी जख्मी है जिसका उपचार चल रहा है। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एकडारा गांव निवासी होम्योपैथिक डॉक्टर गौतम कुमार के रूप में की गई है। जबकि दूसरा इसी थाना क्षेत्र के चचाही भरपुर गांव के देवनारायण सिंह के पुत्र कुणाल कुमार 22 वर्ष लैब टेक्नीशियन के रूप में की गई है। जबकि घटना में एक अन्य व्यक्ति भी जख्मी है जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में मृतक लैब टेक्नीशियन के भाई प्रदीप कुमार ने बतलाया कि उनके भाई का लैब दलसिंहसराय के प्रखंड कार्यालय रोड में है। रात वह अपना लैब बंद करने के बाद विभूतिपुर के ही होम्योपैथिक डॉक्टर गौतम कुमार एवं एक अन्य व्यक्ति के साथ एक ही मोटरसाइकिल से वापस विभूतिपुर आ रहे थे। इसी दौरान सिंघिया के पास एक ट्रक ने तीनों को कुचल डाला। इस घटना में होम्योपैथिक डॉक्टर गौतम कुमार जो विभूतिपुर के ही पंचवटी चौक पर होम्योपैथिक क्लिनिक चलाते थे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गौतम को उपचार के लिए ले जाने के दौरान मौत हुई वहीं तीसरे का उपचार अभी समस्तीपुर शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उधर घटना की सूचना के बाद पारिवारिक सदस्यों के बीच को हराम बच गया लोगों ने घटना की जानकारी विभूतिपुर थाने की पुलिस को दी है। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए रविवार सुबह सदर अस्पताल भेजा है। ग्रामीणों ने बतलाया कि गौतम कुमार विभूतिपुर के पंचवटी चौक पर पिछले करीब 20 सालों से होम्योपैथिक दवा की क्लीनिक चलाते थे उनके क्लीनिक में लोगों का अच्छा खासा आना-जाना था। इस घटना के बाद लोगों के बीच मातम का माहौल व्याप्त है। विभूतिपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने बताया कि ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हुई है तीसरे का उपचार चल रहा है दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है दोनों शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# 25 हाथियों के झुंड ने टटगांवा में मचाया उत्पात, फसल रौंदा

## ग्रामीणों ने खदेड़कर किया बाहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**टाटीझरिया/ दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड के टटगांवा क्षेत्र में शनिवार की रात करीब 25 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों के खेतों में लगी फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना में करीब एक एकड़ भूमि में लगी फसल को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। किसान सुरेश शर्मा, पिता वासुदेव ठाकुर ने बताया कि शनिवार रात हाथियों का झुंड उनके खेत में पहुंच गया। खेत में भिंडी, गोभी, खीरा, धान, मडुआ समेत कई फसलें लगी थीं। हाथियों ने खेत में घुसकर पूरी फसल को रौंद दिया। रविवार सुबह जब वे खेत पहुंचे तो फसल की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। खेत में रोपा गया धान भी पूरी तरह तहस-नहस हो चुका था। सुरेश शर्मा ने बताया कि वे गरीब किसान हैं और खेती पर ही निर्भर हैं। खेती के लिए बैंक से कर्ज लेकर पूंजी लगाई थी। फसल बर्बाद होने से उनके सामने कर्ज चुकाने और परिवार चलाने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने प्रशासन और वन विभाग से उचित मुआवजा एवं सहयोग की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों ने आसपास के कुछ अन्य किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और हाथियों के झुंड को खदेड़कर क्षेत्र से बाहर किया। हाथियों का झुंड फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए टाटीझरिया की ओर चला गया। ग्रामीणों ने पश्चिमी वन प्रमंडल के अधिकारियों और कर्मियों द्वारा रात में गश्त कर हाथियों को खदेड़ने के प्रयास की सराहना की है। किसानों ने अंचल अधिकारी एवं वन विभाग से फसल क्षति का आकलन कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में हर वर्ष हाथियों का उत्पात देखने को मिलता है। एक-दो दिन पूर्व खैरा, शिझुआ सहित आसपास के गांवों में भी हाथियों द्वारा फसल नुकसान किए जाने की घटना सामने आई थी। हाथियों के आतंक से किसान भयभीत हैं और उन्हें जान-माल की चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों ने हाथियों से स्थायी सुरक्षा के लिए वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## 15 अगस्त तक मुख्य आरओबी हो चालू : इस्लाम शाहीन

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि शहर के मुख्य पुल के बंद रहने से समस्तीपुर जिले के लाखों लोगों को आवागमन में भारी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग किया कि पुल मरम्मत की समय सीमा 15 अगस्त तय है, इसलिए निर्धारित तिथि तक कार्य पूरा कर आरओबी को आम जनता के लिए अविलंब चालू किया जाए। शाहीन ने कहा कि बूढी गंडक नदी के तट पर मगरदही घाट और मथुरापुर के बीच स्थित पुराने लोहे वाले पुल को तोड़कर उसके स्थान पर समानांतर नया पुल बनाने की घोषणा बिहार सरकार के द्वारा की गई थी। लेकिन खेद है कि पुल तोड़ने का काम आधा करके छोड़ दिया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि समस्तीपुर में बढ़ती यातायात समस्या को ध्यान में रखते हुए मगरदही घाट स्थित पुराने लोहे के पुल को अविलंब पूरी तरह तोड़कर उसी स्थान पर नए पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

# तेजस्वी यादव के आरोपों का एलआइबी ने किया खंडन

## ठोस प्रमाण सार्वजनिक करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन 'लेट्स इंस्पायर बिहार' (एलआईबी) ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा संगठन और इसके मुख्य संरक्षक विकास वैभव, आईपीएस को लेकर लगाए गए आरोपों का तथ्यात्मक खंडन किया है। कांटी में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के मुजफ्फरपुर जिला मुख्य समन्वयक प्रोफ़ेसर डॉ. कौशल किशोर कौशिक ने कहा कि एलआईबी पूर्णतः गैर-राजनीतिक सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना तथा शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक चेतना के माध्यम से बिहार के विकास में योगदान देना है। अभियान से चार लाख से अधिक युवा जुड़े हैं। डॉ. कौशिक ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों,




प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और समाजसेवियों की उपस्थिति सामान्य है। किसी कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति या तस्वीर को आर्थिक सहयोग अथवा व्यक्तिगत संरक्षण का प्रमाण मानना तथ्यहीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एलआईबी का संचालन किसी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि या बाहरी प्रायोजक के आर्थिक सहयोग से नहीं होता।

डेहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या मामले पर वक्ताओं ने कहा कि बिहार पुलिस जांच कर रही है और अंतिम निष्कर्ष अनुसंधान पूरा होने के बाद ही सामने आएगा। जिला प्रवक्ता राज रौशन ने कहा कि जांच के दौरान बिना ठोस साक्ष्य किसी अधिकारी की निष्पक्षता पर सवाल उठाना अनुचित है। महिला विंग की सरिता सोनी ने कहा कि विकास वैभव ने सेवाकाल में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे एलआईबी में कोई आधिकारिक या प्रशासनिक पद नहीं रखते, बल्कि प्रेरणास्रोत एवं मुख्य संरक्षक के रूप में जुड़े हैं। प्रेस वार्ता में विंग कमांडर यूएन त्रिपाठी, सुभम सौरभ, मुकुल कुमार, प्रणव, सुधाकर मिश्र, रौशन कुमार, सुशांत मिश्रा, पुष्कर कुमार हिमांशु, मुकुंद सिंह और शिवम कुमार, नवनीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। एलआईबी ने तेजस्वी यादव से आरोपों के समर्थन में बैंकिंग लेन-देन, दस्तावेज अथवा अन्य ठोस साक्ष्य सार्वजनिक करने तथा यह बताने की मांग की कि प्राथमिकी में नाम नहीं होने और जांच जारी रहने के बावजूद ऐसे बयान देने का आधार क्या है।

# डीएम ने हर घर तिरंगा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर रविवार को शहर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को डीएम रोशन कुशवाहा ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा हो रहा है। इसी गीत के गौरवशाली थीम पर यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। डीएम ने कहा जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्र गौरव की भावना को और अधिक प्रबल बनाना है। उन्होंने कहा किया अभियान 9 अगस्त से शुरू होकर 17 अगस्त तक चलेगा। जिसमें विशेष उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि



लगातार तिरंगा रैली, बाइक साइकिल यात्राएं स्कूल और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम तथा तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि इस बार केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जिसमें छात्र युवा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग भी भाग ले रहे हैं। उधर तिरंग साइकिल रैली कलेक्ट्रेट से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इस दौरान वंदे मातरम गीत सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। रैली में शामिल लोग लोगों से अपने घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। तिरंगा साइकिल रैली के दौरान स्कूल के बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान लोग भारत माता की जयकारा लगा रहे थे। इस दौरान लोग अपने अपने हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे। वहीं एसडीएम राकेश कुमार के नेतृत्व मे हर घर तिरंगा साइकिल रैली शहर के विभिन्न मार्गो का भर्मण कर लोगों के बीच देश भक्ति की भावना से प्रेरित किया, इस कार्यक्रम के अवसर पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समहरत्ता बृजेश कुमार, एनडीसी सह जनसम्पर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, विशेष कार्य पदाधिकारी मो अली एकराम, उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह,अनुष्का श्रीवास्तव, आदि पदाधिकारी उपस्थिति थे।

# नियमित व्यायाम व सही दिनचर्या से हो सकता है मधुमेह पर कंट्रोल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** साउथ इस्ट एशिया डाइबटीज फाउण्डेशन बिहार शाखा का प्रथम कान्फ्रेंस होटल मौर्य में आयोजित हुआ। जिसमें देशभर के लगभग 200 मधुमेह से जुड़े चिकित्सकों ने भाग लेकर अपना राय व्यक्त किया। इस संबंध में आयोजक कंसल्टेंट फिजिशियन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अभिजीत कुमार ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में मधुमेह से जुड़ी बीमारी जैसे किडनी, हर्ट, आंख, दांत, चर्म रोग से जुड़े चिकित्सकों ने इन बीमारियों से कैसे बचाव हो उसपर चर्चा की। मौके पर मुख्य अतिथि उड़ान के




अमित शर्मा ने मधुमेह से जुड़ी बीमारियों से हो रहे नुकसन पर चर्चा की। इस मौके डॉ अभिजीत ने बताया कि मधुमेह का इलाज है मगर इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने का अभी कोई शोध नहीं हो पाया है। कई मरीज आयुर्वेद से लौटकर भी एलोपैथ की शरण में आ रहे हैं। मतलब मधुमेह के मरीज को निरंतर परहेज से रहना चाहिए। मौके पर मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल कुमार ने कहा कि नियमित जीवन शैली में आठ घंटे निंद, आठ घंटे ऑफिस वर्क और आठ घंटे पारिवारिक जीवन में रहकर भी इस बीमारी पर नियंत्रण रखा जा सकता है। साथ में आठ ग्लास पानी पीना और 30 मिनट का ब्रिस्क वाक के साथ व्यायाम करने से भी मधुमेह, हर्ट, किडनी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही मधुमेह से ग्रस्त होने पर तुरंत डाक्टर से इलाज कराएं। मौके पर डॉ अजय कुमार, डॉ शैवाल गुप्ता,डॉ सुभाष कुमार, डॉ कुणाल कुंदन, डॉ पुष्पराज , डॉ सुकृति कुमारी, डॉ राहुल कुमार शर्मा सहित कई चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# एक एएनएम के भरोसे पहसारा स्वास्थ्य केंद्र

### पांच डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति अन्य जगहों पर होने से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

## लोगों को इलाज कराने में हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से जूझ रहा है। पांच चिकित्सकों समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के पदस्थापन के बावजूद केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था फिलहाल महज एक एएनएम के भरोसे चल रही है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सामान्य इलाज के लिए भी दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ विडुल सिंह के अनुसार, 28 जुलाई से केंद्र पर नियमित रूप से केवल एएनएम श्वेता कुमारी ही स्वास्थ्य सेवा दे रही हैं। विभागीय स्तर पर केंद्र में पांच चिकित्सक, दो जीएनएम, एक डाटा ऑपरेटर और एक एएनएम के पदस्थापन की



जानकारी है। हालांकि, चिकित्सकों और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति तथा अनुपस्थिति के कारण ओपीडी समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब 30 वर्ष पुराने इस अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानीय लोगों ने नौ कट्ठा जमीन दान में दी थी। इसके बावजूद अब तक नए भवन का निर्माण नहीं हो सका है। जर्जर भवन में संचालित केंद्र में पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मी नहीं होने से मरीजों को इलाज के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रखंड प्रमुख अनीता देवी ने बताया कि केंद्र पर पदस्थापित कई चिकित्सकों और कर्मियों को दूसरे स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। आयुष चिकित्सक डॉ. राजेश रंजन को अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र समसा और डॉ. नितिन कुमार को पीएचसी नावकोठी में प्रतिनियुक्त किया गया है। जीएनएम रविशंकर कुमार और डाटा ऑपरेटर कुणाल कुमार भी पीएचसी नावकोठी में प्रतिनियुक्त हैं। डॉ. रीमा राज डंडारी स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त हैं, जबकि डॉ. सोनी कुमारी के संबंध में स्थानीय स्तर पर स्पष्ट जानकारी नहीं है। आयुष चिकित्सक डॉ. पूजा कुमारी 28 जुलाई से शिक्षा अवकाश पर हैं। ऐसे में केंद्र की पूरी जिम्मेदारी एएनएम श्वेता कुमारी पर है। उन्हें बुधवार और शुक्रवार को नियमित टीकाकरण की ड्यूटी भी करनी पड़ती है। इससे इन दोनों दिनों में केंद्र की सामान्य स्वास्थ्य सेवा और ओपीडी भी प्रभावित रहती है। इस समस्या को लेकर पांच अगस्त को हुई पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड प्रमुख अनीता देवी ने प्रस्ताव रखा। इसमें प्रतिनियुक्त चिकित्सकों और कर्मियों को वापस बुलाकर नियमित पदस्थापना सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की गई। पीएचसी प्रभारी से संपर्क का प्रयास किया गया। लेकिन दूरभाष पर संपर्क नहीं हो सका। स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# नई श्रम नीति व निजीकरण के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

## रेलवे कर्मचारियों का जन कन्वेंशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के मान्यता प्राप्त संगठन ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले रविवार को समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष रेलवे कर्मचारियों का विशाल जन कन्वेंशन आयोजित किया गया। कन्वेंशन में नई श्रम संहिताओं, रेलवे के निजीकरण-निगमीकरण, एनपीएस/यूपीएस, बोनस पर सीलिंग तथा विभिन्न विभागों में आठ घंटे की ड्यूटी व्यवस्था लागू नहीं किए जाने के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पासवान ने तथा संचालन मंडल सचिव संजीव मिश्रा ने किया। कन्वेंशन में बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने भाग लिया और केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। मुख्य वक्ता यूनियन के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सह इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय सह महासचिव रत्नेश वर्मा ने कहा कि नई श्रम नीति, निजीकरण, निगमीकरण, एनपीएस/यूपीएस तथा बोनस सीलिंग जैसे मुद्दों पर सरकार का रवैया कर्मचारी हितों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि रेलवे को टुकड़ों में बांटकर निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है, जिसका कर्मचारी संगठित रूप से विरोध करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए मंडल सचिव संजीव मिश्रा ने कहा कि पेंशन, वेतन, भत्ता, बोनस, प्रमोशन, अनुकंपा नियुक्ति, ड्यूटी रोस्टर और विश्राम जैसी सुविधाएं कर्मचारियों का अधिकार हैं, जिन्हें रेलवे प्रशासन को स्वतः लागू करना चाहिए। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश पासवान ने लेबर कोड की वापसी, पुरानी पेंशन बहाली तथा निजीकरण-निगमीकरण पर रोक लगाने के लिए निर्णायक आंदोलन चलाने का आह्वान किया। केंद्रीय संगठन सचिव चंदन यादव ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों पर जबरन निजीकरण और निगमीकरण थोपा जा रहा है तथा 55/30 सर्विस रिव्यू जैसी नीतियों से कर्मचारियों में असुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने देशभर में सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग की। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए एआईसीसीटीयू नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के मजदूरों की स्थिति लगातार खराब हो रही है। ठेका मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही है और चार लेबर कोड के माध्यम से श्रमिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। वक्ताओं ने रेलवे में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, आउटसोर्सिंग समाप्त करने, समान काम के लिए समान वेतन, सभी विभागों में आठ घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू करने, रन-ओवर दुर्घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच, रेलकर्मियों को जीवन रक्षक यंत्र उपलब्ध कराने, रेलवे अस्पतालों एवं आवासीय सुविधाओं का विस्तार, ट्रांसफर नीति में पारदर्शिता तथा विभिन्न भत्तों के समय पर भुगतान की मांग उठाई। सभा को राजकुमार, प्रेम कुमार ठाकुर, संतोष मिश्रा, प्रमोद कुमार राय, सोनू कुमार, वीरेंद्र कुमार, दीलीप कुमार, रत्न मिश्र, राजीव कुमार, अविनाश कुमार, चंदन कुमार, संतोष मिश्र, कैलाश कुमार, संगम कुमार, राज कुमार, ऐक्टू के ललन कुमार, रेल विकास मंच के राम विनोद पासवान, विश्वनाथ सिंह हजारी, सुशील कुमार, रामलाल राम, पूर्व पार्षद अर्जुन कुमार, दीनबंधु प्रसाद, शाहीद हुसैन, दीपक यदुवंशी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कन्वेंशन के अंत में कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं का डीएम ने लिया जायजा

## डीएम ने सुल्तानगंज में श्रावणी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल संचालन एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र (सुल्तानगंज) के विभिन्न प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर मौजदा व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा श्रीमती पांडेय ने अजगैवीनाथ धाम, गंगा घाट, नमामि गंगे घाट, कांवरिया पथ सहित अन्य महत्वपूर्ण मेला क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाए रखने, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा घाटों एवं कांवरिया पथ पर आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्रद्धालुओं की सहायता के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों को अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर सक्रिय एवं मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। श्रीमति पांडेय ने चिकित्सा एवं आपातकालीन सेवाओं को भी पूरी तरह सक्रिय रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुलतानगंज पहुंच रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेला व्यवस्था को और बेहतर बनाएं। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बनवारीपुर निवासी भूषण चौरसिया के घर से शनिवार की रात हुई ई-रिक्शा की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की गई ई-रिक्शा भी जीरोमाइल थाना क्षेत्र से बरामद कर ली गई है। पीड़ित भूषण चौरसिया ने लिखित आवेदन देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से ई-रिक्शा चोरी कर ली है। इसके आधार पर थाने में कांड संख्या 218/26 दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में बनवारीपुर निवासी स्व रामजतन चौरसिया के पुत्र राजेश चौरसिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई ई-रिक्शा को जीरोमाइल क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार राजेश चौरसिया पूर्व में भी एक अन्य मामले में अभियुक्त रहा है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वार्ड नं 27 इकाई के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मिडिल स्कूल पहाड़चक के प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार ने की जबकि संचालन अभाकाम वार्ड नं. 27 के संयोजक मनोज कुमार ने किया। बैठक में महासभा के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त के मंदिर निर्माण पर चर्चा की गयी। अभाकाम के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने बैठक में उपस्थित अभाकाम के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए संगठन को और संगठित एवं मजबूती के लिए संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने सदस्यों से ऑनलाइन 'के कार्ड' से जुड़ने की अपील की। सर्वसम्मति से वार्ड न. 27 अभाकाम इकाई की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने एवं सम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रणय कुमार, मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, राजीव प्रसाद वर्मा, रणधीर कुमार सिन्हा, अभय कुमार, संजय कुमार सिन्हा, त्रिभुवन नारायण सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा, मणि मोहन सिन्हा, गुड्डू कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, मुकुल कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, रणवीर कुमार सिन्हा, आकाश कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर प्रसाद, रणधीर कुमार सिन्हा सहित दर्जनों अभाकाम के सदस्यों ने भाग लिया। अन्त में बैठक में उपस्थित सदस्यों को बहुमूल्य सुझाव एवं अपनी सक्रिय भागीदारी देने के लिए रणधीर कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रखंड कार्यालय के पास की सड़क बनी जानलेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** बरौनी प्रखंड महत्वाकांक्षी 'सात निश्चय योजना' के तहत बनी सड़कें अब भ्रष्टाचार और बदहाली की कहानी बयां कर रही हैं। ताजा मामला बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत के वार्ड नंबर 9 का है, जहाँ 2019 में बनी मुख्य सड़क अगस्त 2026 में पूरी तरह धंस चुकी है। स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि सड़क के बीचों-बीच बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और नीचे बिछाई गई ईंटें बाहर निकल आई हैं। यह सड़क बीहट नगर परिषद के असुरारी से ठीक सटी हुई है और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह घटनास्थल बरौनी प्रखंड कार्यालय से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद स्थानासन और संबंधित पदाधिकारियों की नजर अब तक इस जानलेवा समस्या पर नहीं पड़ी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच बने गड्डों के कारण अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। गड्ढे इस कदर खतरनाक हो चुके हैं कि जरा सी अनसुलझन में मोटरसाइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर कब किसका पैर टूट जाए या कोई बड़ी अनहोनी हो जाए, कहा नहीं जा सकता। धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप पंचायत के ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है पिपरा देवस पंचायत में केवल इसी सड़क का नहीं, बल्कि लगभग सभी सड़कों का हाल बेहद नाजुक है। संवेदक (ठेकेदार), पंचायत सचिव और मुखिया की मिलीभगत से निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। घटिया सामग्री के प्रयोग के कारण ही सड़क कुछ ही सालों में धंस गई। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि तत्काल जांच इस सड़क निर्माण में हुई धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। दोषी संवेदक (ठेकेदार), मुखिया और पंचायत सचिव पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# हर घर तिरंगा अभियान पर स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के निर्देश पर जिले के सभी विद्यालयों में हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। राज्य परियोजना निदेशक के आदेश के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभियान के तहत मेरा भारत, मेरा संकल्प-विकसित भारत 2047 थीम पर सभी विद्यालयों, संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर भाषण, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विद्यालय स्तर पर 10 अगस्त को पेंटिंग, निबंध हिंदी और भाषण हिंदी-अंग्रेजी में कक्षा 6-8 और 9-12 के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।संकुल स्तर पर 11 अगस्त को विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रखंड स्तर पर 12 अगस्त को संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी भाग लेंगे। जिला स्तर पर 13 अगस्त को प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा भाग लेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम 13 अगस्त को बीपी+2 विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी मध्य, उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वे तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें।

# किसान महासभा ने मोदी-सम्राट का फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय आह्वान पर 9 अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर जिले में किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाकपा माले कार्यालय कमलेश्वरी भवन से झंडा-बैनर और मोदी-सम्राट के पुतले के साथ मार्च निकालकर बाबा साहेब अम्बेदकर मूर्ति के सामने पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने किसान विरोधी कानूनों पर रोष व्यक्त करते हुए 9 अगस्त 1995 के शहीद नंदलाल पासवान और सिकंदर सदा तथा किसान आंदोलन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, किसान महासभा के जिला सचिव बैजू सिंह, अध्यक्ष नवलकिशोर सिंह एवं राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार सरकार सेटेलाइट टाउनशिप के नाम पर किसानों की भूमि की लूट करवा रही है। प्रस्तावित प्रोजेक्ट को तत्काल रद्द किया जाए। वक्ताओं ने किसानों की जमीन पर लगे सभी तरह के प्रतिबंध हटाने, फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने एवं प्रस्तावित अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौता रद्द करने की मांग की। सभी वक्ताओं ने आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर झारखंड में छात्र आंदोलन के समर्थन में जुलूस के दौरान स्याही फेंके जाने की निंदा की। साथ ही रोहतास के दिनारा में चंदेश्वर चौधरी की बकाया मजदूरी मांगने पर अजित तिवारी द्वारा गोली मारकर हत्या की तीव्र निंदा करते हुए दोषी पर कठोर कार्रवाई की मांग की।मौके पर खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा, रिक्शा चालक संघ ऐक्टू के अध्यक्ष टुनटुन राय, सचिव कन्हैयाल साह, गजेन्द्र पंडित, संजय ठाकुर, दयाराम साह, मोहम्मद जमील, अमरजीत कुमार, दीपक कुमार, सुनील पासवान, रामबली साह, जीतेन्द्र पौद्दार, रवीन्द्र महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया को को पितृ शोक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के गेन्हरपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया सुखराम महतो के पिता राम सागर महतो का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 90 वर्ष के थे। उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक दल के नेताओं व पैक्स अध्यक्षों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# साइकिल पे संडे की 617वीं यात्रा सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** रविवार को साइकिल पे सन्डे अभियान के द्वारा गायत्री मंदिर गढ़हरा परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर साइकिल पे संडे अभियान के द्वारा अमरूद और महोगनी के कुल 21 पौधे लगाए गए, जबकि 30 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंदिर गढ़हरा के सत्यनारायण साह ने अभियान के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि वास्तव में देश के लिए साइकिल पे संडे का यह अभियान अनुकरणीय है। आज जेन जी को इन मुद्दों को लेकर भी समाज के बीच जाना चाहिए। अभियान के वरिष्ठ सदस्य विनोद भारती ने कहा कि साइकिल पे संडे का यह अभियान अनवरत है और यह खुशी है कि अभियान में नए ढेर सारे सदस्य जुड़ रहे हैं। अभियानी मित्र अंशु कुमार ने कहा की साइकिल पे संडे का यह प्रयास है कि पर्यावरण के लिए जो भी संस्थाएं कम कर रही है उसके साथ मिलकर पर्यावरण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि यह पहल आज पूरे देश भर में एक नई क्रांति ला रही है जिस रूप में हर लोग पर्यावरण के लिए काम कर रहे हैं यह प्रयास सफल होग। मौके पर अभियान के सदस्य रामगोविन्द कुमार, अभिनव कुणाल, राजकुमार, शशि कुमार, अमित ठाकुर, कीर्तनानंद, विजय मिश्र सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इसके पूर्व साइकिल यात्रा का शुभारंभ सिद्ध पीठ बड़की दुर्गा मंदिर परिसर से किया गया, जो बीहट गढ़हरा होते हुए गायत्री मंदिर जाकर कार्यक्रम में तब्दील हुआ।अभियान में कुल 75 सदस्यों ने भाग लिया।

# मृत घोषित किशोर 10 साल बाद योगी बनकर लौटा घर

## माता-पिता ने आधार कार्ड से की पहचान, बोले- बेटा अब गांव में ही रहेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड के मोख्तियारपुर पंचायत अंतर्गत मानोपुर मुसहरी टोला में एक ऐसी घटना घटी है जिसने पूरे गांव को अचंभे में डाल दिया है। करीब 10 साल पहले सर्पदंश से 'मृत' घोषित कर गंगा में विसर्जित किए गए एक किशोर के योगी के भेष में जीवित घर लौटने से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है। मामला लगभग 10 वर्ष पुराना है। मानोपुर मुसहरी निवासी रामप्रीत दास के 15 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को सुबह शौच से लौटने के दौरान किसी विषैले जीव ने डस लिया था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजनों ने पहले ओझा-गुणी से झाड़-फूंक कराई, फिर पड़ोसी गांव विशनपुर स्थित गहबर के भगत को दिखाया। हालत में सुधार न होने पर उसे भगवानपुर पीएचसी लाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उसका शव तेघड़ा के अयोध्या घाट पर छोटे-छोटे मटकियों में बालू भरकर गंगा में विसर्जित कर दिया था। बताया जाता है कि सावन की उफनती गंगा में शव ऊपर आ गया था।

10 दिन पहले राहुल कुमार योगी के वेश में अचानक मानोपुर मुसहरी टोला पहुंचा। वह मोहल्ले की एक गुमटी पर गया और दुकानदार को अपना नाम राहुल कुमार, पिता रामप्रीत दास, माता कविता देवी और भाई मंजीत, संजीत, मंटुन बताया वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसने दादा-परदादा तक का नाम लेकर घर-परिवार के सभी लोगों की पहचान बताई। दुकानदार ने तुरंत घर सूचना दी। राहुल अपने पुराने घर भी गया और सभी को पहचानकर नाम बताया। मां कविता देवी और पिता रामप्रीत दास ने बताया कि उसका चेहरा हमारे बड़े बेटे से मिलता था और माथे पर पुराना जख्म का निशान भी वही था। उसने आधार कार्ड भी दिखाया। पहचान के बाद उसे घर लाया गया, लेकिन वह उसी शाम 4 बजे वापस चला गया। राहुल ने परिजनों और ग्रामीणों को बताया कि गंगा में बहते हुए वह मोकामा घाट पहुंच गया था। वहां स्नान करने आए एक साधु ने उसकी नब्ज और सांस देखकर उसे जीवित किया। इसके बाद वह साधु उसे अपने साथ गोरखपुर के एक आश्रम ले गया, जहां वह योगी बनकर रहने लगा। राहुल ने बताया कि आश्रम गोरखपुर से 30 किलोमीटर दूर जंगल में है। वह घूमते-घूमते अब अपने गांव आया है। जाते समय वह माता-पिता का मोबाइल नंबर भी ले गया और शनिवार को उसने मां से बात भी की। परिजनों का कहना है कि वह अब भी नियमित बात करता है।

**आश्रम छोड़ने के लिए मांगी जा रही है रकम**

परिजनों के अनुसार आश्रम के साधुओं ने राहुल को मुक्त करने के एवज में पहले 2.5 लाख रुपये, फिर 1.55 लाख, फिर 31 हजार और अंत में 5 हजार रुपये आश्रम के भंडारे में देने की बात कही है। राहुल का आधार कार्ड भी परिजनों के पास है, जिसमें उसकी तस्वीर लगी है। परिजनों ने बताया कि उसका दिमाग थोड़ा कमजोर है। माता-पिता और ग्रामीण चाहते हैं कि राहुल अब गांव में ही रहे। राहुल ने भी माता-पिता के साथ रहने की इच्छा जताई है तथा वह यहां आना चाहता है। इस अजीबोगरीब घटना के बाद पूरे गांव में जहां खुशी की लहर है, वहीं लोग इस चमत्कार को लेकर आश्चर्यचकित भी हैं।

# किसानों की समस्याओं पर भाकियू ने भरी हुंकार, सरकार को भेजा 10 सूत्री ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पार्वती हाई स्कूल, बिक्रम में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु), बिहार प्रदेश की ओर से किसान संवाद बैठक आयोजित की गई। इसमें किसानों की समस्याओं सिंचाई, बिजली, कर्जमाफी, एमएसपी और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। संगठन की ओर से सरकार को 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन भेजकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमार 'विनोद' ने की। मुख्य अतिथि कृषि विशेषज्ञ प्रो. डॉ. देवेंद्र प्रसाद सिंह रहे। प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश सिंह, पटना जिला अध्यक्ष वकील यादव, आयोजक सह उपाध्यक्ष दिनेश सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर आवाज उठाने की जरूरत है।

बैठक में क्षेत्र की नहरों की पूर्ण सफाई, कृषि बिजली बिल माफी, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी और कर्ज माफी की मांग प्रमुखता से उठाई गई। वहीं ब्लॉक और अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा किसानों से जुड़े कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने की मांग की गई। संगठन ने तारेगना व टोक टापू स्थल सहित बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग भी रखी। नेताओं ने कहा कि सभी न्यायसंगत मांगों पर सरकार त्वरित लिखित कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) उपलब्ध कराए। कार्रवाई नहीं होने पर संगठन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन करेगा।

# बोलबम के नारे से गूंज रहा इलाका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटोरिया (बांका)।** दिन बदला, तारीक बदली, जमाने बदलता गया, लेकिन नही बदला शिवभक्तों के दीवानों का जुनून, चाहे पूरा जमाना भले ही आगे निकल जाए , लेकिन भगवान शिव के भक्तों का उत्साह और जुनून कभी कम नहीं होता। सावन के महिने में कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। शिव भक्तों की अट्टू आस्थावक्त का प्रभाव, सदियां बीत गई, नई पीढ़ियां आई और रहन-सहन बदल गया। भक्ति का रूप आधुनिक युग में भी शिव भक्तों का जोश वैसा ही पुराना और पावन है। विश्व प्रसिध्द सावन मेले की यात्रा में हर साल लाखों भक्त कठिन रास्ते तय करके शिवलिंग पर जल चढ़ाने आते है। चाहें शहर हो या गांव हर जगह केवल 'बम-बम भोले' और हर हर महादेव की गूंज सुनाई देती है। इसी जुनून के साथ सावन माह की दूसरी सोमवार को भगवान शिव के पावन महीने सावन में लगातार शिवभक्त शिवालय पहुंच रहे हैं। सुलतानगंज से लेकर देवभूमि देवघर तक शिव के भक्त कंधों पर कांवड़ लेकर निकलते हैं। कांवड़ यात्रा निकाल कर सभी जल लेकर अपने भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हर साल पहुंचते हैं। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को शरीर पर भगवा बस्त्र धारण कर और कांवड़ लिए सुलतानगंज से जल भरकर बाबा बैधनाथधाम के लिए निकल पड़ते है। जिसे डाक बम कहते है। जिसमें श्रद्धालु बिना कहीं-रुके या विश्राम किए जल लेकर दौड़ते या चलते हुए शिवालय पहुंचता है और जलाभिषेक करता है। दरअसल डाक बम आपको पूर्वांचल, बिहार और झारखंड में ज्यादा देखने को मिलते हैं। नंगे पांव, जमीन पर लेटकर और दौड़ते हुए बाबा धाम जाकर रुकते हैं। डाक बम कहीं रुकते नहीं हैं और अगर वो रुक गए तो उनकी ये यात्रा खंडित मानी जाती है। डाक बम और देवघर का खास नाता है। देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर कांवड़ियों का हूजूम उमड़ता है। और सबसे ज्यादा डाक बम। सुल्तानगंज से जल लेकर 108 किलोमीटर की दूरी तय करके डाक बम में शामिल श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं और जल चढ़ाते हैं। सावन में देवघर में श्रद्धालुओं का तांता लगता है। आज के आधुनिक युग में लोंग दो से चार किलोमीटर दौड़ लगाने पर हापने लगता है। लेकिन शिवभक्त के जयकारे ओर भोले बाबा की पुकार से ही 108किलोमीटर की सफर आसानी से तय कर जाते है। जिसे आज के दौर में चमत्कारी से कम नही है।

# महिलाओं के उत्थान को समर्पित नूतन उन्नति फाउंडेशन ने भव्य रूप से मनाया सावन महोत्सव

## हरियाली, लोक संस्कृति और नारी सशक्तिकरण का दिखा अद्भुत संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के लिए समर्पित नूतन उन्नति फाउंडेशन के तत्वावधान में कावेरी कॉटेज होटल में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। सावन की हरियाली, लोक संस्कृति, गीत-संगीत, नृत्य और पारंपरिक परिधानों ने पूरे आयोजन को आकर्षक एवं उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद पुष्पा देवी, रेशम सिन्हा , डायरेक्टर नूतन बिहारी एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती नूतन बिहारी ने सावन पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सावन केवल प्रकृति के सौंदर्य और उल्लास का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे, आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। मुख्य अतिथि पुष्पा देवी ने कहा कि नारी सशक्त होगी तो परिवार सशक्त होगा और परिवार सशक्त होगा तो समाज एवं राष्ट्र मजबूत बनेगा। महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन, रोजगार तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान अवसर प्रदान करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

**गीत-संगीत और नृत्य ने बांधा समां**

सावन महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन गीत, लोकगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक गतिविधियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में समानता, सम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना को और मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने सावन महोत्सव के माध्यम से अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर राखी बरनवाल, रेशम सिन्हा एवं तरुण चौरसिया ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि नूतन उन्नति फाउंडेशन का सावन महोत्सव महिलाओं के मनोरंजन एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का मंच बनने के साथ-साथ नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रभावशाली संदेश देने वाला सफल आयोजन साबित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में राखी गुप्ता, सोनी, बबीता, सरिता बरनवाल, बंटी, अर्चना, पुनीता, अंजू, बबली, हेमलता, ममता, प्रियंका, पूनम, पुनीता, सुमन, तान्या, ममता, अंजू, भवानी, पूनम गुप्ता, रीना वर्मा, संगीता देवी, सविता, स्नेहा, सुषमा, अर्पण एवं बिना सहित फाउंडेशन के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में फाउंडेशन की ओर से सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# वीबी-जी राम जी : ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार रविवार को नगर भवन में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण (वीबी-जी रैम जी) अधिनियम-2025 के संबंध में जागरूकता एवं क्षमता निर्माण के उद्देश्य से जिला स्तरीय 'पंच सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के मुखिया सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक, पंचायत रोजगार सेवक सहित वीबी-जी रैम जी से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के उद्देश्यों, प्रावधानों एवं कार्यान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना




01 जुलाई 2026 से प्रभावी है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक परिवारों को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान करने का प्रावधान है। योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना, टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। यह पहल विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में ग्रामीण भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों की पहचान एवं योजना तैयार की जाएगी तथा स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कार्यों को मुख्यतः चार प्रमुख श्रेणियों—जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा, ग्रामीण आजीविका तथा आपदा प्रबंधन एवं शमन में वर्गीकृत किया गया है। योजना के अंतर्गत कुल 318 प्रकार के कार्यों को चिन्हित किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों को योजना निर्माण, कार्यान्वयन, निगरानी, परिसंपत्तियों के रख-रखाव, पारदर्शिता एवं सामाजिक जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से योजना के प्रावधानों को अच्छी तरह समझते हुए ग्रामीण परिवारों तक इसका व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। 'पंच सम्मेलन' के दौरान संबंधित विशेषज्ञ पदाधिकारियों द्वारा वीबी-जी रैम जी अधिनियम-2025 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अखौरी मनीष, संजय पंडित, कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार चौधरी, कार्यक्रम पदाधिकारी, हसपुरा तथा सदर कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा योजना के उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्रस्तुतिकरण के दौरान पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका एवं दायित्व, विकसित ग्राम पंचायत योजना (वीजीपीपी) के निर्माण एवं अनुमोदन की प्रक्रिया, परिवारों के पंजीकरण एवं ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया, ग्रामीण विकास कार्यों की योजना तैयार करने एवं उनके क्रियान्वयन, कार्यों की निगरानी एवं रख-रखाव, विभिन्न योजनाओं के साथ अभिसरण, कार्यों में पारदर्शिता, शिकायतों के निवारण, सामाजिक जवाबदेही तथा सामाजिक लेखा परीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

# ट्रैक्टर-स्कूटी की टक्कर में किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में 16 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। घटना देव प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर थाना अंतर्गत एरौरा मोड़ की है। मृतक की पहचान केताकी गांव निवासी श्रवण चौधरी के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर प्रिंस स्कूटी से कहीं जा रहा था। इसी क्रम में एरौरा मोड़ पर ट्रैक्टर और स्कूटी की टक्कर हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से किशोर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज़ के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार एक किशोर की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# सर्पदंश से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना के समीप रहने वाले 35 वर्षीय रिंटू के रूप में की गई है। वह लकड़ी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार रिंटू शनिवार को घर से कुछ दूर स्थित खेतों में बकरी चराने गया था। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे काट लिया। सर्पदंश के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की नजर जब रिंटू पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन और स्थानीय लोग तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रिंटू को मृत घोषित कर दिया। रिंटू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि उसकी अचानक मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# शिक्षा सेवकों की मांगों को पूरा कराने का करूंगा प्रयास : एमएलसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के शिवगंज में रविवार को शिक्षा सेवक संघ प्रखंड इकाई द्वारा एमएलसी बंशीधर बृजवासी का जोरदार स्वागत किया गया। एमएलसी बृजवासी जिले के गोह प्रखंड में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। शिक्षा सेवक संघ के जिला सचिव रामसुरेश चौधरी और प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम रजक के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने एमएलसी को पुष्पहार एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान संघ द्वारा उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया। मांग पत्र में संघ ने शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज कर्मियों के समायोजन, वेतनमान तथा चार माह से लंबित मानदेय के भुगतान की मांग की। प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम रजक ने एमएलसी से अनुरोध किया कि शिक्षा सेवकों के बकाया मानदेय का भुगतान



जल्द कराया जाए और उनके समायोजन के संबंध में सरकार से बात की जाए। इस अवसर पर एमएलसी बंशीधर बृजवासी ने कहा कि शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज के कर्मी पिछले 17 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। बावजूद इसके सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी इस संबंध में सरकार को पत्र लिखा है और बहुत जल्द सदन में शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज के मुद्दे को उठाकर उनकी मांगों को पूरा कराने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर शिक्षा सेवक विश्वनाथ कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मुन्ना चौधरी, नागेन्द्र कुमार, धनंजय कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, मंटू कुमार, अवधेश रजक, बबन रजक, कमलेश कुमार, मनीष कुमार, खेलावन चौधरी, रामगोविंद चौधरी, राजाराम सहित बड़ी संख्या में शिक्षा सेवक उपस्थित रहे।

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा( औरंगाबाद )।** अंबा थाना पुलिस ने शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई करते हुए एरका कॉलोनी स्थित बटाने नदी पुल के समीप से 55.8 लीटर शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के लभरी खुर्द गांव निवासी दीपक कुमार (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 55.8 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक भी जब्त कर ली। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

**परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के पिरु गांव में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान पिरु गांव निवासी रमेश चौधरी की 37 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। परिजनों के अनुसार सोनी कुमारी और उसके पति के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि पति उसके साथ मारपीट भी करता था। पूर्व में मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सोनी का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में कराया गया था। बताया गया कि शनिवार को खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। पति ने दोपहर में अंडाकरी बनाकर खाया था। वहीं रात में मृतका के बेटे द्वारा चिकन लाया गया था, जिसे परिवार के सदस्यों ने खाया और फिर सभी सो गए। परिजनों के मुताबिक आधी रात के बाद पति ने बच्चों को जगाकर बताया कि उनकी मां की मौत हो गई है। इसके बाद वह कथित तौर पर अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गया। इसी बीच किसी व्यक्ति ने मृतका के मायके वालों को घटना की सूचना दे दी। परिजनों के पहुंचने से पहले ही पति घर से फरार हो गया। मृतका के परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान होने का दावा करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। इन परिस्थितियों को लेकर परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों के अनुसार सोनी कुमारी मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती थी। बताया गया कि शनिवार को पति से विवाद के बाद वह कथित तौर पर सल्फॉस की गोली लेकर आई थी जिसे परिजनों ने उससे छीन लिया था। घटना की सूचना मिलते ही हसपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों की ओर से दिये आवेदन के आवेदन के आधार पर उसके पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शादी की ज़िद पर अड़ी समस्तीपुर की युवती ने सिपाही से रचायी शादी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अम्बा थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह का एक मामला सामने आया है। समस्तीपुर जिले की एक लड़की अपने प्रेमी से शादी करने के लिए करीब 250 किलोमीटर दूर अंबा पहुंच गई। प्रेमी बिहार पुलिस का सिपाही है और उत्पाद विभाग के एरका चेक पोस्ट पर तैनाती है। लड़की के चेकपोस्ट पर पहुंचते ही दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। वहां पूछताछ में चार साल पुराने प्रेम संबंध की बात सामने आई। उसके बाद पुलिस ने दोनों की मंदिर में शादी करवा दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार युवती बालिग है। पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया। परिजनों की मौजूदगी और सहमति से सतबहिनी मंदिर में शादी कराई गई है।

# मारपीट में घायल युवती की मौत, हत्या की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के मौआरी गांव में 31 जुलाई को हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय युवती की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान मौआरी गांव निवासी बीरेंद्र यादव की पुत्री निशा कुमारी के रूप में हुई है। युवती की मौत के बाद हसपुरा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को मौआरी गांव में दो पड़ोसी परिवारों के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान निशा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से हसपुरा थाने में आवेदन भी दिया गया था। हालांकि, बाद में ग्रामीणों की पहल पर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हुआ था। समझौते के दौरान घायल युवती के इलाज का खर्च उठाने पर भी सहमति बनी थी। घायल निशा का पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। युवती की मौत की सूचना पर परिजनों ने हसपुरा थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। मृतका के पिता बीरेंद्र यादव के बयान पर हसपुरा थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## स्पर्शाघात से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लहंगीया गांव में रविवार की शाम बिजली करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घ्मृतक की पहचान कामेश्वर मांझी के 35 वर्षीय पुत्र कईल मांझी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक के घर के बाहर 11 हजार वोल्ट का बिजली तार टूटकर गिरा हुआ था जिसे वह देख नहीं पाया और उसके संपर्क में आते ही गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद रिजवान ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

# व्यवसायी से 97 हजार रूपये की धोखाधड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एक कंपनी के संचालक से 97 हज़ार रूपये धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन समर्पित किया है। इस संबध में शौण्डिक शीप मैनेजमेंट प्रा. लि. के संचालक मदनपुर निवासी रवि शंकर कुमार ने कहा कि कंपनी को एक हजार एमटी कोयला कोयलवरी से महाराष्ट्र भेजने के लिए काम मिला है। ट्रक, टेलर बुक कराने के लिए ऑनलाइन जुरीडीयल इंक्वायरी किया। एक दिन के बाद बीआरएल लौजिस्टिक एलटीडी मोबाइल नंबर से फोन आया जिसमें अपना नाम विनोद मिश्रा बताया। इसके बाद रेट दिया गया। जब मेरे द्वारा कंपनी से पेपर मांगें तो उसने पैन कार्ड, जीएसटी, बैंक चेक, कांट्रेक्टर पेपर आदि कागजात भेज दिया जिससे विश्वास बढ़ गया। तब मैंने उसके कंपनी वीआरएल लौजिस्टिक एलटीडी कंपनी के खाते में 97 हजार रूपये अपने कंपनी शौण्डिक शीप मैनेजमेंट प्रा. लि. के बैंक खाते से ट्रांसफर कर दिया। खाते में रूपये ट्रांसफर होते ही उसने मोबाइल बंद कर लिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# चार शिक्षकों को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों के चार शिक्षकों को राज्यस्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह रविवार को महर्षि विश्वामित्र विश्वविद्यालय, डुमरांव के संत पाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कुटुंबा प्रखंड के मध्य विद्यालय घेउरा की शिक्षिका रमीना कुमारी, देव प्रखंड के मध्य विद्यालय बालूगंज के शिक्षक डॉ. शशिभूषण सिंह, गोह प्रखंड के मध्य विद्यालय महदीपुर की शिक्षिका सुमन कुमारी और ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय ओबरा के शिक्षक सुनील कुमार प्रजापति शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि सम्मानित शिक्षकों ने विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके उत्कृष्ट कार्यों और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए राज्यस्तरीय मंच पर सम्मानित किया गया। समारोह में डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह, प्रोफ़ेसर डॉ. शोभा सिंह और विजय प्रताप सिंह ने सभी सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति प्रदान की। अतिथियों ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। राज्यस्तरीय सम्मान मिलने से शिक्षकों में उत्साह है। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के सम्मान से शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर एवं नवाचारी कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। विधायक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने से शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार होगा।

# सावन में बढ़ी हरी चूड़ियों की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सावन माह में जिला मुख्यालय समेत प्रखंड क्षेत्रों के बाजारों में पारंपरिक श्रृंगार की रौनक देखने को मिल रही है। खासकर हरी चूड़ियों की खनक से बाजार गुलजार हो उठे हैं। वर्षों से चली आ रही परंपरा के कारण सावन में चूड़ियों, मेहंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री की बिक्री में काफी वृद्धि होती है। इस बार भी जिले के मदनपुर, खिरीयावा, शिवगंज और वार बाजार के चौक-चौराहों पर स्थित चूड़ी दुकानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। सावन में हरे रंग का विशेष महत्व माना जाता है। यही कारण है कि इस महीने हरी चूड़ियों की मांग सबसे अधिक रहती है। मांग बढ़ने के साथ ही कीमतों में भी इजाफा देखा जा रहा है। वर्तमान में हरी चूड़ियां 80 से 100 रुपये प्रति दर्जन तक बिक रही हैं। बावजूद महिलाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। दुकानों पर अलग-अलग डिजाइन और रेंज की चूड़ियां उपलब्ध होने से खरीदारी भी बढ़ गई है। भारतीय संस्कृति में सावन का महीना हरियाली, प्रेम और सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है।

# विभिन्न अपराधों में 60 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 35 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 54 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इस दौरान 82 लीटर देसी शराब, 120 टाटा डीईएफ की नकली भरी बाल्टी, 56 खाली बाल्टी, 92 ढक्कन, चार स्टीकर, 50 किलोग्राम यूरिया एवं एक कार जब्त किया गया है। वहीं 33 वारंटों एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1167 वाहनों की जांच की गई जिससे 20500 रूपये शमन की राशि वसूली गई। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा माली थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी जयराम पांडेय को 47002 रूपये एवं नगर थाना क्षेत्र के अलीनगर निवासी शाहजेब खान को 17000 रूपये वापस लौटाए गये है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 16 अगस्त को चौरसिया दिवस मनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चौरसिया दिवस समारोह को सफ़ल और ऐतिहासिक बनाने के लिए रविवार को विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि यह कार्यक्रम 16 अगस्त को औरंगाबाद शहर के सम्राट अशोक सभागार में आयोजित होगा जिसकी तैयारियां ज़ोर-शोर से की जा रही है। कार्यक्रम में कई दिग्गज शामिल होंगे। इस अवसर पर जिले के प्रतिभाशाली छात्रों और नौजवानों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लगाव रखने वाले बच्चों को मंच दिया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए चौरसिया समाज के अध्यक्ष



अभिषेक रंजन एवं सचिव सोहन प्रसाद चौरसिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य चौरसिया समाज की एकता, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास पर मंथन, राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक पहचान को मजबूत बनाना और युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिले में भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान समाज के लोगों से समारोह की रूपरेखा पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक दीघा विधायक संजीव कुमार चौरसिया, डालटेनगंज विधायक आलोक चौरसिया, नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी हाजीपुर देव कुमार चौरसिया, पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य विनोद भगत, पूर्व विधान परिषद सदस्य नामचद्र भारती सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। बैठक में कमिटी के प्रदीप चौरसिया, जिला पार्षद सदस्य सह संयोजक सुरेन्द्र चौरसिया, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, अनिल कुमार, संरक्षक वंशीधर, रामचंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार एवं बसंत कुमार मौजूद रहे।

# बीमार पति की तलाश में भटक रही महिला

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के वार गांव निवासी गीता देवी अपने लापता पति मोहन चौहान की तलाश में रविवार को रफीगंज पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति मोहन चौहान करीब तीन वर्ष पहले पोलियो से ग्रसित हो गए थे और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ चल रहे हैं। इसके कारण परिवार के लोग उनकी सुरक्षा को लेकर पहले से चिंतित रहते थे। गीता देवी के अनुसार 8 अगस्त की सुबह करीब सात बजे मोहन चौहान बिना किसी को बताए घर से निकल गए। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों के अलावा संभावित ठिकानों पर भी उनकी काफी तलाश की लेकिन अब तक उनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

